राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 04 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 68, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

दामाद ने वृद्ध सास को धोखा में रखकर कराया बैनामा, एसपी से शिकायत...03

प्रशासन लेखपालों का उत्पीड़न कर रहा है, बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन- रणधीर यादव 12

बदायूं में जामा मस्जिद या नीलकंठ महादेव मंदिर 10 दिसंबर को सुनवाई।

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि बदायूं में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद के मामले में मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अमित कुमार के न्यायालय में सुनवाई हुई। इसमें इंतजामिया कमेटी की तरफ से अधिवक्ताओं ने दलील रखी। कहा यहां शुरू से ही नमाज होती आ रही है। पुरातत्व विभाग में भी यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख लगा दी। हिंदू नेता मुकेश पटेल ने साल 2022 में मस्जिद में महादेव मंदिर होने का दावा किया था। कोर्ट में आज इस बात पर बहस पूरी नहीं हुई।

बदायूं की जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि पहले यहां नीलकंठ महादेव मंदिर था। यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार की कोर्ट ने इस मामले में मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद 3 दिसंबर की तारीख दी थी। कोर्ट में 8 अगस्त 2022 से इस मुकदमे में सुनवाई चल रही है। पहली बार यह मामला 2022 में सामने आया था। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल की ओर से दावा किया गया कि जामा मस्जिद की जगह पहले नीलकंठ महादेव मंदिर था। कोर्ट में याचिका दाखिल कर यहां पूजा-अर्चना की अनुमति के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि जिस जगह जामा मस्जिद है वहां पहले नीलकंठ महादेव का मंदिर हुआ करता था। इसके पुख्ता सबूत भी मौजूद हैं। याचिका में कहा गया कि आज भी यहां मूर्तियां, पुराने खंभे और सुरंग मौजूद हैं। पहले यहां तालाब भी होता था। जब मुस्लिम आक्रांता आए तो मंदिर तोड़ा गया। दावा किया जाता है कि यहां शिवलिंग मौजूद था जिसे फेंक दिया गया। बाद में दो संत उसे लेकर आए और थोड़ी दूर पर मंदिर बनाकर स्थापित किया। यहां आज भी पूजा होती है।

याचिका में कहा गया कि सूचना व जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कराई जाने वाली पुस्तक में दिए गए इतिहास में भी इस तथ्य के होने का तर्क रखा है। वहीं देश पर आक्रमण करने वाले राजाओं के इतिहास के बारे में जानकारियों समेत कई अन्य तथ्य प्रेषित किए हैं। बता दें कि बदायूं की जामा मस्जिद देश की सबसे बड़ी मस्जिदों की श्रेणी में शुमार है और यह सातवीं सबसे बड़ी मस्जिद है। दिल्ली की जामा मस्जिद के बाद देश की तीसरी पुरानी मस्जिदों में भी इसे गिना जाता है। हिंदू महासभा के मुकेश पटेल ने दावा किया है कि कुतुबुद्दीन ऐबक के समय में यहां मंदिर था। तब इसे तोड़कर मस्जिद बनाया गया। 1875 से 1978 तक के गजट में इसके प्रमाण मौजूद हैं। मुस्लिम पक्ष की ओर से दावा किया गया है कि यह मस्जिद 850 साल पुरानी है। तब वहां कोई मंदिर मौजूद नहीं था। जामा मस्जिद के आसपास के मुस्लिम समुदाय के लोग मानते है कि गुलाम वंश के सुल्तान शम्सुद्दीन अल्तमश ने 1223 ईसवी में अपनी बेटी राजिया सुल्तान की पैदाइश पर इस मस्जिद का निर्माण कराया था। राजिया सुल्तान पहली मुस्लिम शासक बनी। कोर्ट में सरकारी पक्ष और पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में सरकार की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश हो चुकी है। वहीं शाही मस्जिद कमेटी की तरफ से भी बहस पूरी कर ली गई है। पुरातत्व विभाग ने इसे राष्ट्रीय धरोहर बताया। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय धरोहर से 200 मीटर तक सरकार की जगह है। कोर्ट इस मामले में इंतजामिया कमेटी, यूपी सेंटर सुन्नी वक्फ बोर्ड, भारत सरकार, मुख्य सचिव यूपी, पुरातत्व विभाग और डीएम बदायूं को नोटिस जारी कर जबाव मांग चुका है।

अजमेर दरगाह के बाद अब मस्जिद 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' पर भी दावा अदालत में अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर अभी फ़ैसला आया भी नहीं है कि पास की एक और मस्जिद को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अजमेर में ऐतिहासिक 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' के लिए भी इसी तरह की मांग फिर से उठाई गई है। यह राज्य और देश की सबसे पुरानी मस्जिदों में से एक है। अजमेर के उप महापौर नीरज जैन ने दावा किया है कि यहाँ एक संस्कृत महाविद्यालय और मंदिर होने के साक्ष्य मिले हैं। हालाँकि, इसका दावा अभी तक अदालतों तक आगे नहीं बढ़ा है, लेकिन कुछ लोग लगातार इस मुद्दे को हवा देने में लगे हैं। मई महीने में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कुछ जैन मुनियों के दावे और दौरे के बाद उस स्थल पर एएसआई सर्वेक्षण की मांग की थी। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के साथ दौरा किया था। उन्होंने दावा किया था कि उस स्थान पर कभी एक संस्कृत विद्यालय और एक मंदिर हुआ करता था। गौरतलब है कि राम मंदिर आंदोलन को देखते हुए 1991 में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पारित किया गया था. तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।इस एक्ट के मुताबिक 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता है। अगर कोई धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ कर उसका मूल स्वरूप बदलना चाहे तो उसे तीन साल की कैद और जुर्माना हो सकता है।

इसके बावजूद देश की निचली अदालतें बार-बार प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को भुला क्यों रही हैं? जब्कि राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद के फैसले में इस एक्ट को देश को जोड़ने वाला बताया गया था।तब अदालत ने कहा था- पूजा स्थल अधिनियम संविधान के मूलभूत मूल्यों की रक्षा और सुरक्षा करता है। लेकिन राम मंदिर फैसले के कुछ वक्त बाद ही मथुरा, काशी और अब संभल की शाही जामा मस्जिद पर विवाद शुरू हो गया. ऐसा क्यों? इन सबके बातों के पीछे एक नाम है जिसकी चर्चा हो रही है.. वो हैं पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़. इन पर आरोप है कि इनकी एक मौखिक टिप्पणी यानी कि फैसला नहीं सिर्फ बात ने बहुत से मुद्दों को हवा दे दी है।

मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट किसी संरचना के धार्मिक चरित्र का पता लगाने पर रोक नहीं लगाता है। अर्थात यहां तर्क ये है कि भले ही 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता है। लेकिन वहां पर क्या था ये पता लगाने पर रोक नहीं है।

महाराष्ट्रः सोलापुर में पुलिस और प्रशासन ने मतपत्र से मतदान रोका?

महाराष्ट्र की मालशिरास सीट के एक गांव में पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद गांव वाले मान गए हैं और उन्होंने बैलेट पेपर से प्रतीकात्मक पुनर्मतदान की अपनी जिद छोड़ दी है। दरअसल इस गांव के लोगों ने ईवीएम पर शंका जाहिर की थी और बैलेट पेपर से फिर से चुनाव कराने की मांग की थी। ग्रामीणों की जिद के बाद मालशिरास के एसडीएम ने सोमवार को ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत गांव में निषेधाज्ञा लागू कर दी थी। यह निषेधाज्ञा पांच दिसंबर तक लागू रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए।

अब पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने नरम रुख अपनाया और पुनर्मतदान की अपनी योजना छोड़ दी। एनसीपी एसपी नेता और सीट से विजेता उत्तम जानकर ने कहा कि 'पुलिस के साथ बैठक के बाद, हमने ग्रामीणों के साथ चर्चा की। उनकी राय थी कि अगर प्रशासन मतदान नहीं होने देगा, तो पुलिस और निवासियों के बीच अराजकता और संघर्ष होगा और परिणामस्वरूप, मतदान प्रक्रिया नहीं होगी और लोग मतदान केंद्र छोड़ देंगे।' जानकर ने कहा कि पुलिस प्रशासन के रुख को देखते हुए, ग्रामीणों ने 'मतदान' प्रक्रिया को रोकने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'हालांकि, हम अन्य तरीकों से अपना विरोध जारी रखेंगे। हम इस मुद्दे को चुनाव आयोग और न्यायपालिका जैसे विभिन्न अधिकारियों के पास ले जाने की कोशिश करेंगे और जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, हम नहीं रुकेंगे।"

सोलापुर जिले के मालसिरस विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मरकडवाड़ी गांव के निवासियों ने बैनर लगाकर दावा किया था कि 3 दिसंबर को ÷पुनर्मतदान÷ होगा। यह गांव मालसिरस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां 20 नवंबर को हुए राज्य चुनाव में एनसीपी (शरद पवार) के उम्मीदवार उत्तम जानकर ने भाजपा के राम सातपुते को 13,147 वोटों से हराया था, जिसके नतीजे 2 नवंबर को घोषित किए गए थे। हालांकि उत्तम जानकर ने सीट जीत ली, लेकिन मरकडवाड़ी निवासियों ने दावा किया कि उन्होंने सतपुते के खिलाफ कम वोट डाले, जो संभव नहीं था। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर संदेह जताया। स्थानीय लोगों की ÷पुनर्मतदान÷ योजना के कारण किसी भी संघर्ष या कानून और व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए मालसिरस उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ने सोमवार को क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 2 से 5 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक (मालसिरस डिवीजन) नारायण शिरगावकर ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों और एनसीपी (शरद पवार) नेता जानकर के साथ एक विस्तृत बैठक की। उन्होंने कहा, "हमने उन्हें कानून की प्रक्रियाएं समझाई और यह भी चेतावनी दी कि अगर एक भी वोट डाला गया तो मामले दर्ज किए जाएंगे।"

उत्तम जानकर ने कहा कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और ग्रामीणों के साथ भी चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने "पुनर्मतदान" योजना रद्द कर दी। एनसीपी (सपा) नेता ने कहा कि हमने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, जिन्होंने कहा कि वे मतदान केंद्र पर सभी सामग्री जब्त कर लेंगे और मामले दर्ज करेंगे। उन्होंने कहाकि पुलिस के साथ बैठक के बाद, हमने ग्रामीणों के साथ चर्चा की। उनकी राय थी कि यदि प्रशासन मतदान नहीं होने देगा, तो पुलिस और निवासियों के बीच अराजकता और संघर्ष होगा और परिणामस्वरूप, प्रक्रिया नहीं हो पाएगीष लोग मतदान केंद्र पर भी नहीं आएंगे। पुलिस प्रशासन के रुख को देखते हुए, ग्रामीणों ने "मतदान" प्रक्रिया को रोकने का फैसला किया।" उन्होंने कहा, "हालांकि, हम अन्य तरीकों से अपना विरोध जारी रखेंगे। हम इस मुद्दे को चुनाव आयोग और न्यायपालिका जैसे विभिन्न अधिकारियों के पास ले जाने की कोशिश करेंगे और जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, हम नहीं रुकेंगे।"

स्थानीय निवासी रंजीत मरकड ने दावा किया था कि मतदान के दिन गांव में 2,000 पात्र मतदाता थे और उनमें से 1,900 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। उन्होंने बताया कि "गांव ने पहले हमेशा उत्तम जानकर का समर्थन किया था, लेकिन इस बार, ईवीएम के माध्यम से वोटों की गिनती के अनुसार, जानकर को 843 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार सतपुते को 1,003 वोट मिले। यह संभव नहीं है और हमें ईवीएम पर भरोसा नहीं है। इसीलिए हमने मतपत्रों के जरिए पुनर्मतदान कराने का फैसला किया।"

यह पहला मौका नहीं है, जब ईवीएम पर इस तरह का संदेह जताया गया हो। इस बार मामला ज्यादा ठेस है। हरियाणा के नतीजे तो एग्जिट पोल की भविष्यवाणी के मुकाबले बहुत उल्टे आये थे लेकिन वहां अचानक भाजपा जीत गई। हरियाणा के नतीजों को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने मानने से इनकार कर दिया था। हरियाणा में भी कई गांवों ने इसी तरह की बात कही कि उन्होंने जिसे वोट दिया, उसकी जगह भाजपा प्रत्याशी जीत गया, जबकि उन्होंने वोट भाजपा को नहीं दिया था। अब महाराष्ट्र को लेकर भी यही चर्चा है कि यहां चुनाव को सत्तारूढ़ पार्टी ने लूट लिया है। एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि ईवीएम के नतीजे संदिग्ध हैं। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मतपत्र का इस्तेमाल करके पुनर्मतदान के लिए जिला प्रशासन से संपर्क किया था, लेकिन अनुरोध खारिज कर दिया गया था। हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र चुनावों में, महायुति ने राज्य की 288 सीटों में से 230 सीटें जीतीं, जिसमें भाजपा 132 सीटों पर विजयी रही, इसके बाद शिवसेना 57 और अजीत पवार की एनसीपी 41 सीटों पर विजयी रही।

महा विकास अघाड़ी, जिसमें शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, सिर्फ 46 सीटें हासिल करने में कामयाब रही। इस वर्ष जून में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में एनसीपी (एससीपी) के उम्मीदवार धैर्यशील मोहिते को गांव से 1,021 वोट मिले थे, जबकि संसदीय चुनाव हारने वाले सतपुते को केवल 466 वोट मिले थे। ग्रामीणों का दावा है कि यह अंतर गांव में वास्तविक मतदान प्रवृत्ति को दर्शाता है।

तीन दिन पहले, गांव वालों ने गांव में नकली पेपर बैलेट चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया। पूर्व सरपंच अमित वाघमोड़े ने द वायर को फोन पर बताया, "भले ही यह प्रक्रिया नकली चुनाव के लिए थी, लेकिन हम चुनाव प्रक्रिया का मज़ाक नहीं उड़ा रहे थे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि लोग बिना किसी संदेह के चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा कर सकें।"इस चुनाव के लिए, ग्रामीणों ने तहसीलदार से संपर्क करने और उचित अनुमति लेने का फैसला किया। "हम नहीं चाहते थे कि इस प्रक्रिया को राज्य की अवज्ञा के रूप में देखा जाए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में हमारे छोटे से योगदान के रूप में देखा जाए।" हालांकि, अनुमति देने से इनकार कर दिया गया।रिटर्निंग अधिकारी ने गांव में मतदान केंद्र स्थापित करने के उनके अनुरोध को भी यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

संक्षिप्त ख़बरें

गन्ने के खेत में पहुंचा अजगर, वन विभाग की टीम ने पकड़कर झील में छोड़ा

लखीमपुर खीरी/सिंगाही।दुधवा नेशनल पार्क के बफरजोन की बेलरायां रेंज की नौरंगाबाद बीट में एक गन्ने के खेत में बड़ा अजगर देखे जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे पकड़ लिया और जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। मंगलवार को ग्रामीण गन्ने के खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर नौरंगाबाद के निकट एक गन्ने के खेत में घूम रहे अजगर पर पड़ी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने इसकी खबर वन क्षेत्राधिकारी नार्थ बेलरायां को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे बथुआ बीट के वाचर हकीमुद्दीन व अख्तियार अली ने अजगर को पड़कर नींबुआ झील में छोड़ दिया।

पंपिंग सेट के इंजन में फंस कर किशोरी घायल

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मल्हवार गांव में मंगलवार की दोपहर पंपिंग सेट इंजन पर पानी पीने गई कुमकुम पुत्री अजोरे(16) वर्षीय किशोरी इंजन में फंस कर घायल हो गई। मनरेगा में चल रहे कार्य को करते समय प्यास लगने पर कुछ ही दूरी पर वह बगल के खेत में चल रहे पंपिंग सेट इंजन पर पानी पीने गई थी, जहां इंजन की चपेट में आकर घायल हो गई,घायल कुमकुम को परिजन वेवां सीएचसी ले गये,जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देख बस्ती के लिए रेफर कर दिया। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मल्हवार गांव के पश्चिम उत्तर पीडब्ल्यूडी रोड से नहर तक मनरेगा से मिट्टी पटाई का कार्य कराया जा रहा था।मनरेगा का कार्य करने गई कुमकुम को प्यास लगी,तो वह बगल के खेत में चल रहे पंपिग सेट इंजन पर पानी पीने गई,इसी बीच कुमकुम चल रहे इंजन के कपलिंग की चपेट में आ गई। कुमकुम की चीख सुन कर जबतक काम कर रहे मजदूर पहुंचे तब तक कुमकुम बेहोश हो गई।आनन - फानन में परिजन उसे वेवां सीएचसी ले गये,जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख बस्ती के लिए रेफर कर दिया। उपचार के बाद कैली बस्ती के डाक्टरों ने हालत चिंताजनक देख मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

मरघाट की जमीन पर अवैध कब्जा, भारतीय बजरंग दल का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर। जनपद के तहसील मुख्यालय जलालाबाद मे मंगलवार को दिन के 11:00 बजे भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रदेश महामंत्री भारतीय बजरंग दल मुनिराजसिंह के नेतृत्व में एकत्र हुए जहां उन्होंने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कीऔर हिंदुओं की मरघट की जमीन कब्जा मुक्त करने को लेकर तखतिया लहराई। और उन्होंने कहा कि जब तक हिंदुओं के मरघट की जमीन पर से कब्जा नहीं हटाया जाएगा जब तक वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। तहसीलदार पैगाम हैदर व सीओ अजयकुमार राय आंदोलनकारी को समझाने गए परन्तु उनकी कोशिश नाकाम रही। जलालाबाद तहसील के गांव रौली बौरी में घाटा संख्या 339 मरघट की जमीन है तत्कालीनपूर्व प्रधान जो की एक समुदाय से थे उन्होंने जानबूझकर 1989 में इस मरघट की जमीन को आबादी घोषित कर दी की तहसील प्रशासन के माध्यम से ही हुआ। हिंदुओं के लिए आरक्षित मरघट की जमीन पर एक समुदाय के लोगों ने अवैध रूप से मकान बना लिया और रहने लगे कुछ हिस्सा अभी भी खाली है। जब इसकी भनक हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को लगी तो 2020 से वह लगातार लोगों की मरघट की जमीन को आबादी घोषित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं मरघट से कब्जा हटाए जाने की मांग करने लगे।भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 4 नवंबर 2024 को तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर एक समुदाय विशेष के लोगों के अवैध कब्जे हटाए जाने की मांग की थीजिस पर पर उन्होंने 15 दिन के अंदर जमीन को कब्जा हटाए जाने के निर्देश तहसील जलालाबाद के प्रशासन को दिए थे.. परन्तु आज तक कब्जे नहीं हटे एक महा समय बीतने ने के बाद अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। धरने पर बैठने की खबर मिलते ही क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय व तहसीलदार पैगाम हैदर आंदोलनकारी को समझाने आए तब उन्होंने कहा कि वह लिखित रूप से एक समय दे दे हमको 15 दिन में अभिलेखों में मरघट की जमीन को पुनः दर्ज कर अवैध कब्जा हटा देंगे इसके बाद ही वह धरने से हटेंगे।.इसके बाद वह अपने ऑफिस चले गए।इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से मणिराज सिंह विवेक मिश्रा पुष्कर अग्निहोत्री अमित दीक्षित समर्थ शुक्ला अनुपम गुप्ता समर्थ शुक्ला सौरभ सिंह अभिषेक वर्मा विपिन सिंह छोटू सुरजीत सिंह शैलेंद्र गुर्जर बाबा रामशरण पुरी सहित 50 से अधिक लोग करने पर बैठे हुए हैं जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन के हाथ पैर फुले हुए हैं।

स्वच्छता अभियान को नजर अंदाज कर रहे जिम्मेदार

● स्वच्छता अभियान पर खुलेआम लग रहा पलीता

निघासन खीरी जनपद खीरी की निघासन, रमिया बेहड ब्लॉक में ग्राम पंचायत में तैनात स्वच्छता कर्मचारी ब्लॉकों के ऑफिस में बैठकर कागजों के साथ कर रहे हैं अपनी ड्यूटी डीपी आर ओ की मिली भगत से सफाई कर्मचारी नदारत आखिर जिलाधिकारी महोदय से क्यों नहीं संभाली जा रही जिले की कमान सफाई कर्मियों पर अंकुश लगाने में जिलाधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी भी हो रहे नाकाम आखिर ग्राम पंचायत में हुई गंदगी व नालियों की कौन करें सफाई आखिर किसने दिया यह अधिकार की सफाई कर्मी सरकारी दफ्तरों में काट रहे मौज क्या इसकी अनुमति जिला अधिकारी ने दिया या फिर मुख्य विकास अधिकारी ने दिया या फिर देखा जाए तो डीपीआरओ ने दिया। खुलेआम सरकार के पैसों की हो रही भ्रष्टाचारी जिस पर खीरी जिलाधिकारी महोदय के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी भी लगाम लगाने में नाकाम। ग्राम पंचायत में फैली भारी संख्या में गंदगी को तैनात सफाई कर्मी नहीं कर रहे सफाई। गंदगी से ग्रामीणों में फैल रही अनेक प्रकार की बीमारियां ।आखिर किस चीज का वेतन ले रहे सफाई कर्मी क्यों नहीं ध्यान दे रहे मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी। ग्राम पंचायत में फैली गंदगी की वजह से फैल रही अनेक प्रकार की बीमारियां लेकिन फिर भी योगी जी के स्वच्छता अभियान को जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी डीपीआरओ लगा रहे खुलेआम पलीता भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में नाकाम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी।

नगर पंचायत कार्यालय बना सपा का गढ़, सभासद ने लगाये ईओ पर गंभीर आरोप।

● वार्ड नंबर 9 के सभासद सतीश त्रिपाठी ने अधिशासी अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा।

स्वतंत्र प्रभात

शंकरगढ़ (प्रयागराज) प्रयागराज जनपद के नगर पंचायत शंकरगढ़ में 2 साल बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत शंकरगढ़ में हो रहे भ्रष्टाचार और अधिशासी अधिकारी के मनमाने रवैयै के खिलाफ वार्ड नंबर 9 राजा कोठी के सभासद सतीश कुमार त्रिपाठी ने अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उप जिला अधिकारी बारा से शिकायत की है। और लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए कहां है कि अधिशासी अधिकारी समाजवादी पार्टी के लोगों को प्राथमिकता देकर पूरे नगर पंचायत कार्यालय को समाजवादी पार्टी का कार्यालय बना दिया है। यहां तक कि जिन ठेकेदारों को टेंडर मिलता है वो भी सपा से तालुकात रखते हैं और उन्हीं के आसपास की गलियों में केवल काम कराया जाता है। लगातार कई सालों से टाउन एरिया शंकरगढ़ में काम के नाम पर अधिकारियों द्वारा मोटी रकम कमाई जा रही है और विकास कार्य के नाम पर शंकरगढ़ कोशों दूर चला गया है। सदर बाजार हो या वार्डो की स्थिति नाली से लेकर सड़क तक सब टूटे हुए और गड्ढे में तब्दील हो चुके है। हर तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है लेकिन अधिशासी अधिकारी अपनी मनमानी करने के आगे सभासदों के वार्डों में काम नहीं करवा रहे हैं।वार्ड नंबर 9 के सभासद सतीश त्रिपाठी ने जब अपने वार्ड में हो रहे बिना टेंडर के कार्य के बारे में वर्क आर्डर मांगा तो अधिशासी अधिकारी आग बबूला हो गए और उन्होंने धमकी भरे लहजे में बोलते हुए कि मनमाने ढंग से काम कराऊंगा सभासद के मन से नहीं।

दलाल और अधिशासी अधिकारी मिलकर कर रहे हैं शंकरगढ़ को खोखला

नगर पंचायत कार्यालय में दिन पार्टी विशेष के लोगों का ही जमावड़ा लगा रहता है दिन अधिशासी अधिकारी अपने ही दलालों को पूरे नगर क्षेत्र में सक्रिय रखते हैं और और उनकी अनुपस्थिति में उनके दलाल ही पूरे क्षेत्र में अवैध वसूली, भ्रष्टाचार वाले कामों में कमीशन वसूली करके मोटी रकम कमा रहे हैं और पूरे शंकरगढ़ नगर पंचायत को भ्रष्टाचार के गर्त में डालकर क्षेत्र का नहीं बल्कि अपना और अपनी मनपसंद राजनीतिक पार्टी के लोगों का भरपूर विकास कर रहे हैं यही कारण है कि सभासद ने साफ शब्दों में अधिशासी अधिकारी को कटघरे में खड़ा किया है और आरोप लगाया है कि वर्तमान भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए भ्रष्टाचार चरम सीमा तक पहुंचा रहे हैं और वार्डों में काम ना कर करके भाजपा सरकार के प्रति जनता के मन में काम ना करके गुस्सा पैदा कर रहे हैं। सभासद ने नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी की मनमानी रोकने के लिए और दलालों कों कार्यालय में प्रतिबंधित करने के लिए संबंधित अधिकारियों और उत्तर प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है। जिससे नगर पंचायत कार्यालय में हो रही भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियों पर लगाम लगाई जा सके और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों कि तनाशाही खत्म किया जा सके।

हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार बर्दास्त नहीं -जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

● हिन्दू रक्षा समिति के बैनर तले आज आज विरोध प्रदर्शन कर सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में आज मुख्यालय स्थित जिला पंचायत से कलेक्ट्रेट परिसर तक हिन्दू रक्षा समिति के बैनर तले हजारों की संख्या में हिन्दू भाइयों ने बांग्ला देश में हो रहे अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य की उपस्थित में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी को ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित किया की हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा और इस्कान मन्दिर के हिन्दू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रम्हचारी की गिरफ्तारी को लोग भारत में सड़कों पर उतर आए हैं हालांकि बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इस बात से बार-बार इनकार करती रही है कि वहां अल्पसंख्यकों पर कोई सुनियोजित हमला हुआ है लेकिन हकीकत किसी से छिपी नहीं इस मौके पर तमाम हिन्दू संगठन के अध्यक्ष व हिन्दू वादी नेता व तमाम हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

केंद्रीय मंत्री से मिला फार्मासिस्टों का प्रतिनिधिमंडल

बस्ती। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल से एक प्रतिनिधिमंडल मिला। यह जानकारी देते हुये एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार ने यहां बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिड्युल के को समाप्त कराने, होलसेल मेडिकल पर भी फार्मासिस्ट की अनिवार्यता, नेशनल हेल्थ पॉलिसी 2017 के बिंदु 11.4 के तहत सीएचओ भर्ती के लिए फार्मासिस्ट को ब्रिज कोर्स के लिए अहर्य किए जाने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए जाने सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया।केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि फार्मासिस्टों के सभी मुद्दों पर अमल किया जायेगा। बताया कि प्रतिनिधि मण्डल में मोहित कुमार मंडल उपाध्यक्ष आगरा, सुभाष रायकवार बुलेंदखणड आई.टी. सेल अध्यक्ष, धीरज शर्मा, विनीत पुरोहित, नयन शर्मा, पंकज मिश्रा, वीरेन्द्र पुरोहित, धनंजय दुवे, सुरेंद्र पटेल, उत्कर्ष मिश्रा, सतेंद्र राजपूत, राजेन्द्र राजपूत, कृष्णकांत तिवारी, विक्रम चौबे, देशपत यादव, अनेकेश राजपूत, सत्यम झा, अनुराग सेन, विनय सेन, यश मालवीय आदि फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

धर्मशाला में शोक सभा का हुआ आयोजन किया

अम्बेडकरनगर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से स्थानीय बाजार में स्थित बाजार जायसवाल धर्मशाला में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विगत दिनों उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री रहे ओम शंकर सोनी की लम्बी बीमारी के बाद देहांत हो जाने पर व्यापारियों गहरा दुःख जताया और कहा कि श्री सोनी के निधन से जो अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है। लोकसभा में उपस्थित व्यापारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्वर्गीय महामंत्री श्री सोनी के पुत्र चंदन सोनी ,व व्यापार के अध्यक्ष प्रभात सिंह, ग्राम प्रधान विक्रम यादव,कोषाध्यक्ष शिव शंकर अग्रहरि ,अभिमन्यु अग्रहरि, रामू अग्रहरि, सोनू अग्रहरि, जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह, प्रेम अग्रहरि, उपेन्द्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, सुरेश सोनी, गोकुल जायसवाल, आदि सहित सैकड़ों व्यापारियों ने पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

नवीन मत्स्य सहकारी समिति की बैठक संपन्न

मीरजापुर। मंगलवार को पंचायत भवन विजयपु्र मे नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति की आवश्यक बैठक मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक पूरनलाल के नेतृत्व मे संपन्न किया गया। बैठक मे मछुआ समुदाय के लोगो को मत्स्य पालन और समिति के गठन की आवश्यक जानकारी दी गयी.।बताया कि समिति मे 27सदस्यों का गठन किया जाएगा। मत्स्य समुदाय की पहली बैठक मंगलवार को हुई इसी तरह से तीन बैठक होने के बाद.समिति का गठन किया जाएगा ।और ग्राम पंचायत ,न्याय पंचायत, और जिला पंचायत क्षेत्रों मे तालाबों के पट्टा मे बरीयता दी जाएगी।और सरकार की मंशा के अनुसार मछुआ समुदाय के लोगो को रोजगार से जोडने का प्रयास है।

स्वर्ण आर्मी टीम गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

बांदा। जिले के गिरवा थाना अंतर्गत दुर्गापुर सोहाव गाँव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहाँ प्रमोद मिश्रा नामक एक व्यक्ति 29 नवंबर से लापता है। उनकी माता रेखा देवी ने बताया कि प्रमोद को आखिरी बार दुर्गापुर गेट पर एक गाँव के व्यक्ति द्वारा देखा गया था, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला है। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह मामला और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि प्रमोद की बहन रोशनी की शादी 9 दिसंबर को होने वाली है, और प्रमोद ही शादी के सभी इंतजाम देख रहा था। सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने इस मामले में संज्ञान लिया है और प्रमोद की माता को आश्वासन दिया है कि सवर्ण आर्मी टीम रोशनी की शादी के लिए मदद करेगी। उम्मीद है कि प्रमोद जल्द ही सुरक्षित घर वापस आएगा और उसकी बहन की शादी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकेगी।

दिव्यांग दिवस पर पुष्प वर्षा कर कंबल वितरित किय- आत्म विश्वास से दिव्यांग जन भी सफलता का कीर्तिमान रचते हैं - नितेश शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले मे मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सोनहा डाकबंगले पर अक्षय वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से युवा विकास समिति, रूरल अवरनेश फ़ॉर कम्युनिटी इवोलूशन तथा विवेकानंद लोक विकास संस्थान के तत्वावधान में दिव्यांगों में कंबल वितरण तथा पुष्प वर्षा करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूरल अवरनेश फ़ॉर कम्युनिटी इवोलूशन के अध्यक्ष नितेश शर्मा ने कंबल वितरित करने के पश्चात दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग होना खुद के हाँथ में नहीं है परंतु दिव्यांग होकर भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान रचना अपने हाँथ में हैं। कहा कि दिव्यांगता आपके जीवन की कठिनता को बढ़ा देती है। फिर भी कुछ ऐसे दिव्यांग हैं, जो दिव्यांगता को अपनी उपलब्धियों के रास्ते में अड़चन नहीं बनने देते। आत्म-विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत होती है। उनकी हिम्मत उन्हें सफलता और शोहरत तक पहुँचाती है। युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पांडेय ने कहा कि दिव्यांग समाज के सक्षम व्यक्तियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। परिस्थितियों के विपरीत होने पर भी दिव्यांगजन अपने हौसलों से कामयाबी की उड़ान भरते हैं।

उन्होने बताया की भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के अधीन संचालित नेशनल ट्रस्ट द्वारा दिब्यांगता के क्षेत्र में मानसिक मंदित, सेरेब्रल पालसी, स्वलीनता व बहु दिब्यांगता वाले दिब्यांग जनो हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया द्य कार्यक्रम का संचालन करते हुए विवेकानंद लोक विकास संस्थान के सचिव राधेश्याम चौधरी ने दिब्यांगजनों हेतु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया द्य इस अवसर पर 179 दिव्यांग जनों को कंबल वितरित किया गया। कला लोक संस्था की अध्यक्ष माधुरी पांडेय, सुरेंद्र सिंह, रामभारत यादव, विपिन कुमार, आकाश चौधरी, अमृता, किशलावती, सीमा, चमेली देवी, साक्षी, शांति देवी, नोहरी देवी, कबूतरा, फूलचंद्र, जोगेन्दर, हिर्दयलाल, राम प्रसाद, बहादुर, मरियम, पंन्नू, सुभाष चंद्र, राम तेज, घिसियावन, रामनेवास, ओमप्रकाश, राजितराम की मौजूदगी रही।

बस्ती जनपद में बेसिक शिक्षा अधिकारी की मिलीभगत से जनपद के पी0एम0 श्री विद्यालयों के निर्माण में लग रहा मोरंग की जगह सफेद बालू

● - खण्ड शिक्षा अधिकारी व डी0सी0 निर्माण भी बंदरबांट में मस्त

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले मे इसे चूक कहें या मिलीभगत माननीय प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल पी0एम0 श्री विद्यालयों के निर्माण में जमकर लूट मची हुई है और उनके निर्माण में मोरंग की जगह सफेद बालू का प्रयोग कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को तार - तार करने का सिलसिला जारी है सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्ति का ढिंढोरा पीट रही है लेकिन भ्रष्टाचारी माननीय प्रधान मंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट वाले पी0एम0 श्री विद्यालयों को चपत लगाने से कोई गुजेर नहीं कर रहे हैं। जनपद में भ्रष्टाचार का नशा अधिकारियों के सिर इस कदर चढ़ कर बोल रहा है कि पी0एम0 श्री विद्यालयों के निर्माण में खुलेआम मोरंग की जगह सफेद बालू का प्रयोग हो रहा है। सूत्रों की माने तो वर्तमान में चल रहे पी0एम0 श्री विद्यालयों के ज्यादातर निर्माण कार्य बेसिक शिक्षा अधिकारी व डी0सी0 निर्माण के ठेकेदारी प्रथा से हो रहा है , वास्तविक निर्माण समिति अर्थात विद्यालय प्रबन्ध समिति को निर्माण कार्यों के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। जब निरीक्षण करने वाले जिम्मेदार खुद ठेकेदारी में सम्मलित होकर बालू से निर्माण कराएंगे तो फिर निरीक्षण कैसे होगा। निर्माण कार्य में मोरंग की जगह बालू के प्रयोग से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं परन्तु कमीशनबाजी में मस्त बेसिक शिक्षा अधिकारी व डी0सी0 निर्माण के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रहा है।

एक सप्ताह के भीतर न्याय न मिला तो अनिश्चित कालीन धरना देगी सरदार सेना- बृजेश पटेल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती । बस्ती जिले मे समूह की महिलाओं को धोखा देकर ऋण निकाल लेने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को पीड़ित महिलाओं ने सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी और सर्वेश चौधरी सियरापार के नेतृत्व में शास्त्री चौक पर एक दिवसीय धरना देने के बाद जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि धोखाधड़ी की शिकार हुई महिलाओं को ठगों के विरूद्ध कार्रवाई कर रूपया वापस दिलाया जाय। आरोपियों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर उनके सम्पत्ति की नीलामी कराकर बैंकों का ऋण जमा कराया जाय। सरदार सेना के नेताओं ने चेतावनी दिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर पीड़ित महिलाओं को न्याय न मिला तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा।

धरने को सम्बोधित करते हुये सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि समूह की महिलाओं को भ्रम में रखकर उनके नाम पर कर्ज लेकर डकार जाने वाले लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाय और पीड़ित धोखाधड़ी की शिकार हुई महिलाओं को धन वापस कराया जाय। कहा कि कि जनपद के अनेक क्षेत्रों में समूह की महिलाओं को उद्यमी बनाने का लालच देकर उनके नाम पर करोड़ो रूपये निकाल लिये गये और महिलाओं के घर अब बैंको से वसूली की नोटिस आ रही है। इससे समूह की महिलायें और उनके परिजन परेशान हैं। बृजेश पटेल ने कहा कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की गनेशपुर निवासिनी मीना पत्नी राकेश, राकेश पुत्र राम मूरत, अरविन्द पुत्र राधेश्याम, सोनी पत्नी अरविन्द आदि पहले समूह का ग्रुप बनाती थी। फैक्ट्री खोलने और उसमें साझेदार बनाने का झांसा देकर अनेक महिलाओं को जालसाजों ने बैंकों का कर्जदार बना दिया। महिलाओं को इसकी जनकारी तब हुई जब बैंकों से वसूली के लिये पत्र आने लगे और उन पर कर्ज जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। अनेक घरों में इसे लेकर पारिवारिक कलह का माहौल है। जालसाजी का शिकार हो चुकी परेशान महिलायें न्याय के लिये भटक रही है। मांग किया कि महिलाओं को न्याय दिलाया जाय। विभिन्न बैंकों बंधन बैंक, भारत बैंक, वंदना बैंक, मिड लैंड, कमल बैंक, एक्सिस बैंक, ग्रामीण कोटा, सामदूजा बैंक, उत्कर्ष बैंक, आई0 डी0 एफ0 सी0 बैंक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, आर0 बी0 एल0 बैंक, टाटा बैंक से लोन करवाकर रूपया हड़प लिया है। महिलायें परेशान हैं।

ज्ञापन सौंपने वालों में सर्वेश चौधरी, अखिलेश प्रजापति, आकाश सम्राट, रवि प्रकाश चौधरी 'रवि', सुनील पटेल, अभिषेक चौधरी, मीना देवी, अनीता, अखिलेश चौधरी, पूजा, चांदनी, रीता देवी, विन्दवासिनी देवी, उर्मिला, प्रदीप यादव 'राजा भैया', कपिला, माधुरी, पिकूं चौधरी, संदीप निषाद, चन्द्रगुप्त मौर्य, सोहन कुमार, दीपक आर्य, पूजा देवी, ज्योति, ऊषा देवी, राजकुमार, गोलू पटेल, आकाश पटेल, शिव चौधरी, माधुरी, अनीता देवी, शहजाद आलम, अभिषेक मौर्य, रागिनी देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, राजेश्वरी देवी, रागिनी, बबुना देवी, शीला, मीरा के साथ ही बड़ी संख्या में सरदार सेना के पदाधिकारी और धोखाधड़ी की शिकार हुई समूह की महिलायें शामिल रहीं।

फर्जी अभिलेखों के आधार पर बैनामा करने का आरोप, जिलाधिकारी से फर्जी बैनामा को निरस्त कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले केनगर पंचायत नगर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुए बैनामा को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता से निरस्त करने की मांग रीता देवी पत्नी अरविंद जायसवाल ने किया है। रीता देवी पत्नी अरविंद जायसवाल ने आरोप लगाया है कि प्रार्थिनी गाटा संख्या - 2543 रकबा 0.101 हे0 में नगर खास के बैनामेदार है। प्रार्थिनी के गाटे में जुम्मन पुत्र पाचू मृतक है जिनके विरासत का विवाद चकबंदी अधिकारी सी ओ हरैया के न्यायालय में विचाराधीन है। पूर्व में मो0 रजा पुत्र खुडबुड़ ने फर्जी तरीके से 30.07.2018 को अपने नाम आदेश पारित करा लिया था जो दिनांक 07.11.2022 को निरस्त हो गया है और विपक्षी नम्बर 01 मो0 रजा का स्वामित्व व अन्तरण करने का समाप्त हो गया। प्रार्थिनी ने आकार पत्र 23 भाग एक की प्रति सब रजिस्टार बस्ती को दिया समय सुबह 11ः00 बजे दिनांक 09.11.2024 को दिया और विक्रय पत्र की रजिस्ट्री रोके जाने हेतु उस पर रजिस्टार साहब कह रहे थे कि यह राजस्व का मामला है आप लोग दस्तावेज के बावत अदालत में मुकदमा लड़ना यहां से कुछ नही होगा। यहाँ रजिस्ट्री कर दिया जायेगा। मृतक जुम्मन पुत्र पाँचू के बावत वाद चकबंदी अधिकारी सी0ओ0 हरैया के यहां मो0 रजा के साक्ष्य में चल रहा है जिसमें तारीख पेशी 19.11.2024 थी जो अब 10.12.2024 नियत है। स्वामित्व का प्रलेख व अधिकार के अभाव में विपक्षी द्वारा अन्तरण व बैनामा न तो किया जा सकता है, न ही उपनिबन्धक को बैनामा की पंजीयन करने का कोई अधिकार नही है। उस पर भी मो0 रजा पुत्र खुड़बुड़ ने रीना पत्नी अनिल कुमार नगर खास के नाम से बैनामा (रजिस्ट्री) करवा दिया गया जबकि दिनांक 30.07.2018 के मुकदमा में नाम चढ़ाने में फर्जीवाड़ा भी करके नाम चढ़वाये है। उसमें नाम मो0 रजा है जबकि बैनामा करते समय हस्ताक्षर भी अहमद रजा के नाम से उर्दू में किये है। तथा 07.11.2022 मे ही सी0ओ0 हरैया चकबंदी अधिकारी ने ही नाम खारिज कर दिया जिसका अमलदरामद सहायक चकबंदी अधिकारी मूड़घाट ने प्रार्थिनी द्वारा कराया जा चुका है। पुनः मो0 रजा का नाम निरस्त कर जुम्मन पुत्र पाँचू का नाम अंकित कर गया है। फिर भी नाम न रहने के बावजूद फर्जी तरीके से 1.209हे0 की रजिस्ट्री तीनों तरफ चकमार्ग नेशनल हाईवे पर लिये है। जो न्यायोचित नहीं है। मो0 रजा पुत्र खुड़बुड़ निवासी खड़ौवाजाट ने रीना पत्नी अनिल कुमार निवासी नगरखास को फर्जी रूप से बैनामा (रजिस्ट्री) कर दिये है। जिसको खारिज दाखिल करने से रोका जाय तथा फर्जी रजिस्ट्री कैसिंल करवाने की भी मांग किया गया है। इस सम्बंध में क्रेता मोहम्मद रजा पुत्र खुड़बुड़ ने बताया कि जो जमीन हमने दूसरे के नाम से बैनामा किया है वह जमीन हमारे नाम से पुराने खतौनी में दर्ज है। चकबन्दी होने के कारण नई आनलाइन खतौनी नही निकल रहा है। यदि हमारे द्वारा ब्रिकी की गई जमीन फर्जी है तो जिम्मेदार आधिकारियों द्वारा जांच कर हमारे खिलाफ कार्रवाई करे हमे कोई आपत्ति नहीं है। उक्त प्रकरण में रजिस्ट्रार ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि खतौनी में विक्रेता का नाम दर्ज था इसी आधार पर बैनामा हुआ है। शिकायत कर्ता आपत्ति न्यायालय में दाखिल करे गलत पाये जाने पर बैनामा निरस्त होगा।

शुरू होने से पहले ही चोरी हुई खिड़की और दरवाजे

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला (बलरामपुर)- विकास खण्ड उतरौला के ग्राम देवरिया अर्जुन में बने स्वास्थ्य उपकेंद्र शुरू होने के पहले उसके दरवाजे खिड़कियां चोरी हो गई। इसका घटिया निर्माण होने से निर्माणदाई संस्था ने अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया है। विकास खण्ड उतरौला के ग्राम देवरिया अर्जुन व आसपास के हजारों ग्रामीणो के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए शासन ने पचासों लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण की स्वीकृति पांच वर्ष पूर्व दी थी। इसके भवन निर्माण के लिए जिले से स्वास्थ्य विभाग ने टेन्डर कार्यदाई संस्था को दे दिया। संस्था ने इस भवन के निर्माण में जमकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया। भवन के घटिया सामग्री से निर्माण होने से दीवाल की प्लास्टर टूट गई है। संस्था से लगाए गए खिड़कियां व दरवाजे को चोरो ने आसानी से निकाल ले गए। शौचालय के टैंक व शौच का पाट लगाया ही नहीं गया है। पानी आपूर्ति का कोई इंतजाम नहीं है। इसमें वाटर सप्लाई पाइप को नहीं लगाया गया है। निर्माण में राप्ती नदी का बालू ज्यादा मिलाकर निर्माण भवन का किया गया है। इससे दीवाल जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। निर्माण दाई संस्था ने घटिया निर्माण किए जाने से इसका हस्तांतरण स्वास्थ्य विभाग को नहीं किया है। इससे हजारों ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं के लिए पांच किलोमीटर दूर उतरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला अधीक्षक सी पी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को भवन हस्तांतरित न होने से उसकी देखरेख विभाग नहीं कर रहा है। ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों की शिकायत पर उसकी रिपोर्ट जिले के अधिकारियों को भेज दी गई है।

बार एसोसिएशन उतरौला में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता दिवस

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला(बलरामपुर)-भारत मे वकालत की गरिमा हर दौर में बना रहा है स्वतन्त्रता संग्राम में वकीलों से अधिक योगदान किसी और पेशे के नही रहा है।स्वतंत्रता संग्राम से लेकरआज के इस युग मे मानवतावादी विचारो के लिये अधिवक्ता प्रयासरत है। यह बात अधिवक्ता दिवस पर आयोजित अधिवक्ता दिवस पर संघ भवन उतरौला में कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन योगेश चौधरी ने कही। वकील ने हर युग मे मानवता के हितार्थ कार्य किया हैऔर संघर्ष में भी पीछे नही रहे।अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने कहा कि अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी है, भारत की न्याय व्यवस्था अधिवक्ताओ के काम पर टिकी हुई है।अधिवक्ताओ को अधिक से अधिक किताबो का अध्ययन करना चाहिये। अधिवक्ता दिवस पर 70 वर्ष के वरिष्ठ अधिवक्ताओ सुशील श्रीवास्तव, चन्द्रदेव उपाध्याय, सैय्यद इसरार हुसैन,राम सागर वर्मा, बाबूराम यादव व बृज किशोर लाल को बार ऐशोशियशन ने 49 हजार रुपये का चेक अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कानून के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान करने वाले 15 अधिवक्ताओ शिव राम मिश्र, अब्दुल कय्यूम, रमेश गुप्त, सुधीर श्रीवस्त्व,ओम प्रकाश श्रीवस्त्व, असलम खान, मुस्तफा हुसैन, भूपेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, वैभव चतुर्वेदी, गयासुद्दीन खान आदि को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। बार ऐशोशियशन के बाइलॉज (अंग्रेजी)से हिंदी रूपांतर करने पर युवा अधिवक्ता तुलसी राम यादव को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री अमित श्रीवस्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रभान मिश्र, अजीत सिंह, रवि मिश्र,शम्भू लाल गुप्त, रघुवंश सिंह, अनीसुल बाबू, मुस्लिम खान, रमेश चतुर्वेदी, मोहिब, विनीश गुप्ता, अजित मौर्य, सोनू गुप्ता, आशीष कसौधन, निजामुद्दीन अंसारी, आरिफ सिद्दीकी, शहबाज फजल खान, आरिफ खान, संतराम वर्मा, अरनभ सिंह, कैश, आरिफ खान, राधेश्याम यादव, रवि गुप्त, दीपक गुप्ता अखिल श्रीवास्तव, आलोक गुप्त, प्रवीण कुमार, दिनकर, नसीम अहमद व मारुति नन्दन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने लोहिया भवन के सामने हवाई पट्टी के नजदीक स्थापित किए जा रहे टैंक टी - 55 के स्थापना कार्यों का किया भौतिक निरीक्षण, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लोहिया भवन के सामने हवाई पट्टी के नजदीक स्थापित किए जा रहे टैंक टी - 55 के स्थापना कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टैंक के डेंटिंग- पेंटिंग कार्यों को तीव्र गति से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। टैंक के फाउंडेशन के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा आसपास साफ- सफाई और बेहतर करने के निर्देश दिए। अवगत कराना है कि वर्ष 1958 में भारतीय सेना की सेवा में आए इस टी-55 टैंक का निर्माण रूस में हुआ। यह टैंक 1965 और 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना को परास्त करने वाला है। 1950 के दशक में बना टी-55 सबसे प्रभावी टैंकों में शामिल है। यह टैंक अभी भी कई देशों में सीमा की सुरक्षा संभाल रहा है। यह 04-05 दिसंबर 1971 को लोंगेवाला की लड़ाई में दुश्मनों पर काल बनकर गरजता रहा। टी - 55 टैंक में युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम व देश की सुरक्षा से जुड़े जज्बे का प्रतीक है। 1971 में इस टैंक के जरिये ही फख-ए-हिन्दू मेजर जनरल हनुवंत सिंह के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना पर मौत बन टूट पड़ा था। इसी टैंक के कदमों में पाकिस्तानी सेना के 93 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण करते हुए घुटने टेके थे। यह दुनिया का सबसे ताकतवर टैंक था। सामरिक शक्तिः 12.7 एमएम की एंटी एयर क्राफ्ट गन और 7.62 एमएम मशीनगन, 100 एमएम की मुख्य तोप राइफल गन से लैस यह टैंक 35 से 40 राउंड लगातार फायर कर सकता है। यह जमीन से आसमान तक दुश्मन और उसके जहाजों को मार गिराने की क्षमता वाला है। यह 50 डिग्री सेल्सियस के तापमान में रेतीले टीलों पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता रहा है और कम पानी में भी यह चलने की क्षमता वाला है। 580 हार्सपावर का इसका इंजन 400 किलामीटर तक एक बार में ईंधन फुल कर लगातार चल सकता है। तोप की बेरल के साथ नौ मीटर तथा बिना बैरल के 6.27 मीटर लंबे, 3.15 मीटर चौड़े, 2.4 मीटर ऊंचे इस टैंक का वजन 36 टन है। टैंक के सामने के हिस्से पर 120 एमएम, बगल 80 एमएम एवं पीछे 45 एमएम की मोटी लोहे की चादर इसे अभेद बनाती है, इस टैंक में चालक समेत चार सैनिक सवार होतें हैं।

टैंक की विशेषताएं

निर्मित- रूस, इंजन - 580 हॉर्सपावर, स्पीड -50 किलोमीटर प्रति घंटा, ईंधन क्षमता - 680 लीटर, लंबाई -31 फीट, चौड़ाई -11 फीट, ऊंचाई -7 फीट, वजन -36 टन, बैरल बोर - 100 एमएम, एंटी एयर क्रॉफ्ट -12.7 एमएम, मशीन गन- 7.62 एमएम, टैंक में गालों की संख्या-34-45, बैठने की क्षमता - चार सदस्य, फ्रंट ग्लेशिस थिकनेस - 120 एम एम, साइड थिकनेस - 80 एम एम, रियर थिकनेस - 45 एम एम, टरट थिकनेस - 200 एम एम, सेना की सेवा में टैंक का जीवन - 35 वर्ष।

विवेचक ने साक्ष्यों को दरकिनार कर किया अभियुक्तों का बचाव

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जिला एवं सत्र न्यायालय के सीजेएम कोर्ट में समाजसेवी सत्यम श्रीवास्तव ने 156/3 वाद दायर किया जिसमें मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर 18 नवंबर 2021 को कोतवाली अकबरपुर में 13 अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 514/2021 धारा 419, 420, 467, 468,471, 472 व 506 में दर्ज हुआ जिसमें अभियुक्तों नें गिरफ्तारी से बचने के लिए जिला जज कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर किया तो इसमें उक्त मुकदमे के विवेचक रामबली सिंह यादव ने जो कमेंट रिपोर्ट/आपत्ति जिला जज कोर्ट में दाखिल किया उसमें अभियुक्तों के किये गुनाह का जिक्र करते हुए विरोध किया तथा जिला जज ने विवेचक रामबली सिंह यादव के उक्त आपत्ति रिपोर्ट एवं गुनाह को सही देखते हुए अभियुक्तों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दिये इसके बाद उक्त मुकदमे के वादी समाजसेवी सत्यम श्रीवास्तव ने साक्ष्य हेतु जनसूचना आवेदन से जो प्रमाणित साक्ष्य प्राप्त किया उसकी छायाप्रति एवं अग्रिम जमानत खारिज के नकल की छायाप्रति संलग्न कर पंजीकृत डाक से प्रेषित किया पर विवेचक को अभियुक्तों का बचाव करना था तो साक्ष्यों को न संलग्न किया गया और न ही केस डायरी में उसका कहीं जिक्र किया गया क्योंकि विवेचक रामबली सिंह यादव को तो हरिश्चंद्र, दिनेशचंद्र, रामसहाय, रघुनाथ, मिट्ठू लाल, रमेशचंद्र, शिवपूजन, विमला देवी, आज्ञाराम, अभियुक्तों का करना था।

बचाव जबकि वादी मुकदमा सत्यम श्रीवास्तव ने की बार पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को शपथपत्र और शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत डाक से इस आशय का प्रेषित किया था कि विवेचना को स्थानांतरित कर किसी अन्य से विवेचना उक्त मुकदमे की करायी जाये क्योंकि विवेचक रामबली सिंह यादव अभियुक्तों से अनैतिक लाभ लेकर उनको बचाने का प्रयास कर रहे हैं, पर पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने उक्त शपथपत्र और शिकायती प्रार्थना पत्र पर संज्ञान नहीं लिया और वादी मुकदमा सत्यम श्रीवास्तव के बातों को क्षेत्राधिकारी सदर अकबरपुर और पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर नगर ने न सुनी और हुआ वहीं जिसका अंदाजा पहले से ही लगाया गया वादी मुकदमा ने सारे कागजी साक्ष्य प्रमाणित उपलब्ध कराया उसको नजरंदाज कर केवल अभियुक्तों के और अभियुक्तों को संरक्षण देने वाले लोगों के मौखिक बातों को मानते हुए उपनिरीक्षक रामबली सिंह यादव ने किया गया अभियुक्तों का बचाव जिससे अभियुक्तगण का मनोबल अब इतना बढ़ गया है कि कभी भी और कहीं वादी मुकदमा सत्यम श्रीवास्तव व उनके परिवार को जान माल का खतरा उत्पन्न कर सकते हैं इससे वादी मुकदमा सत्यम श्रीवास्तव ने कहा है यदि समयान्तर्गत साक्ष्यों को शामिल कर पुनः विवेचना प्रारम्भ कर अभियुक्तों को उनके किये की सजा दिलाये जाने की कार्यवाही अम्बेडकर नगर पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त मुकदमे में न की गई तो मजबूरन सत्यम श्रीवास्तव को आईजी और डीजीपी तथा मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त मुकदमे में कार्यवाही के लिए याचना करना पड़ सकता है।

जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में स्थापित की जा रही भगवान श्री राम के मूर्ति स्थापना से संबंधित समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने श्रवण क्षेत्र धाम के पर्यटन विकास कार्यों का किया निरीक्षण। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां पर स्थापित की जा रही भगवान श्री राम जी की मूर्ति एवं पार्क से संबंधित कार्यों में अधिक से अधिक मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर तेजी से कराने तथा समस्त कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम की पौराणिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर पर्यटन सुविधाएं प्रदान करने हेतु वहां पर किए जा रहे पार्क एवं पर्यटन विकास के अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मूर्ति के फिनिशिंग कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने मूर्ति के पास विकसित किया जा रहे पार्क के कार्यों को भी तेजी से कराने तथा पार्क में आगंतुकों के बैठने हेतु आकर्षक बेंच एवं प्रकाश हेतु आकर्षक स्ट्रीट लाइट आदि लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुसार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एवं स्थानीय रोजगार का सृजन करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा श्रवण क्षेत्र मेला की तैयारी का भी जायजा लिया तथा उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को मेले में बिना अनुमति के किसी भी झूले को नहीं लगने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान मेलार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा संपूर्ण मेला परिसर में नियमित बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित रखी जाए।

संक्षिप्त ख़बरें

बीईओ नोडल अधिकारी नामित

हरदोई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध मे परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिला परियोजना कार्यालय मे कन्ट्रोल रूम गठित किया गया है, जिसमे खण्ड शिक्षा अधिकारी हरदोई को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य के साथ तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का किया गया आयोजन

तम्बाकू सेवन से कई तरह की बीमारियां जन्म लेती है जो प्राणघातक साबित हो सकती है- डॉ0 एहतिशाम

सीतापुर जनपद की सीएचसी तंबौर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में डॉक्टर के द्वारा पहुंच कर राष्ट्रीय तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव व नुकसान के बारे में बताते हुए प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। गौरतलब है, तंबौर सीएचसी में तैनात डॉक्टर एहतिशाम (शानू) के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों जैसे मतुआ, धनपुरिया, सिरकिडा, पलौली, सोहरिया, करमूडीह आदि विद्यालयों में पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गयी और राष्ट्रीय तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का आयोजन करते हुए नौनिहालों को नशीले पदार्थ से दूर रहने के बारे बताया गया वही तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से कई तरह के कैंसर होने का खतरा, दिल का दौरा पड़ने का खतरा, स्वसन सम्बन्धी समस्या, मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ कई तरह का बुखार होने आदि का खतरा बढ़ जाता है जो कभी कभी प्राण घातक साबित हो सकता है। आप लोग यहां से जब अपने अपने घर पहुंचे तो गांव व घर पर जो भी नशे का सेवन करता मिले उसे नशा छोड़ने के बारे कहते हुए तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे ज़रूर बताएं। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के साथ अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

सामाजिक पत्रकार एसोसिएसन की मासिक बैठक का आयोजन

लखनऊ। आलमबाग में सामाजिक पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन लाटूश रोड स्थित एक होटल में किया गया।जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी नव वर्ष 2025 में होने वाले एक बड़े आयोजन की चर्चा की गई। जिसमें समाज के डॉक्टर,वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवियों तथा अन्य वर्गों का सम्मान किया जाएगा। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार साझा किए।जिन लोगों ने संगठन की नई सदस्यता ली।उन सभी को नियुक्ति पत्र और माला पहना करके उनका स्वागत किया गया।संरक्षक राजेंद्र गुप्ता,संरक्षक अरविंद सोनकर,संरक्षण दानिश सिद्दकी ,रीता नाथ जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,आशीष बाजपेई कनिष्ठ उपाध्यक्ष,अध्यक्ष सुभाष चंद्र, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, महामंत्री प्रियंका वैश्य, सचिव गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप, जिला अध्यक्ष अमर मिश्रा,एल ऐन गौतम जिला वरिष्ठ महामंत्री, ललित सक्सेना सरोजिनी नगर ब्लॉक महामंत्री,संतोष कुमार वर्मा सरोजिनी नगर ब्लॉक अध्यक्ष,संगठन मंत्री अमित श्रीवास्तव मुख्यरूप से उपस्थित।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने एक ही गांव से नियुक्त किया महासचिव एवं सचिव

बरेली/राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष निशाकत अल्वी ने संगठन को मजबूत करने के लिए विकास खंड भुता के गांव फैजनगर के निवासी जाहिद हुसैन को पार्टी का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है इसी क्रम में इसी गांव के अंचल कुमार को जिला सचिव



के पद पर नियुक्त किया गया है इनकी नियुक्ति पर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने के लिए दोनों व्यक्तियों को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी का दायित्व सोपा गया है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी को शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे इस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी के साथ ही निर्देशों पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इन लोगों का चयन किया गया है।

विद्युत निगमों का संयुक्त उद्यम बनाए जाने के लिए प्रबंधन और अभियंता जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पूर्वांचल विद्युत निगम वाराणसी व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का निजी कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाए जाने से संविदा कर्मियों की छटनी की संभावना को देखते हुए विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को लखनऊ सहित प्रदेश के हर ज़िले में सत्याग्रह आन्दोलन किया गया। अधीक्षण अभियंता कार्यालय एचएएल पर संविदा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने बताया कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन से हुई वार्ता में स्पष्ट कर दिया गया है कि कार्यरत संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी और सेवा मे निरन्तरता की गारंटी के बग़ैर निगमों के स्वरूप में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के विरूद्ध संविदा कर्मियों द्वारा आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी ।उन्होंने संविदा श्रमिकों को न्यूनतम 22000 एवं लाइनमैन और कम्प्यूटर आपरेटर को 25000 वेतन दिए जाने और सेवा अवधि की उम्र 58 वर्ष किए जाने सहित सात लम्बित मांगों का जल्द निपटारा किए जाने की मांग की।

वरिष्ठ मज़दूर नेता और विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के अध्यक्ष आर एस राय ने चेयरमैन से अपील करते हुए कहा कि गत वर्ष मार्च मे विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति द्वारा की गई हड़ताल में शामिल होने के कारण निलंबित किए गए अभियंताओं और अवर अभियंताओं की हाल मे की गई बहाली की तरह सेवा से बर्खास्त संविदा कर्मियों को भी पुनः काम पर वापस लेने पर विचार किया जाए। उन्होंने ऊर्जा निगमों की वर्तमान स्थिति के लिए प्रबंधन के साथ ही इंजीनियरों को भी ज़िम्मेदार ठहराया।

सत्याग्रह में प्रभारी पुनीत राय सहित जिला अध्यक्ष लखनऊ उत्पादन निगम अध्यक्ष सतीश तिवारी, शिवरतन , धर्मेंद्र कुमार भारती, धनंजय गुप्ता, पंकज यादव, अनु श्रीवास्तव, दिलीप यादव, अनूप यादव, वीरेंद्र मुसाफिर, दयाराम, अरविंद, अनूप शर्मा, अनिल, अश्वनी, पंकज, अनिल गुप्ता, गुड्डू मिश्रा, राजा, हरिनाथ, रामकुमार, मन्नान और राजेश आदि लोग शामिल थे।

विश्व दिव्यांगजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम में जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला एवं अपर जिला जज व सचिव भूपेंद्र प्रताप जी के सक्षण में विश्व दिव्यांगजन दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज हरदोई में किया गया शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महोदय के द्वारा की गई शिविर मे पीएलबी कीर्ति कश्यप के द्वारा दिव्यांग जनों को शासन द्वारा दिए जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और उन्हें विकलांग पेंशन के बारे में बताया गया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दी जा रही निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं आगामी लोक अदालत 14 दिसंबर के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की गई शिविर में पीएलवी कीर्ति कश्यप श्यामू सिंह एवं दिव्यांगजन और आम जनमानस अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

दामाद ने वृद्ध सास को धोखा में रखकर कराया बैनामा, एसपी से शिकायत



स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा- पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल को वृद्ध महिला ने कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र देकर न्याय पाने की आस लगाई है।मामला थाना क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम बंधवा निवासिनी वृद्ध महिला पूनम देवी पत्नी हृदय राम ने आरोप लगाया है। महिला का कहना है।कि मैं घर पर अकेली थी।यह जानकार मेरे ही दामाद शिव शंकर निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीरगंज घर आकर मुझसे कहा कि तुम आंखों से नहीं देख रही हो। मेरे साथ चलो आंख वाले डॉक्टर को दिखावा कर दवा दिलवा देंग। उनकी बातों में आकर वृद्ध महिला सास को ले जाकर तरबगंज तहसील में उसके आराजी का बैनामा करा लिया ।जबकि महिला का कहना है कि उस समय घर पर अकेली थी।मेरे बेटे और बहु अस्पताल में थे। छोटी बहु की डिलेवरी थी,वह भी डॉक्टर को दिखाने गई थी।इसी का फायदा उठा कर दामाद ने मेरे साथ धोखा किया है।आंखों से मै देख नहीं सकती हूं।इस वजह से मेरी जमीन का बैनामा करा लिया गया है।पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

ऐतिहासिक चटर्जी परेड ग्राउंड में अग्निवीरों ने देश की सेवा करने की शपथ ली

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ/फतेहगढ़, 03 दिसंबर 2024 सिख लाई रेजिमेंट सेंटर फतेहगढ़ का ऐतिहासिक चटर्जी मैदान 03 दिसंबर 2024 को अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड का गवाह बना। कर्तव्य, उत्साह और जोश से भरे 189 अग्निवीर उनका 31 सप्ताह का सैन्य प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भारतीय सेना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए।अग्निवीर लवप्रीत सिंह ने पासिंग आउट परेड का नेतृत्व किया। सिख लाई रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर एमके जैन ने परेड की समीक्षा की, जिसमें अग्निवीरों के बीच ड्रिल, टर्नआउट, अनुशासन और जोश के उत्कृष्ट मानकों का प्रदर्शन किया गया। परेड को संबोधित करते हुए सेंटर कमांडेंट ने सिख लाई रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि आप सभी को अपने पूर्वजों की तरह सफल बनना है और हमेशा सच्चे दिल से मातृभूमि की सेवा और रक्षा करनी है।

सेना देश का गौरव है इसलिए आपका आचरण, अनुशासन और योग्यता दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत होनी चाहिए। उन्होंने अग्निवीरों को युद्ध की नई तकनीकी विकास के प्रति सचेत रहने की सलाह दी और बताया कि भविष्य के युद्ध नई तकनीक पर ही आधारित होंगे, इसलिए तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता। प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीर लवप्रीत सिंह को ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ, अग्निवीर साहिलप्रीत सिंह को फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ, अग्निवीर कुलवंत सिंह को शारीरिक प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ और अग्निवीर प्रियांशु पाल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेंटर कमांडेंट द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया। सेंटर कमांडेंट से मेडल पाकर जवान उत्साहित दिखे। पासिंग आउट परेड के मौके पर सिख लाई रेजिमेंट सेंटर के अधिकारी और विभिन्न राज्यों से आए अग्निवीरों के परिजन भी मौजूद रहे।

टीबी मरीजों के इलाज में नियमित दवाओं के सेवन के साथ पोषण भी जरूरी- सीएमओ

● - निक्षय पोषण योजना के तहत दिए जाते हैं इलाज के दौरान हर माह एक हजार रूपये

एचसीएल फाउन्डेशन और रीच संस्था संडीला और अहिरोरी में बांटीं कुल 1187 पोषण पोटली

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया है कि साल 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य में अब कुछ समय ही बाकी है। इसको लेकर सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में एचसीएल फाउन्डेशन और रीच संस्था के सहयोग से दो ब्लाक संडीला और अहिरोरी में इस साल जनवरी महीने से "टीबी एलिमिनेशन एवं डिमॉन्स्ट्रेशन" प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसके तहत इन दो ब्लाक में फरवरी से अब तक कुल 1187 टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गयी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टीबी मरीजों के इलाज में जितना महत्व नियमित दवाओं के सेवन का होता है उतना ही महत्व प्रोटीनयुक्त पौष्टिक तत्वों का होता है इसलिए मरीजों को जहाँ पोषण पोटली दी जाती है वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान टीबी मरीजों के खाते में 1000 रूपये दिए जाते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अखिलेश बाजपेयी ने बताया कि टीबी मरीजों को प्रोटीन, विटामिन और फैट का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

इसलिए पोषण पोटली में मूंगफली, सोयाबीन, भुना चना, गुड़, सरसों का तेल और खजूर दिया जाता है। टीबी मरीजों में दवा सेवन के साथ पोषण पर जोर इसलिए रहता है क्योंकि पोषण गुणवत्ता पूर्ण जीवन को बढ़ाता है। अगर व्यक्ति दवाओं के साथ लागतार प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो उसमें दवा सेवन के प्रतिकूल प्रभाव कम देखने को मिलते हैं। ठीक होने के बाद टीबी दोबारा होने की सम्भावना कम हो जाती है। दवाओं का अवशोषण बेहतर होता है और वह जल्द प्रभावी होती है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि पूरे जनपद में इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 10,932 टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन हुआ है।

बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में सुलतानपुर में जनआक्रोश सभा, भारी संख्या में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात

सीनियर रिपोर्टर - सत्य प्रकाश पाठक

सुलतानपुर (यूपी) बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार के विरोध में आज सुलतानपुर के तिकोनिया पार्क में जनआक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। हिंदू रक्षा समिति, विश्व हिंदू परिषद, और अन्य प्रमुख हिंदू संगठनों के आह्वान पर आयोजित इस सभा के बाद एक विशाल जनसैलाब ने पथ भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोकने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई।

जनआक्रोश सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद सुलतानपुर की जिलाध्यक्ष डॉ. निशा सिंह ने कहा, "बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार किसी भी सूरत में सहन नहीं किए जाएंगे। यह केवल हिंदू समाज पर हमला नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है।" जिला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह ने कहा, "हम इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने की मांग करते हैं। सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।"

सभा में अन्य वक्ताओं ने भी बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया और हिंदू समाज से एकजुट होकर इस मुद्दे पर आवाज बुलंद करने की अपील की। जनआक्रोश सभा के बाद लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से पथ भ्रमण करते हुए अपने विरोध को दर्ज कराया और सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की।

80 प्रतिशत पर निपुण घोषित होगा विद्यालय- योगेन्द्र सिंह

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। डायट प्राचार्य योगेन्द्र सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं रूचिकर शिक्षा की व्यवस्था शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों में कक्षा अनुरूप अधिगम दक्षताओं के विकास हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं गणितीय योग्यता के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा निपुण भारत अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में उत्साहजनक वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा एक व दो के बच्चों का निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से निपुण लक्ष्य लर्निंग आउट कम पर आधारित आंकलन का प्रथम चरण दिसम्बर में आयोजित किया गया है। जिन विद्यालयों की उक्त कक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे निपुण पाये जायेगें उन्हें विभाग द्वारा निपुण विद्यालय घोषित किया जायेगा। जनपद के 955 शिक्षक संकुल के मूल चयनित विद्यालय, 70 एआरपी द्वारा प्रति एआरपी चयनित 10 विद्यालय, एसआरजी द्वारा चयनित 2 विद्यालय, डायट मेण्टर द्वारा चयनित 20 विद्यालय तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा चयनित 20 विद्यालयों सहित जनपद के कुल 1697 विद्यालयों के साथ ही स्वप्रेरित अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा नामांकित विद्यालयों का आकलन माह दिसम्बर में प्रस्तावित है। निपुण विद्यालय आकलन का उद्देश्य विद्यालयों मे बेहतर एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का सृजन करना है। उन्होंने समस्त शिक्षकों से कहा है कि अपने विद्यालय को प्रेरणा पोर्टल पर माह दिसम्बर में आकलन हेतु नामांकित करे जिससे जनपद के अधिकाधिक विद्यालय विकासखण्ड माह दिसम्बर में ही निपुण विद्यालय व विकासखण्ड के रूप में घोषित हो सकें एवं प्रदेश में जनपद अग्रिम पंक्ति में स्थान पा सके। जनपद में निपुण विद्यालय आकलन में आने वाली समस्याओं के समाधान एवं शिक्षकों के सहयोग हेतु जनपद स्तरीय समिति गठित की गयी है।

संगठन आज जिलाधिकारी व जिलापूर्ति अधिकारी को सौपेगा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। जिला अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा जो मुख्यमंत्री के नाम से दिया जाना है।अतः सभी जिला पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष और ज्यादा से ज्यादा संख्या में कोटेदार बन्धुओं की उपस्थिति अनिवार्य है।समय 10 बजे जिला अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन 11बजे जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पर दिया जाएगा। प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति व राम लखन सिह यादव जिला अध्यक्ष सीतापुर के मार्गदर्शन में ज्ञापन सौंपा जायेगा।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया गेंद अब प्रदेश सरकार के पालें में केन्द्र सरकार डाल दी हैं उनके द्वारा साफ कह दिया गया है कि हम कमीशन नहीं बढा सकते हैं। राज्य सरकार चाहे तो वह कमीशन बढा सकतीं हैं। तों एक बात तो साफ हो चुकी है कि जों भी करना है अब उत्तर प्रदेश सरकार को करना है। इसलिए हम सबका सारा जोर उत्तर प्रदेश सरकार पर लगाना हैं। चाहे जैसे सरकार मानें। पिछले दो महीने में जों आप लोगों द्वारा ज्ञापन का कार्यक्रम हर जिलों में किया गया उससे सरकार पर बहुत ज्यादा जोर पड़ा है। लेकिन वह धारा 163 लगाकर उसको टाल दिया। लेकिन संगठन फिर से उसी को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम 5 फरवरी को किया जाना सुनिश्चित किया हैं।यह सबसे अच्छा पहल है। इससे सरकार को फिर एक बार सोचना पड जायेगा।कि प्रदेश के कोटेदार अब मानने वाले नहीं हैं। तों आप लोगों से अपील है कि 4दिसम्बरको प्रदेश के हर जिले से एक साथ फिर से 5 फरवरी के कार्यक्रम का ज्ञापन दिया जाय। तथा अधिक से अधिक संख्या बल के साथ दिया जाना चाहिए। क्योंकि ज़िले से लेकर

लखनऊ तक इसकी आवाज पहुंचे। इसलिए सभी प्रदेश पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी ब्लाक पदाधिकारी अपने अपने जिलों में समस्त कोटेदार साथी को सूचित करके जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपे। राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह प्रदेश महासचिव गिरीश तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के निर्देशन पर।

... और जब सिपाही से लिपटकर फफके कोतवाल

● - दलालों का जमावडा बना कोतवाल का विदाई समारोह

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर किसी भी सरकारी अधिकारी की लोकप्रियता का अंदाजा तब लगता है जब उसका स्थानांतरण उस जगह से हो जाता है ऐसा ही एक दिलकश नज़ारा आज कोतवाली परिसर में उस समय देखने को मिला, जब तीन दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने अपनी तबादला एक्सप्रेस चलाकर आधा दर्जन इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया। आंकड़ों पर नज़र डालें तो बीती 13 जून 2023 को लहरपुर कोतवाली में मुकुल वर्मा की बतौर कोतवाल तैनाती हुई। अपने 18 माह के कार्यकाल में कोतवाल मुकुल प्रकाश वर्मा अपनी भ्रष्ट कार्यशैली के चलते मीडिया कर्मियों, सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों और विपक्ष के नेताओं के तमाम आरोपों प्रत्यारोपों के बावजूद जिला पुलिस मुखिया के रहमों करम पर अंगद के पाँव की तरह जमे रहे। कोतवाल मुकुल वर्मा अपनी तैनाती के दौरान कितनी मानवीय दृष्टिकोण पर अपनी कार्यशैली प्रस्तुत करते थे। इसका अंदाजा आज दिनांक 3 दिसम्बर को अपना बोरिया बिस्तर उठाने आये मुकुल वर्मा के विदाई समारोह के समय तब स्पष्ट हो गया जब विदाई के समय एक सैकड़ा लोग भी इकठ्ठा न हो सके। हालांकि विदाई के समय उनके चहेते सिपाही मनीष चौधरी और विनय पटेल जो कि 8 महीने पहले अपने हो चुके ट्रांसफर के बावजूद कोतवाल मुकुल वर्मा के वरद हस्त के चलते ही जमकर अवैध वसूली के आरोपों के बावजूद जमे हुए थे,फूट फूट कर रो पड़े और कोतवाल मुकुल वर्मा की भी आँख में आँसू नज़र आये। सूत्रों द्वारा माना यही जा रहा है कि ओवरलोडिंग, अवैध खनन, अवैध लकड़ी कटान के अपनी कमाई के आधार स्तम्भ को अलग होता देखकर ही बरबस आँसू निकल पड़े। विदाई समारोह में गड़मान्य प्रबुद्ध नागरिकों में यदि अपवाद स्वरुप छोड़ दिया जाये तो संख्या नगन्य थी और सुबह से शाम तक मुकुल वर्मा के कार्यकाल में कोतवाली में दलाली करने वालों की संख्या ही बहुतायत नजर आयी।

इस सम्बन्ध में पूर्व प्रधान व जिला पंचायत सदस्य व उ0प्र0 शासन में कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के खासमखास व दाहिने हाथ कहे जाने वाले महेन्द्र अवस्थी उर्फ़ गुड्डू कहते हैं कि मुकुल वर्मा के 18 महीने का कार्यकाल उ0प्र0 सरकार की मंशा के बिलकुल विपरीत रहा। आने वाले फरियादियों के हर प्रार्थना पत्र पर जमकर धन उगाही की गई वो कहते है कि इस दौरान कोतवाली में मानवीय संवेदनाएं गौड़ होकर रह गई थीं। वो कहते हैं कि बलात्कार जैसे मामलों में भी मुकुल वर्मा गंभीर नहीं रहे

जिसपर मंत्री सुरेश राही ने कप्तान से शिकायत भी की इसके बावजूद कोतवाल मुकुल वर्मा की अवैध धन उगाही की मानसिकता नहीं बदली। एक सम्मानित समाचार पत्र के स्थानीय संवाददाता ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि जनपद अयोध्या में कोतवाल मुकुल वर्मा पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिसकी साछ्यों सहित लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई पर धनबल व ऊँची पहुँच के चलते व भ्रष्ट व्यवस्था के चलते कोतवाल मुकुल वर्मा निर्भीक होकर हाथ धोते रहे।गौरतलब है कि तहसील मुख्यालय की कोतवाली लहरपुर में 18 महीने का कार्यकाल निपटाने के बाद पुलिस मुखिया ने उन्हें सदरपुर जैसे छोटे थाने की कमान देकर उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान जरूर खड़े कर दिए है जबकि उनका स्थानांतरण तम्बौर जैसे मलाईदार थाने में होने की अफवाह काफी दिनों से गर्म थी। कुछ भी हो मुकुल वर्मा का विदाई समारोह व स्थानांतरण क्षेत्र में चर्चा का बिषय बना हुआ है।

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्यारेंस फील्ड वर्क्स आफ इंडिया ने मनाई शताब्दी जयंती

स्वतंत्र प्रभात

स्व श्रीधर वासुदेव काल्विट की शताब्दी जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रताप सिंह एन एफ आई एफ डब्लू आई के पूर्व क्षेत्रीय सचिव , अमर सिंह भदौरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, एस के अवस्थी, बी पी सिंह, आलोक तिवारी तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न श्रेणी के अधिकारी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारीगण व सदस्यों की गरिमामय उपस्थित मे स्वः काल्विट जी की शताब्दी जयंती समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जे पी सिंह ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मंडलीय अध्यक्ष अमिताभ दीक्षित ने समस्त उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र अर्पित कर स्वागत करते हुए विकास अधिकारियों की संगठनात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आज के आयोजन मे सहभागिता के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन के इतिहास तथा काल्विट साहब के संगठन के प्रति योगदान,त्याग व समर्पण से सभा को आलोकित कर उनके प्रदर्शित मार्ग पर चलने के लिए सदस्यों को संकल्पित किया। विभिन्न विभागीय संगठनों की उपस्थित ने स्व काल्विट के कार्यो को रेखांकित कर उनके प्रति सम्मान तथा सम्बद्धता प्रदर्शित की।

अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी का जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां (सीतापुर) बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा संघ के राजेंद्र सभागार में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी के जन्मोत्सव को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज सुभाष कुमार ने डॉक्टर साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वर्तमान परिपेक्ष में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को आत्मसाथ करने का आवाहन करते हुए उपस्थित अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनाएं दी। सभा का संचालन सचिव सुशील शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मेहरोत्रा जी ने वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी वर्मा को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन लालजी वर्मा वरिष्ठ सदस्य राजकुमार शर्मा, निर्भय कुमार मौर्य, सुरेश कुमार मौर्य, अशोक कुमार शुक्ला, अशोक रस्तोगी, कमलेश्वर त्रिपाठी,

ललित प्रकाश शर्मा ने अपने विचार रखते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि एवं सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर रसिक बिहारी गुप्ता, कमलेंद्र बाजपेई, रजनीश कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह,ललित प्रकाश शर्मा,अबू शहमां खां,मन्नालाल बाजपेई, राजेश सिंह, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, रामकिशोर भार्गव, मोहम्मद शोएब, अनिल अवस्थी, हरिश्चंद्र गोस्वामी, इकबाल तारिक खान, मोहम्मद ताज, असलम खान, ओम जी मिश्रा, नागेंद्र मौर्य, रामपाल वर्मा कुशल वर्मा, अखिलेश शुक्ला, गौरव सिंह,सुनील वर्माइफ्तिखार, रंजीत आदि बहुत से अधिक वक्त उपस्थितरहे।

शाम को ब्लैक मार्क करने निकले सी ओ को देख वाहन चालकों में मची खलबली

बरेली/क्यों लड़िया में प्रशिक्षण रात क्षेत्र अधिकारी अजय कुमार यादव शाम को पैदल फ्लाइट मार्च करने रोड पर उतरे तो वहां पर खड़े वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गई उनके साथ रही पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों को चेक किया जिसमें आगे नंबर प्लेट नहीं थी ऐसे वाहनों के चालान किए गए इसको देखकर बाइक चालकों में भूचाल आ गया और वह इधर-उधर को खिसकने लगे। साथ ही बड़े वाहनों पर भी उनकी नजर थी शाम के समय किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना घटित हो इसके लिए बह पैदल-पैदल सड़क पर भ्रमण करने निकले जिससे अपराधियों में पुलिस का भाई कायम बना रहे इनके साथ कई उप निरीक्षक एवं कांस्टेबल मौजूद थे।

संक्षिप्त ख़बरें

नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 30 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उपनिरीक्षक हेमनारायण थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त रामप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव निवासी देवकली पश्चिम थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष को नगेशरगंज अण्डरपास लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे के पास से गिरफ्तार किया । स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल सं0 P36 5956 के कागज मांगने पर दिखा न सके । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

दौड़ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आर्यन ने जीता ब्रॉन्ज

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के बाईपास रोड मोहल्ला निवासी कक्षा 11 के छात्र आर्यन यादव ने दिल्ली में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में मेडल हासिल कर उसने न केवल अपने क्षेत्र, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया बल्कि माता-पिता को भी गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता और गुरुजन बेहद खुश हैं। आर्यन ने बताया कि नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एकल रन 3.0 प्रतियोगिता में उसने प्रतिभाग किया। जहां अलग अलग प्रदेशों के करीब 300 से अधिक ने प्रतिभागी शामिल हुए। एक किलोमीटर की इस दौड़ प्रतियोगिता में आर्यन ने ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) हासिल किया। इस उपलब्धि पर आर्यन की मां शैल कुमारी, पिता राजेंद्र कुमार यादव, शिक्षक कालीकिशोर, अभिषेक निगम, प्रशांत व शानू ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

ग्रामीण बाजारों में शीघ्र लगेंगी सोलर स्ट्रीट लाइटें

पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत लगेंगी लाइटे

योजना को धरातल पर लागू कराने के लिए जिलाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

रायबरेली- पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत ग्रामीण बाजारों में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन हेतु बाजारों के चयन से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक यूपीनेडा से इस योजना से संबंधित अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। परियोजना निदेशक ने बताया कि पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्र में समस्त विकास खंडों से एक या दो मुख्य बाजारो में प्राथमिकता पर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के चयनित ग्रामों में ग्रामीण बाजारों का चयन करते हुए 139 अदद सोलर लाइट अधिष्ठापित की जाएगी। परियोजना निदेशक ने बताया कि अभी तक 204 ग्रामीण बाजारों का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों सहित डीपीआरओ को निर्देशित किया कि योजना को धरातल पर शीघ्र लागू कराया जाए। जिससे की योजना का लाभ जन सामान्य को मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गन्ने के खेत में पहुंचा अजगर, वन विभाग की टीम ने पकड़कर झील में छोड़ा

लखीमपुर खीरी/सिंगाही।दुधवा नेशनल पार्क के बफरजोन की बेलरायां रेंज की नौरंगाबाद बीट में एक गन्ने के खेत में बड़ा अजगर देखे जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे पकड़ लिया और जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। मंगलवार को ग्रामीण गन्ने के खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर नौरंगाबाद के निकट एक गन्ने के खेत में घूम रहे अजगर पर पड़ी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने इसकी खबर वन क्षेत्राधिकारी नार्थ बेलरायां को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे बथुआ बीट के वाचर हकीमुद्दीन व अख्तियार अली ने अजगर को पड़कर नींबुआ झील में छोड़ दिया।

ठाकुरबीर बाबा की समाधि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

● प्रसाद के तौर पर चढ़ाये जाते हैं छोटे मिट्टी के कलश

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। सरेनी स्थित ठाकुरबीर बाबा की समाधि पर अगहन माह के तीसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।विदित हो कि सरेनी ग्राम पंचायत के पूरब में तालाब के किनारे ठाकुरबीर बाबा की समाधि है।यहाँ आदि काल से ही अगहन माह के प्रत्येक मंगलवार को विशाल मेला लगता आ रहा है।यहाँ न कोई मंदिर है न ही पक्का चबूतरा है किन्तु यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की भारी तादात देखकर लगता है कि लोगों की आस्थाएं सीमाएं लाँघ चुकी हैं।यहाँ प्रसाद के तौर पर छोटे मिट्टी के कलश चढ़ाये जाते हैं।वहीं मनौती पूरी होने पर मिट्टी के बड़े कलश चढ़ाये जाते हैं।आश्चर्य इस बात का है कि हजारों की तादात में चढ़ने वाले मिट्टी के कलश दूसरे दिन स्वतः गायब हो जाते हैं।यहाँ दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं की तादात ज्यादा होती है जो अपने-अपने घरों से पूड़ी सब्जी व अन्य पकवान बनाकर लाती हैं और यहाँ बैठकर खाती हैं।मान्यता है कि इससे साल भर घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।कुछ श्रद्धालु यहाँ हर वर्ष आना नहीं भूलते।इन्हीं में से सैदापुर की पूजा शुक्ला व जीतू शुक्ला,रायगढ़ निहस्था की पुष्पा शुक्ला की ठाकुरबीर बाबा की समाधि पर अटूट आस्था है।इनका मानना है कि ठाकुरबीर बाबा अपने भक्तों की आज भी रक्षा करते हैं।वहीं रानानगर रायबरेली की शशि श्रीवास्तव की भी ठाकुरबीर बाबा की समाधि पर अटूट आस्था है।उन्होंने बताया कि आज उनके दोनों मोबाइल शाल में लिपटकर गिर गये थे।पूजा करते वक्त जब उन्होंने फोटो खींचनी चाही तो मोबाइल नदारत थे किन्तु ठाकुरबीर बाबा की कृपा से दोनों मोबाइल जिस महिला ने पाये थे उसने दे दिये।इसी तरह मानपुर के करुणा शंकर बाजपेयी भी ठाकुरबीर बाबा के अनन्य भक्त हैं।सरेनी के पूर्व प्रधान मो. अमीन हाशमी कहते हैं कि ठाकुरबीर बाबा को हिन्दू व मुसलमान सभी समान रूप से मानते हैं।आल्हा गायक कल्दार सिंह का मानना है कि ठाकुरबीर बाबा की समाधि पर चली आ रही पूजा अर्चना बहुत पुरानी है।

समाज के प्रति रहूँगा समर्पित-समाजसेवी पी.के.तिवारी

● ठाकुर शुभम सिंह के सौजन्य से बच्चों मे टिफिन वितरित कर कहा बच्चे देश के भविष्य

स्वतंत्र प्रभात

शुकुलबाजारअमेठी। सामाजिक ,शिक्षा, चिकित्सा, के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक ग्राम पंचायत भटमऊ,बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी पी.के.तिवारी जो कि प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उनको सम्मानित दृष्टि से देखता है और उनका उत्साहवर्धन करता रहता है ने मार्डन पैथोलॉजी रानीगंज संचालक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी सुशील त्रिपाठी के सहायक ठाकुर शुभम सिंह के सौजन्य से क्षेत्र मे पहुंचकर बच्चों मे टिफिन वितरित कर प्रोत्साहित किया और बच्चों को खूब ध्यान से पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित किया,वहीं बच्चों ने टिफिन पाकर प्रशन्नता व्यक्त की और समाजसेवी पी के तिवारी एवं ठाकुर शुभम सिंह का धन्यवाद किया बताते चलें कि संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी विशेषकर शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र मे शिक्षकों तथा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों तथा चिकित्साकर्मियों का प्रोत्साहन करते हुए देखे जाते हैं, समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे उक्त अवसर पर रमेश कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे।

धूमधाम के साथ संपन्न हुआ अधिवक्ता दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। अधिवक्ताओं ने धूमधाम के साथ अधिवक्ता दिवस को मनाते हुए भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती व डा. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।परंपरानुसार अधिवक्ता दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ता आर के सिंह,एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान,राकेश मिश्रा,लाल बहादुर सिंह का मल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी ने डा राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनका पदार्पण एक वकील के रूप कैरियर की शुरुआत करते ही हो गया।स्वतंत्रता मिलने के बाद डा साहब देश के प्रथम राष्ट्रपति बने उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा पूर्वक किया कभी भी दबाव में कार्य नहीं किया। डा साहब का जीवन सादगी पूर्ण था वे प्रतिभा शाली व्यक्ति थे। डा साहब के जन्म 3 दिसंबर 1884 को हुआ था जिनके जन्म दिन को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय पीठासीन अधिकारी देवेश यादव, एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला ने भी डा राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।काव्य पाठ का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केपी सिंह, विनय भदौरिया, ज्योतिरेंद्र मिश्रा,पूर्व महामंत्री अशोक कुमार शुक्ला, सुंदर बाजपेई, महामंत्री राज बहादुर मौर्य, सुरेंद्र सिंह, ब्रजमोहन अवस्थी, संजय अवस्थी, इंदराज यादव, श्यामू यादव, केडी त्रिवेदी, शिव शंकर पाण्डेय,सर्वेश सिंह, विनोद मौर्या आदि मौजूद रहे।

अहिल्या उद्धार, पुष्प वाटिका मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

● रामलीला पण्डाल में उमड़ी दर्शकों की भीड़ ! भक्तिमय हुआ माहौल

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत ढेकवा,पहाड़पुर में चल रहे श्री कुडवावीर बाबा के चार दिवसीय ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले में दूसरे दिन मंगलवार को अहिल्या उद्धार तथा पुष्प वाटिका का भव्य मंचन किया गया। रास्ते में शिला पर भगवान राम के चरण लगते ही वह अहिल्या नारी का रूप धर भगवान राम का गुणगान करने लगती हैं। अहिल्या उद्धार के बाद विश्वामित्र की आज्ञा पाकर जब जनकपुर में भ्रमण के लिए राम-लक्ष्मण निकलते हैं, तो उन्हें देखकर सखियां आपस में बातें करने लगती हैं, सखियों का यह संवाद विशेष सराहनीय रहा। राम- लक्ष्मण उधर गुरु विश्वामित्र के लिए वाटिका में पुष्प लेने पहुंचे तो गौरी पूजन के लिए आई जानकी जी के पग प्रभु राम को देखकर ठहर गए। प्रभु राम सिया और सिया राम को अपलक निहारतीं रहीं। दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति पवित्र भावनाएं जगती हैं। जब सिय सखिन्ह प्रेमबस जानीं। कहि न सकहि कछु मन सकुचानीं। 'राम छोटे भाई से बातें कर रहे हैं, पर सीता के रूप में लुभाया हुआ उनका मन सीता के कमल जैसे मुख की मकरंद रूपी छवि को भौंरे की तरह पी रहा है। सीता चारों ओर चकित होकर देख रही हैं। रामलीला में अक्षय द्विवेदी ने राजा जनक का, रौनक अवस्थी ने राम का, श्रेयस शुक्ला ने लक्ष्मण का, प्रदीप अवस्थी ने विश्वामित्र का,सुखेन्द्र अवस्थी ने वशिष्ठ,समर शुक्ला ने अहिल्या का, नीरज अवस्थी, अवनीश शुक्ला,विजय शुक्ला,हेमन्त शुक्ला ने गंगापुत्र का, संतराम शुक्ला, रुद्र शुक्ला, रुद्र अवस्थी, सौर्य मिश्रा,विनायक ने माली का जीवन्त अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पवन मिश्रा, राजेश त्रिवेदी, अनिरुद्ध शुक्ला, राकेश त्रिवेदी, प्रदीप अवस्थी शुभम अवस्थी, संदीप शुक्ला, उमाकांत अवस्थी, दिलीप अवस्थी, राजकिशोर बाजपेई, प्रदीप अवस्थी, शुभम अवस्थी, अरुण बाजपेई, संतराम शुक्ला, विजय शुक्ला, छोटू, विभू अवस्थी, शिवाकांत अवस्थी, हरिवंश द्विवेदी, सिविल अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

ओबरा पुलिस ने 01नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात

ओबरा /सोनभद्र- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ओबरा पुलिस द्वारा भिन्न भिन्न मामलों में काफी समय से फरार चल रहे वारंटी/अभियुक्त संगम यादव पुत्र गजेंद्र यादव उर्फ रज्जन यादव निवासी बिल्ली डिग्री कॉलेज के पास थाना- ओबरा, जनपद सोनभद्र जिनके विरूद्ध माननीय न्यायालय से मु.न.597/11 धारा 380/411/457 भादवि 603/11 धारा 380/411/457 व 2830/11 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में निर्गत एनबीडब्लू के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था । जिन्हें आज 6.17 बजे सुबह गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाले में मुख्य रूप से उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह , हे. का. हेमंत बारी शामिल रहे।

सोनभद्र में आदिवासी तैराकों का जलवा, सूरज कोल रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र- सोनभद्र के कोहरौल में आयोजित वार्षिक आदिवासी तैराकी प्रतियोगिता में सूरज कोल ने बाजी मारी। सोन आदिवासी शिल्पकला ग्रामोद्योग समिति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रेस क्लब अनपरा के अध्यक्ष दीपक सिंह ने डीहबाबा के पूजन के साथ किया। द्वितीय स्थान विकाश यादव और तृतीय स्थान आलोक यादव ने प्राप्त किया। विजेताओं को समिति के पदाधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सोन आदिवासी शिल्पकला ग्रामोद्योग समिति के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। समिति के उपाध्यक्ष जगदीश साहनी, सचिव वाली अहमद, मनोज कुमार, संजीव दुबे, आकाश यादव और धर्मेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। राकेश कुमार निषाद ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

कृषकों की समस्याओं के दृष्टिगत रखते हुए अधिशासी अभियन्ता ने संबंधितों को दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता एवं सचिव सिंचाई बन्धु सोनभद्र ने बताया कि सिंचाई बन्धु की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित की जाती है। माह दिसम्बर 2024 की सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 10.12.2024 को चैधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह बढौली रावर्ट्सगंज में पूर्वान्ह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक लाल बहादुर पाण्डेय उपाध्यक्ष जनपद सोनभद्र की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण हेतु जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सम्बन्धित अधिकारीगण दिनांक 12.11.2024 को आयोजित बैठक में प्राप्त हुयी समस्याओं का निस्तारण आख्या विलम्बवत् 07 दिवस में उपलब्ध कराने के बावत निर्देश दिया।

सोनभद्र में दिव्यांगों को मिला नया जीवन

● विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का किये वितरण।

समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन विभाग, प्रोबेशन विभाग द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलों में कैम्प लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं से सम्बन्धित फार्म भरवाकर लाभान्वित किया जाये-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। विश्व दिव्यांग दिवस'' के शुभ अवसर पर विकास भवन परिसर, सोनभद्र में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया, कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के द्वारा 10 दिव्यांगजनो में सहायक उपकरण का वितरण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित दिव्यांगजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों के दृष्टिगत अनेक कल्याणकारी योजना प्रारम्भ किये है जिसके माध्यम से कैम्प लगाकर दिव्यांगजनों को पेंशन/ट्राइसाइकिल/कृत्रिम अंग से सम्बन्धित फार्म भरवाकर उन्हें उपलब्ध कराया जाता है । उन्होने कहा कि समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन विभाग, प्रोबेशन विभाग द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलों में कैम्प लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं से सम्बन्धित फार्म भरवाकर उन्हे लाभान्वित किया जाये। इस दौरान आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड भी बनाये जाये। इस दौरान शेषनाथ चैहान मुख्य विकास अधिकारी, रमाशंकर यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी, सुधान्शु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजधारी प्रसाद गौतम उपायुक्त उद्योग, विनय कुमार सिंह अपर सूचना अधिकारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर स्वैच्छिक संस्था जन कल्याण ग्रामोद्योग, बहुअरा सोनभद्र द्वारा दिव्यांगजनो की प्रतिभा की प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया। उक्त प्रदर्शनी में कु0उर्मिला, रजाई बनाने की कला, जंग बहादुर द्वारा फास्ड फुड का स्टाल, बबुंदर द्वारा सिलाई बुनाई, श्यामलाल द्वारा चित्रकला इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनो से सीधा संवाद कर उनके द्वारा बनाये जा रहे सामग्री और आय के सम्बन्ध में जानकारी ली और दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी निर्देशित करते हुए कहा कि इसी तरह से अन्य दिव्यांगजन को भी प्रोडक्ट बनाने हेतु प्रेरित किया जाये। जिससे कि वह अपनी आय बढ़ाकर रोजगार से जुड़ सकें। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार (दृष्टिबाधित), विजेन्द्र कुमार, आर्थोपैडिक दिव्यांग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुमारी संन्ध्या, दृष्टिबाधित द्वारा गीत गायन की प्रस्तुति की गयी, पवन,दृष्टिबाधित द्वारा कविता, आशीष गुप्ता द्वारा टेक्नालाजी के बारे बताया गया। सुनील कुमार द्वारा पक्षी, टेऊन इत्यादि की आवाजे निकाली गयी। कार्यक्रम के अन्त में निजामुद्दीन, प्रबन्धक, जन कल्याण ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, बहुअरा द्वारा समस्त दिव्यांगजनो को कप-प्लेट सेट वितरित किया गया।

सोनभद्र में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र/दिनांक 03 दिसम्बर, 2024अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र श्री शैलेन्द्र यादव ने अवगत कराया है की माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित ए0डी0आर0 भवन के भू-तल पर प्रातः 09:30 बजे माँ सरस्वती के प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई रूष्ट कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई स्कीम के अन्तर्गत गठित कमेटी को विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रथम दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा बच्चों को विधिक सेवाओं के बारे में समिति का गठन एवं कार्यो के विषय में तथा नालसा (बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना, 2024 का संक्षिप्त अवलोकन, संरचना और मुख्य विशेषताएं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व के बारे में सभी को अवगत कराया गया। इसके अलावा उक्त स्कीम में समिति के सदस्यो की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, सोनभद्र, श्रीमती दीपिका सिंह, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर, सुश्री नेहा अग्रहरि विधि सह परिविक्षा अधिकारी सोनभद्र, सम्मानित पैनल अधिवक्ता एवं सम्मानित पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, सोनभद्र द्वारा विधि के विरूद्ध बालको के संबंध में विधिक सेवाएं बेहतर तरीके से किस प्रकार संचालित हो उस पर प्रकाश डाला गया इसके अलावा विधिक सेवा प्रत्येक पुलिस स्टेशन, किशोर न्याय, बाल संरक्षण संस्थान, बाल न्यायालय एवं जिला कारागार में गठित कर कैसे बेहतर तरीके से बच्चों को विधिक सेवा प्रदान की जाये इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।श्रीमती दीपिका सिंह, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर जिला सोनभद्र द्वारा बाल कल्याण समिति, परिवारिक संस्थान, बच्चों के देखरेख के संस्थान तथा पीड़िताओं को किस प्रकार से मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा प्रदान की जाये इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। सुश्री नेहा अग्रहरि विधि सह परिविक्षा अधिकारी सोनभद्र द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, जे.जे.एक्ट 2015 तथा बच्चों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत ढाँचे के बारे में एवं सी0डब्ल्यू0सी देखभाल, बच्चो की सुरक्षा लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधी अधिनियम, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पूर्वगर्भाधान और प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994, Se& selection decline in child se& ratio under PCPNDT Act" विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया।

किशोरियों को सशक्त बनाती किशोरी सुरक्षा योजना

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र- सोनभद्र जिले में किशोरी सुरक्षा योजना के तहत एक सराहनीय पहल की गई है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय-उरमौरा और पी0एम0श्री0 राजकीय बालिका विद्यालय-राबर्ट्सगंज में किशोरियों को मुफ्त सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने किशोरियों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए।मुख्य चिकित्साधिकारी ने किशोरियों को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और हर लड़की के जीवन में यह एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाता है। उन्होंने पुराने समय की अंधविश्वासों को तोड़ते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान लड़कियों को घर से बाहर नहीं निकलना या किचन में नहीं जाना जैसी बातें बिल्कुल गलत हैं। आज के समय में सरकार हर लड़की को स्वच्छता बनाए रखने के लिए मुफ्त सेनेटरी पैड उपलब्ध करवा रही है।किशोरियों को प्रेरित करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि लड़कियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने किशोरियों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच का महत्व बताया।महिला चिकित्साधिकारी डॉ. संगीता त्रिपाठी ने मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किशोरियों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान होने वाले कुछ सामान्य बदलावों के बारे में और कब डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।यह योजना किशोरियों को सशक्त बनाने और उन्हें स्वस्थ रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बिजली के निजीकरण तथा महंगी बिजली के विरोध में सपा 6 दिसंबर से सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाएगी

● - अभियान चलाकर उपभोक्ताओं के 33,000 करोड़ से ज्यादा जमा रुपये के बिलों में समायोजन को लेकर धरने के लिए तैयारी- हाजी फ़ज़ल महमूद

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने कार्यालय नवीन मार्केट में आयोजित पीडीए मिशन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली के निजीकरण तथा महंगी बिजली के विरोध में सपा 6 दिसंबर से सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाएगी और पीडीए मिशन की युवा टीम महानगर के पांचों विधानसभा क्षेत्र के 88 वार्ड में गहन संपर्क करके दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बिजली को लेकर धरने की तैयारी आरंभ करेंगी। अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने संबोधन में कहा कि बिजली विभाग में उपभोक्ताओं का 33,000 करोड से ज्यादा अतिरिक्त रुपया जमा है लेकिन बिजली विभाग का निजीकरण करके कंपनियों को फायदा पहुंचने के लिए आज तक 33,000 करोड़ रूपया बिजली के बिलों में समायोजन नहीं किया गया है सपा इसे गंभीरता से लेकर रणनीति तैयार करके जनता के हितों के लिए सरकार का ध्यान खींचने का काम करेगी। अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने आगे संबोधन में कहा कि एक तरफ बिजली महंगी करके भार लादा जा रहा है जनता पहले से महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है और दूसरी तरफ सरकार इस ओर ध्यान न देखकर जनता पर बोझ लादने का काम कर रही है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, शबाब अबरार, आनंद शुक्ल, हाजी अयूब आलम, महेन्द्र सिह बडे ठाकुर, संजय निषाद, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, दीपक खोटे, इशरत इराकी, जस्वेन्द्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर महिलाओं को किया जागरूक

● - महिला सुरक्षा के लिए कानपुर कमिश्नरेट पूरी तरह मुस्तैद

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं और महिलाओं और बालिकाओं को स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, पार्क बाजारों आदि जगहों पर सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है। आज

इसी क्रम में दिनांक 03.12.24 को सरस्वती महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत कानपुर पुलिस और एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। आरओआईपी व कन्ट्रोल रूम प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह ने छात्राओं को 112 हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी व श्री राज प्रताप सिंह ने सेल्फ डिफेन्स के हुनर सिखाये। एंटी रोमियो टीम की महिला कॉन्स्टेबल अफसाना बानो ने छात्राओं को वुमेन्स पावरलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जानकारी दी।

संक्षिप्त ख़बरें

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

– हिंदू रक्षा संघर्ष समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बांदा। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर बांदा में हजारों की संख्या में हिंदू संगठनों के लोग सड़क पर उतर आए। बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर हिंसा, लूट, आगजनी और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। यहां तक कि हिंदू मंदिरों और मोहल्लों को भी निशाना बनाया जा रहा है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म और क्रूरता की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश सरकार और उसकी सुरक्षा एजेंसियां इन घटनाओं पर मूकदर्शक बनी हुई हैं। हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय में भय का माहौल बना हुआ है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश में हो रहे इन अत्याचारों पर हस्तक्षेप करे और अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस मुद्दे को उठाए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, सुल्ली मजाराज, चन्द्रमोहन बेदी, वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जीजीआईसी में हुआ कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन

तिंदवारी/बांदा। राजकीय बालिका इंटर कालेज में कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बच्चों को उनके करियर की जानकारी देते हुए, पुलिस विभाग में कार्यरत अन्य शाखाओं की जानकारी दी गई । मिशन शक्ति फेज 5.0 नारी सुरक्षा ,नारीसम्मान, नारी स्वावलंबन, के महत्व को समझाते जागरूक किया गया। कक्षा 10 व 12 की छात्राओं के प्रश्नों के जवाब देकर उन्हें अपने भविष्य में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। व कोचिंग वाले छात्रों को साइबर फ्राड के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान, उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, डा. निशा सिंह प्रिंसिपल जीजीआईसी, अध्यापिका ज्योति सिंह, महिला आरक्षी हेमलता विमल, महिला आरक्षी मोहिनी तिवारी मुख्य आरक्षी शिवकरन सिंह,व जीआईसी के अध्यापक मौजूद रहे।

घर के बाहर खड़े दो ट्रैक्टरों के बैटरी चोरी

जसपुरा/बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के जसपुरा कस्बें के पुराने थाने के पास से अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टरों को निशाना बनाते हुए बैट्री पार किया।ट्रैक्टर मालिक सीताराम सिंह सेंगर ने बताया कि उसका तथा उसके पड़ोसी अजित सिंह का ट्रैक्टर उनके घर के बाहर पुराने थाने के मैदान में खड़ा रहता है।बीती रात को अज्ञात चोरों ने उसके तथा पड़ोसी दोनों के ट्रैक्टरों की बैट्री खोलकर ले गए।ट्रैक्टर मालिक सीताराम सिंह सेंगर ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके पड़ोस में तेजिया पैलेस में थाना क्षेत्र के ही रामपुर गांव के एक व्यक्ति की लड़की की शादी हो रही थी जिसकी बरात आई हुई थी।चुकी पैलेस में गाड़ी खड़ी करने के लिए गाड़ी खड़ी करने के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियां पुराने थाने के मैदान में ही खड़ी होती हैं।दोनों ट्रैक्टर मालिकों ने लड़की पक्ष या लड़का पक्ष के ही लोगों पर बैट्री चोरी करने की आशंका जताई है।थाना प्रभारी मोनी निषाद ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

सभासद चुनाव के लिए सात पर्चे दाखिल

अतर्रा/बांदा। अतर्रा नगर पालिका के वार्ड चार सुदामा पुरी में सभासद के लिए हो रहे चुनाव में 7 प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल कर दावा ठोका। सपा कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशी के अलावा चार निर्दलीय प्रत्याशीयों ने भरा पर्चा। अतर्रा नगर पालिका के वार्ड 4 सुदामा पुरी में सभासद के लिए हो रहे उपचुनाव में मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में चल रही नामांकन प्रक्रिया में जहां समाजवादी पार्टी से क्रांति देवी ने पर्चा भरा वही कांग्रेस से संजय कुमार ने पर्चा दाखिल किया इसके अलावा भाजपा से अमित के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राम सिया राम मनोहर चौबे प्रसाद ने अपना पर्चा दाखिल किया आरओ अखिल कुमार व एआर ओ अक्षय कुमार नामांकन प्रक्रिया में लग रहे।

विधनू में वृद्ध की हत्या कर शव खेत में फेंकने की आशंका

● - पुलिस ने शव को कब्जे में लेकिन पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर नगर के बिधनू थाना क्षेत्र के कठुई गांव में किसान का मिला शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी मृतक के सिर में और हांथ पैरों में चोट के निशान पाए गए हैं। शव को देखने में हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। गांव में सुनसान जगह कुआं के पास पास मिला किसान का शव। परिजनों ने बताया कि बीती देर शाम खेत की रखवाली करने निकला था किसान मौके पर पहुंचे एसीपी घाटमपुर व बिधनू पुलिस, तथा फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। अपर पुलिस आयुक्त दक्षिण ने बताया कि आज पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कठुई में एक व्यक्ति का शव कुएं में मृत अवस्था में मिला है। उपरोक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे तो सरोज कुमार कुशवाहा पुत्र स्व. बाबूलाल कुशवाहा निवासी ग्राम कठुई थाना बिधनू कानपुर नगर उम्र करीब 65 वर्ष का शव ग्राम कठुई टेढ़ा पुरवा जाने वाली रोड पर मृत अवस्था में मिला है। शव को निकाल लिया गया है, फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही तथ्य सामने आएंगे।

दहेज के लिए हत्या करने में तीन को सश्रम कारावास

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन " अभियान के तहत पुलिस आयुक्त , कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन व पुलिस उपायुक्त, पश्चिम राजेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी से अपराध नियंत्रण के क्रम में अभियुक्तों द्वारा वादी की पुत्री से दहेज की मांग करना व मारपीट कर हत्या करने के सम्बन्ध में थाना अरमापुर पर पंजीकृत मुकदमा भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तों को एडीजे -23 कानपुर नगर अभियुक्त विष्णु झाँ को धारा 304बी भादवि में 10 वर्ष कारावास धारा 498ए में तीन वर्ष कारावास व 10,000 रुपये जुर्माना , 4डीपी एक्ट मैं 2 वर्ष का कारावास में 6000 जुर्माना से दण्डित किया गया, जुर्माना न अदा करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया जाएगा। दाऊदयाल झाँ व राजकुमारी को धारा 304बी में 7 वर्ष कारावास, धारा 498 ए आईपीसी में 3 वर्ष कारावास व 10,000 जुर्माना तथा धारा 4 डीपी एक्ट में 2 वर्ष कारावास वह ?6000 जुर्माना की सजा, जुर्माना अदा ना करने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया । पैरवी टीम करने वाली टीम में उदय प्रकाश सिंह, संदीप पाल (कोर्ट मोहर्रिर), हाकिम नौहवार (पैरोकार) का विशेष योगदान रहा।

किदवईनगर पुलिस ने तीन शातिर मोबाइल चोरों को पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। किदवई नगर थाना पुलिस ने तीन शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ थाना किदवई में मुकदमा पंजीकृत था और ये घूम घूम कर मोबाइल छीन कर भाग जाते थे। कमिश्नरेट पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना किदवई नगर के नेतृत्व में त्रिनेत्र, हर घर कैमरा अभियान के अन्तर्गत लगाये गये कैमरों की सहायता से दिनांक की 26 नवंबर को एसबीआई एटीएम साकेत नगर थाना किदवई नगर के पास से छीने गये मोबाइल व दिनांक 2 नवंबर को मद्रासी डोसा के पास करंही रोड़ थाना बर्रा कानपुर नगर से छीने गये मोबाइल व दिनांक 10 अक्टूबर को 40 दुकान के सामने थाना किदवई नगर पूजा का सामने बेचने वाले की दुकान पर खड़े एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना किदवई नगर में मुकदमा पंजीकृत था।

पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश में दिनांक 03 दिसंबर को बैण्डी चौराहे के पास ईदगाह के सामने साकेत नगर थाना किदवई नगर कानपुर नगर से अभियुक्त कृष्णा वर्मा पुत्र स्व. सूरज प्रसाद उम्र 19 वर्ष निवासी जूही बमरहिया थाना जूही, राहुल गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी करमपुर थाना नौबस्ता, कृष्णा कटियार पुत्र स्व. पप्पू उम्र 19 वर्ष निवासी जूही बमरहिया थाना जूही को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से मुकदमे से सम्बन्धित चोरी हुए माल एक अदद मोबाइल वीवो कम्पनी आसमानी रंग छीना हुआ व मोबाइल बेच कर प्राप्त पैसा 1050 व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद किया गया ।

शिक्षा विभाग में बेमतलब साबित हो रहा आरटीआई एक्ट

●- प्राइवेट विद्यालयों को मान्यता देने में मानक दरकिनार

- सूचना न देने पर आयोग को भेजी शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



बांदा। सूचना का अधिकार अधिनियम 15 जून 2005 को ही अधिनियमित होने के चार माह बाद 12 अक्टूबर-2005 को लागू किया गया था। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा हथियार माना जाता है, लेकिन लालफीताशाही इसे कुंद बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती। सरकारी तंत्र का कोई भी विभाग हो, तानाशाही आज भी बेहिसाब है। इस अधिनियम के तहत अगर किसी ने सूचना मांगी तो पहले इंकार कर दिया जाता है या टालमटोल का क्रम चलता रहता है। बेसिक शिक्षा विभाग में भी यही हाल है। ऐसे में सूचना मांगने वाला घनचक्कर में फंस कर उलझकर रह जाता है। समाजसेवी इमरान अली ने 14 अगस्त को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत निजी/प्राइवेट विद्यालयों की मान्यता से संबंधित सूचना मांगी थी। जिसमें मांगा गया था कि जनपद में निजी/प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या व मान्यता के मानक क्या हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मान्यता के मानक क्या अलग-अलग हैं। मान्यता के लिए क्या अन्य विभागों से भी एनओसी (नॉन आपजेक्शन सर्टीफिकेट) लेने का प्रावधान है। कौन से मानक पूरे न होने पर मान्यता रद्द हो सकती है। दूर स्थित दो अगल-अगल भवनों में क्या एक विद्यालय संचालित किया जा सकता है। मानक के मुताबिक स्टाफ की उपलब्धता और वेतन से पीएफ व अन्य कटौती का क्या प्रावधान है आदि की जानकारी चाही गई थी।

30 दिन की समय बीतने के बाद भी सूचना दी गई थी। इसके बाद 28 सितंबर को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) से प्रथम अपील की गई। मंडलीय अधिकारी द्वारा भी कोई सूचना या जानकारी नहीं दी गई। समाजसेवी ने राज्य सूचना आयोग को अपील भेजकर सूचना दिलवाने और संबंधित अधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की मांगी की है। बीएसए और मंडलीय सहायक निदेशक को इसकी प्रतिलिपि भी भेजी है।

मार्ग दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत

●- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। जनपद में नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के पास सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद से दोनों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों में एक अपने घर का इकलौता बेटा था। नरैनी थाना क्षेत्र का पाड़ादेव रिसौरा गांव निवासी गोपाल (32) पुत्र रामलाल अपने फुफेरे भाई रज्जू (29) पुत्र राममनोहर निवासी कबरई (महोबा) के साथ बाइक पर सवार होकर बांदा की ओर जा रहा था। रास्ते में रिसौरा गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। नरैनी कोतवाली प्रभारी रामकिशोर सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया। वहां डाक्टर लवलेश पटेल ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गोपाल के चाचा गौतम ने बताया कि दोनों युवक फुफेरे भाई थे। हादसे के वक्त वे कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मृतक रज्जू अपने पिता की इकलौती संतान था और उसकी दो बहनें हैं। वहीं, गोपाल दो भाइयों में छोटा था और सूरत में पत्थर घिसाई का काम करता था। वह छह माह पहले ही घर लौटा था। प्रभारी कोतवाल रामकिशोर सिंह ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

"द साबरमती रिपोर्ट" देख भाजपाइयों ने जाना गोधराकांड का सच

● - एक राजनैतिक दल के प्रभाव में गोधरा काण्ड की घटना ग़लत तरीके से पेश की गई - प्रकाश पाल

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व सांसद कांता कर्दम, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं किदवई नगर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2002 में गुजरात में हुए गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा नेता और संगठन के पदाधिकारी मंगलवार को दोपहर एक बजे साकेत नगर स्थित दीप पीवीआर सिनेमा में फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देख कर निकले क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से उस वक्त मीडिया के एक धड़े ने पूरे घटनाक्रम की सच्चाई छुपा कर राजनीतिक विचारधारा के प्रभाव में घटना को गलत तरीके से पेश किया था। सच्चाई को अधिक समय तक दबाए नहीं जा सकता है। उन्होंने गोधरा कांड की सच्चाई सबके सामने लाने के लिए फिल्म निर्माताओं की प्रशंसा की। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि इस फिल्म में गोधरा कांड की सच्चाई दिखाई गई है। इस फिल्म को सभी लोगों को देखना चाहिए।

दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि "द साबरमती रिपोर्ट" फिल्म देखकर अधिक से अधिक लोग गोधरा कांड की सच्चाई से परिचित हो सकें इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा मध्य प्रदेश और हरियाणा सहित भाजपा शासित राज्यों ने फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। फिल्म देखने वालों में बाल चंद्र मिश्र, कौशल किशोर दीक्षित, सुनील नारंग, मनीष त्रिपाठी, भूपेश अवस्थी, रीता शास्त्री, प्रकाश वीर आर्य,शिवशंकर सैनी, गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा बुल्ली, संजय पासवान, आदि मौजूद रहे।

आम रास्ते के कब्जा धारक को नायब तहसीलदार ने लगाई फटकार

बबेरू/बांदा। आम रास्ता पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को मौके पर भेज कर कराई जांच नायब तहसीलदार ने अवैध कब्जा धारक को लगाई फटकार आम रास्ते से कब्जा हटाए जाने के दिए निर्देश । कस्बे के नहर पटरी नेता नगर बांदा रोड में रामसजीवन प्रजापति ने चक मार्ग से 27 फुट आम रास्ता के लिए छोड़ा था जिसमे चक मार्ग सहित 33 फुट का आम रास्ता है। जिसमे ग्राम पंचायत ने मिट्टी भी डलाई थी।जब की इस आम रास्ते में लोगो ने अवैध रूप से मिट्टी डालकर कब्जा कर रहा था। जैसे ही उर्मिला देवी, राधे चरण कृष्णदत्त द्विवेदी, राकेश कुमार ,रामदयाल प्रजापति, दिनेश पाल, कामता प्रजापति,आदि को जानकारी हुई तो सभी लोगों ने एसडीएम नमन मेहता के यहां पहुंचकर शिकायत पर प्रशासन ने गंभीरता से लिया और तत्काल ही नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, सदर लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी को भेजकर जांच कराई । मनोहर सिंह ने तत्काल मौके पर पड़ी मिट्टी को हटाए जाने एवं जिन लोगजब की शासन प्रशासन से साफ निर्देश हैं कि आम रास्ते में कब्जा करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

अधिकारियों ने व्यस्त बाजारों में भ्रमण कर अतिक्रमण हटवाया

● -एसीपी यातायात सृष्टि सिंह, एसीपी यातायात शिखर, एसीपी अनवरगंज ने किया व्यस्त बाजारों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को परखने व सुधारने के लिए आज ट्रेफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर के व्यस्ततम जगहों का भ्रमण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसीपी यातायात सृष्टि सिंह व टीआई दक्षिण जोन हरिकेश आर्या द्वारा सचान चौराहा, बसंत बिहार, दासु कुआं व मछरिया तिराहा का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसीपी यातायात शिखर, एसीपी अनवरगंज, टीआई मध्य जोन मनोज कुमार सिंह व एसएचओ रायपुरवा द्वारा डिप्टी पड़ाव चौराहा का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात शिखर, टीआई मध्य जोन मनोज कुमार सिंह व स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुटैया क्रासिंग से रेव मोती, आरटीओ ऑफिस, नरेन्द्र मोहन सेतु तक विशेष अभियान चलाया गया। लाउड हेलर के माध्यम से सभी को अवगत कराते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया ।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी ने गर्मजोशी से किया नामांकन

● - भाजपा के अलावा दर्जनभर और प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात

बबेरू बांदा। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव में आज भाजपा, कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, आजाद समाज पार्टी सहित 13 प्रत्याशियों नामांकन गर्म जोशी के साथ कराया । नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी डा. विवेकानंद गुप्ता द्वारा अपने समर्थकों के साथ गर्म जोशी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान, पूर्व सांसद भैरव मिश्रा, राज्य मंत्री रामकेश निषाद, विधायक प्रकाश द्विवेदी, ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, विश्वेश्वर पांडेय अजय सिंह पटेल, विजय पाल सिंह, विक्रम सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, विनय तिवारी भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे और कांग्रेस से रामनरेश मिश्रा सादगी के साथ नामांकन कराया इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदुम्न कुमार, अखिलेश सिंह, साकेत बिहारी मिश्र, गजेन्द्र सिंह पटेल, आदित्य स्वरूप पांडेय, सहित अन्य मौजूद रहे, आजाद समाज पार्टी से फूलचंद्र सोनी, जनता दल यूनाइटेड से शिवप्रकाश सिंह,सहित निर्दलीय प्रत्याशी रामफल त्यागी, संतोष कुशवाहा, अवधेश कुमार, दुर्गेश सिंह, शिवप्रसाद, रवींद्र कुमार, अरुणेश कुमार गुप्ता, दीपिका, संतोष कुमार वर्मा सहित 13 प्रत्याशियों ने गर्म जोशी के साथ नामांकन दाखिल किया। कल सपा सहित 2 निर्दलीय ने नामांकन कराया था जो कुल मिलाकर 16 प्रत्याशी मैदान में ताल ठोकेंगे। आर ओ राजेश कुमार,ए आर ओ सुधीर, ललित कुमार ने बताया कि कुल 48 प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदे थे और 4 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच और 6 दिसंबर को वापसी उसी दिन चिन्ह वितरण होगा और 17 दिसंबर मतदान और 19 दिसंबर को गिनती व परिणाम आएगा।

संक्षिप्त ख़बरें

खण्ड विकास अधिकारी ने किया औचक निरिक्षण।

मनकापुर गोंडा- ब्लॉक बभनजोत के ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा के अंतर्गत कार्यों का खंड विकास अधिकारी व ए पी ओ, तकनीकी सहायक मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तो वहां पर सभी श्रमिक उपस्थित पाए गए ग्राम पंचायत राघव बस्ती ग्राम पंचायत मरैला दोनों ग्राम पंचायत में सभी श्रमिक काम करते पाए गए हैं। व साथ में दो प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय पिपरा इस्माइल एवं प्राथमिक विद्यालय मैरला का भी औचक निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त स्टाफ उपस्थित मिले।

कई विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों ने स्पोर्ट इवेंट में दिखाया अपना दम ख़म

पीलीभीत समग्र शिक्षा के तहत समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों के ब्लॉक स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय गौहनिया में सोमवार को किया गया। स्पोर्ट्स इवेंट का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी बिलसंडा शिव शंकर मौर्य व ग्राम प्रधान गौहनिया ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विनोद कुमार ग्राम प्रधान गौहनिया द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों ने सपोर्ट इवेंट में प्रतिभाग कर अपने दमखम का परिचय दिया । प्राथमिक स्तर पर 50 मी बालिका दौड़ में दिव्यांशी प्रथम, अन्नया द्वितीय, प्रिया तृतीय बालक वर्ग में विकास प्रथम, अर्पित द्वितीय, पूरनलाल तृतीय स्थान पर रहे । जूनियर स्तर पर 50 मी बालिका वर्ग दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, देवकी द्वितीय, मोहिनी तृतीय रही। बालक वर्ग में विकास दीक्षित प्रथम, मुन्नालाल द्वितीय, अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। Sidharth स्तर पर बालिका वर्ग कुर्सी दौड़ में प्रथम काजल, अन्नया द्वितीय, दिव्यांशी तृतीय, बालक वर्ग में अर्पित प्रथम, विकास दीक्षित द्वितीय, मुन्नालाल तृतीया जूनियर स्तर पर बालिका वर्ग कुर्सी दौड़ में लक्ष्मी प्रथम देव की द्वितीय मुन्नी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग कुर्सी दौड़ में पवन प्रथम, माइकल द्वितीय, राज कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने विजेता छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से इन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है । खेलों से शारीरिक भाग मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में ब्लाक बिलसंडा के दिव्यांग सपोर्ट प्रतियोगिता में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक फैजान अली एवं स्पेशल एजुकेटर मुकेश कुमार सुरेंद्र कुमार प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री उमेश मिश्रा, अजय कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार रश्मि यादव , अमर सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों का सहयोग रहा।

पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना खीरी का औचक निरीक्षण किया गया

लखीमपुर खीरी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना खीरी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती शिकायत पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के देखते हुए नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रूपईडीह-गोण्डा।

पत्रांक 3809/लेखा0/ पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त/2024-25/ **दिनाक- 02/12/2024**

अल्प कालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो को सुचित किया जाता है। कि पंचम राज्य वित्त एंव पन्द्रहवा केन्द्रिय वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत रूपईडीह को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्तावित/अनुमोदित कार्ययोजना 2024-25 मे निम्नलिखित परियोजनाओ पर निर्माण हेतु जी0एस0टी0 रहित मोहर बन्द निविदाये प्रतिशत दर पर नियम एवं शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 05/12/2024 से 15/12/2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर 04 बजे अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदाये दिनांक 18/11/2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाये उसी दिन अपरान्ह 03 बजे उपस्थिति निविदाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति, द्वारा खोली जायेगी।

क0 स0	ग्राम पंचायत का नाग	परियोजना का नाम	कार्य की लम्बाई (मी0 मे)	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 मे)	धरोहर की धनराशि	निविदा फॉम का मूल्य 12% जी0 एस0 टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की समयवधि
1		2	3	4	5	6	7
1	उत्तरैना	उसरैना पी0डब्लू0डी0 रोड से महावतपुरवा तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य	195 मी0	845801.00	16916,00	560.00	3 माह
2	उसरैना	उसरैना सम्पर्क मार्ग से पूरेनन्द कुमार के गांव तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
3	जमुनहीहरदौ पटटी	जमुनहीहरदौपटटी में प्रधनमत्री रोड से तक आर0 सी0 सी0 इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
4	जमुनहीहरदी पटटी	भयक पुरवा से गया पुरव तक आर0 सी0 सी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
5	जमुनहीहरदौ पटटी	छोटी जमुनही चन्द्रिका प्रसद के घर तक आर0 सी0 सी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
6	रनियापुर	रनियापुर से रमनगरा तक इंण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
7	रनियापुर	रनियापुर से रेहरवा तक इंण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
8	फरेन्दाशुक्ल	हफसेनी के घर से पूलपूल के घर तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
9	फरेन्दाशुक्ल	नहर से मधईपुरवा तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
10	झुरिकुइया	बसैनपुरवा पक्की सड़क से झुरिकुइया पक्की सडक तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
11	झुरिकुइया	सोनबरसा गांव से झुरिकुझ्या पक्की सडक तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
12	झुरिकुइया	झुरिकुइया माता बाबा के घर से दक्षिणपुरवा तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
13	दुलहापुरपहाडी	चहुआ से डारीडिहवा सचिवालय तक तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
14	दुलहापुरपहाडी	दुलहापुरपहाडी से कुरासी पक्की सडक तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
15	देवरियाखाम	शिवपूजन के घर से पक्की सड़क तक आर0सी0सी0 इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
16	देवरियाखाम	राजा पुरवा से पटेश्परी प्रसाद शुक्ला के बाग तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
17	मिश्रोलिया	बडी नहर से छोटी नहर तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
18	देरियाकला	दुर्गा मन्दिर से पंचायत भवन तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
19	देरियाकला	कमलेश कुमार के घर से ददन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
20	देरियाकला	रामबहादुर के घर से दीनदयाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
21	बराहेमा	अली अहमद के घर से मस्जिद तक इंण्टरलाकिग निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
22	सरहा	दसईपुरवा खण्डजा से बुढऊपुरख तक मि0 /खण्डजा निर्माण कार्य।	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
23	सरहरा	अनिल तिवारी के खेत से विशुही नदी तक खण्डजा निर्माण कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
24	तेलियाकोट	दिनेश के घर से दिलीप के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
25	लेलियाकोट	सलईपुरवा मार्ग से मिठठू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
26	गुदगुदियापुर	बाबादीन के घर से ननकऊ साँई के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
27	गुदगुठियापुर	मैरनपुर सम्पर्क मार्ग से रामछत्तर मौर्या के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
28	हस्वन्वपुर	तिलकराम यादव के घर से पंचायत भवन होते हुय पाण्डेय पुरवा तक सी0सी0 इण्टरलाकिंग कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
29	हरचन्दपुर	पंचायत भवन से जिलाजित के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	195 मी0	845801.00	16916.00	560.00	3 माह
30	वि0ख0 परिसर	विकास खण्ड परिसर में हाईमास्ट लाईट की स्थापना का कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
31	वि0ख0 परिसर के बगल	ग्रामसभा पोखरा के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
32	रूपईडीह	ग्राम सना रूपईडीह गोपालबाग दुबाउल मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3. माह
33	रुपईडीह	ग्रामसना रूपईडीह में सम्मयससीन के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
34	कुरासी	ग्रामसना कुरासी में पारसनाथ के डेयरी के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
35	कुरासी	ग्रामसभा कुरासी में राजू अवस्थी के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
36	मल्लापुर	मल्लापुर बाजार में चौराहा के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
37	हिन्दुनगर बांकी	ग्राम सभा हिन्दुनगर बाकी में अंशु के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
38	हिन्दुनगर बांकी	ग्राम सभा हिन्दुनगर बांकी में जुम्हा0स्कूल के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
39	पिपराबाजार	पिपराबाजार पुलिस चौकी के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
40	छितौनी	ग्राम पंचायत छितौनी के आर्यनगर चौराहा पर हनुमान मन्दिर के पास हाई मास्ट लाइट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
41	छितौनी	ग्राम पंचायत छितीनी में हनुमान मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
42	तिरैमनोरमा	ग्राम सभा तिरैमनोरमा उद्वायलक मुनि मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
43	तिरैमनोरमा	ग्राम पंचायत तिरेमनोरमा में साईदाता मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
44	मंगहा	ग्राम सभा भंगहा शंकर जी के मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
45	भरियालबेदपुर	ग्राम पंचायत भरिया लबेदपुर में मदरसा रखुमानिया के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
46	भरियालबेदपुर	ग्राम पंचायत भरिया लबेदपुर में राजीराम के विद्यालय के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
47	भवानीपुर खुर्द	ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द छोटीपुरवा में काली माता स्थान के पास	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
48	भवानीपुर खुर्द	ग्राम पंचायत भवानीपुर खुद में पोखरा के पास हाईमास्ट लाईट	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
49	भटपी	ग्राम सभा भटपी में स्मृति शेष परित सिंह एजूकेशनल इंस्टीट्युट के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
50	भटपी	साम सभा भटपी में कं0 आर0एस0 पन्नालाल सरावागी एजुकेशनल सस्थान के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना का कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
51	भटपी	ग्राम सभा भटपी में पन्नालाल इन्स्टीट्यूट के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना का कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
52	भटपुरवा	ग्राम सभा भटपुरवा में भूपेन्द सिंह के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
53	भटपुरवा	ग्राम सभा मटपुरवा में प्रधानमंत्री रोड, मटपुरवा, कसईपुरवा रोड पर चिंटू ट्रेडर्स के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
54	भटपुरवा	ग्राम सभा भटपुरवा में राघवेन्द्र सिंह के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
55	रंजीतनगर	ग्रामसभा रंजितनगर के मजरा बढईपुरवा दुर्गामन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
56	रंजीतनगर	ग्रामसमा रजितनगर के मजरा चौरी परिहार में धूप सिंह के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
57	रंजीतनगर	ग्राम सभा सरहरा में सन्तोष तिवारी के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
58	सरहरा	ग्राम सभा सरहरा के सरहरा खास में शिवमन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
59	दुल्हापुर पहाडी	ग्राम पंचायत दुल्लापुर पहाडी में हरिकेष के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
60	दुल्लापुर पहाडी	ग्राम पंचायत-दुल्लापुर पहाडी में हनुमान मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
61	दुल्लापुर पहाडी	ग्राम पंचायत-दुल्लापुर पहाडी में सम्मयमाता मंन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
62	देवरिया खास	देवरिया खास में अरूण कुमार के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
63	देवरिया खास	ग्राम सभा देवरिया खास में सत्यनरायन के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
64	देवतहा	ग्राम पंचायत देवतहा में काली मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
65	तेन्दुआ चौखड़िया	ग्राम सभा तेन्दुआ चौखडिया में हरिशंकर तिवारी के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
66	गौसिहा	ग्राम पंचायत गौसिहा में अनय विक्रम सिंह के घर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
67	गौसिहा	ग्राम पंचायत गौसिहा में कालीमाता मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
68	गौसिहा	ग्राम पंचायत गौसिहा ने राजन शुक्ला के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
69	गौनरिया	ग्राम सभा गौनरिया में सुनील सिंह के घर के पास के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
70	लोनवादरगाह	ग्राम पंचायत लोनवा दरगाह में बाबा बल्लभदास मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह
71	लोनवादरगाह	ग्राम पंचायत लोनवा दरगाह में दरगाह शरीफ के पास हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य	1 नग	394929.00	7899.00	560.00	3 माह

1-प्रत्येक कार्य /परियोजनाओ पर उपरोक्तानुसार कालम 05 में अंकित धरोहर की धनराशि का 02 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0 / बैंक ड्राफट के रूप में जमा करना होगा जो खण्ड विकास अधिकारी रूपईडीह के पक्ष में बंधक होगा। शेष धरोहर राशि 8 प्रतिशत भुगतान के समय अथवा बिल से कटौती कर ली जायेगी।

2-निर्धारित समय सीमा के पश्चात स्वीकार नही की जायेगी।

3-निविदा फर्म पर किसी प्रकार की कंटिंग परिलेख मान्य नही होगा।

4-निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एंव शब्दो में लिखना अनिवार्य होगा।

5-बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

6-निविदाता को निविदा के साथ टी-6 बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, प्रपत्र, जी0एस0टी. हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र सलग्न करना अनिवार्य होगा ।

7- भुगतान के समय नियमानुसार टी0डीएस0 जी0एस0टी0 एल0एफ0 की कटौती कर ली जायेगी।

(अभय कुमार)
खण्ड विकास अधिकारी
रूपईडीह-गोण्डा।

प्रमुख
बविता सिंह
क्षेत्र- पंचायत रूपईडीह गोण्डा।

पहले दिया प्रमाण पत्र फिर किया खंडन दी नाम जद तहरीर कोई कार्यवाही नहीं

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत क्यों लड़िया के गांव केला डाडी मैं एक विवादित जगह को लेकर लंबे समय से दो समुदायों के बीच विवाद चला आ रहा है जिस को लेकर प्रशासन ने उस विवादित जगह पर ताला लगवा दिया एक पक्ष उसे मस्जिद कार देना चाहता था तो दूसरा पक्ष उसका का विरोध कर रहा था जिसके चलते प्रशासन ने मामले को निपटने का पूरा प्रयत्न किया परंतु मामला नहीं निपटा तो विवादित जगह पर तत्कालीन एसडीम मलकानैन ने उस जगह पर ताला लगवा कर पुलिस की ड्यूटी लगवा दी गई।

दोनों पक्षों को बैठा कर कई बार मामले को निपटने का प्रयास किया परंतु बात नहीं बनी क्योंकि इस विवाद में दोनों तरफ से राजनीति हावी हो गई इसी के चलते 27 सितंबर को उस विवादित जगह की दीवार को किसी ने गिरा दिया जिसको लेकर अफरा तफरी मच गई और कुछ ही समय में कई थानों का फोर्स वहां पहुंच गया अंत में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए ताकि खुरापातीयों पर नजर रखी जा सके और यह विवाद तूल ना पकड़े ।

इसी दौरान एक समुदाय ने हाफिज फैजान रजा पुत्र मोहम्मद अबरार निवासी ग्राम बिहार मान नगला मारूफ बिहार कला परगनाबा तहसील जिला बरेली द्वारा कमेटी बनाकर मस्जिद संचालित दिखाते हुए28 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बफ बोर्ड में रजिस्ट्रेशन कराया गया जिसमें ग्राम प्रधान क्यों लड़ियां पुष्पा देवी के हस्ताक्षर एवं मोहर द्वारा बनाया गया प्रमाण पत्र सम्मिलित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत में मस्जिद होने का सत्यापन किया गया है परंतु ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने इसका जोरदार खंडन करते हुए शपथ पत्र देते हुए क्यों लड़ियां पुलिस को 41 लोगों के विरुद्ध नाम जद तहरीर देकर आरोप लगाया है के प्रमाण पत्र फर्जी है उस पर उनके ना हस्ताक्षर हैं ना उनकी मोर यह

दूसरे समुदाय ने फर्जीवाड़ा करके प्रमाण पत्र बनाया गया है तहरीर के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इस बाबत प्रभारी सीओ अजय कुमार यादव ने बताया प्रधान की तहरीर मिली है जिस विधिक राय लेने के लिए उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है निर्देश मिलते ही कार्यवाही की जाएगी इस घटना से लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं कहीं पर फर्जी वाडा की बात होती है तो कहीं पर राजनीति करने की भी बात कही जा रही है।

संक्षिप्त ख़बरें

नगर पंचायत सुरियावा में नाला निर्माण कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया शिलान्यास

भदोही/ सुरियावाऔ नगर पंचायत सुरियावा स्थित वार्ड नंबर 6 एवं 1 मैं नल निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 97 लाख के आसपासहै कार्य की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर नाला निर्माण कार्य से नगर को जल निकासी की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा लोगों को जल निकासी तथा की की सुविधा उपलब्ध रहेगी जिससे बरसात में लोगों को राहत प्रदान होगी इस मौके वार्ड नंबर 6 के सभासद मंतलालतथा वार्ड नंबर 1 के सभासद पति जयशंकर उर्फ नानक पर अधिशासी अधिकारी सुरियावा सुजीत कुमार विजय बाबू आलोक कुमार चंद्रेश यादव प्रधान मानपुर शसहीत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

आज दिनांक 3 दिसंबर 2024 को आकस्मिक रूप से मुख्य विकास अधिकारी भदोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष पांडे मौके पर उपस्थित रहे मौके पर नेत्र विभाग दंत विभाग पैथोलॉजी एवं ओपीडी कछ का निरीक्षण किया गया दंत विभाग के डॉक्टर को प्रशिक्षण पर जाना बताया गया इसी अस्पताल में प्रथम तल पर संचालित होम्योपैथिक विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया मौके पर जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉक्टर रश्मि उपस्थित नहीं मिली पैथोलॉजी कनेक्शन के समय टेक्नीशियन पंकज कुमार आर्य द्वारा अवगत कराया गया कि अभी यहां आयरन विटामिन डी एनीमिया एवं थायराइड के टेस्ट की किए जाने जैसी सुविधा नहीं है ओपीडी के निरीक्षण के समय 31 मरीज का रजिस्ट्रेशन किया जाना पाया गया।

मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर कार्यभार ग्रहण किया प्रथम कुलपति

विंध्याचल। मां विंध्यवासिनी राज्य विश्व विद्यालय के पहले कुलपति के रूप में बाबा गोरक्षनाथ धाम की मातृ शक्ति प्रो. शोभा गौर ने जगत जननी मां विंध्यवासिनी के चरणों में शीश झुकाने के बाद कार्यभार ग्रहण किया विंध्य की धरती पर कुलपति नियुक्त होने के बाद प्रथम आगमन के इस खास अवसर पर उनके साथ विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त/विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर विश्राम उपस्थित रहे ।

नाबालिक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस कर रही है छानबीन

जिगना। थाना क्षेत्र के एक गाँव में दलित वर्ग की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पीड़िता के पिता ने मंगलवार की शाम तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की शाम घर से ढाई सौ मीटर दूर शौच के लिए अरहर के खेत में गई बेटी के साथ पड़ोसी गाँव के युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से छूटने के लिए बेटी ने शोर मचाया तो मौके पर वह पहुँच गया। पकड़े जाने के डर से पिता को धक्का देकर जान से मारने की धमकी देते हैं भाग निकला। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। छानबीन के बाद मामला दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

गो आश्रय स्थल पशुपालन, कृषि, उद्यान एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का जिलाधिकारी ने किया समीक्षा

● -प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन (पीएम कुसुम)सोलर पंप योजना हेतु कृषक करें ऑनलाइन आवेदन-जिलाधिकारी

"परली दो - खाद लो "योजना, किसान पराली को न जलाएं, बल्कि निकटतम गौ आश्रय स्थल में ले जाकर उसके बदले में गोबर की खाद प्राप्त करें-सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात

भदोही – जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड से इतर कृषि ,उद्यान ,गौ आश्रय स्थल पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन (पीएम कुसुम)सोलर पंप योजना पर बल देते हुए बताया कि जनपद के ऐसे किसान जिन्होंने 6 इंच की बोरिंग करा ली है वे ऑनलाइन आवेदन करें ,जिसमें 60% अनुदान सरकार देगी 40% किसान स्वयं लगाएंगे। कुल लक्ष्य 185 के सापेक्ष अभी तक 89 आवेदन ही स्वीकृत हुए हैं।अधिक आवेदन करने पर बल दिया गया। मुख्य विकास कार्य डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने पराली को खेतों में न जलाने की अपील के साथ ही पराली के बदले गोबर की खाद प्राप्त करने हेतु "परली दो - खाद लो" योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी किसान अपनी पराली को निकटतम गौ आश्रय स्थल में ले जाकर उसके बदले में गोबर की खाद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उपनिदेशक कृषि से संपर्क करें।

जिलाधिकारी ने बायो पेस्टिसाइड्स ,बायो नेचुरल साइडस नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र ,प्राकृतिक खेती आदि पर बल दिया। उन्होंने फार्म टू टेबल कॉन्सेप्ट पर बल देते हुए स्थानीय किसानों से जैविक खेती कर सब्जियों आदि को सीधे उपभोक्ता को विक्रय पर बल दिया। जिलाधिकारी ने मिलेट्स अनाजों को बढ़ावा देने के लिए उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि मोटे अनाज सावां, कोंदो ,रागी, ज्वार ,बाजार ,आदि की मिलेट्स अनाजों को दैनिक खान-पान में शामिल करने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने मछुआ समुदाय के लाभार्थी परक योजनाओं, दुर्घटना बीमा आदि से आछादित करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर 15 दिन में चारागाह की भूमि का पशुपालन विभाग को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कि सभी बीडीओ, व डीपीआरओ की बैठक कराकर गोवंशों के लिए हरे व पौष्टिक चारे साईलेज आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराए।

उपनिदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्राथमिकता की योजनाओं के अंतर्गत कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन पीएम कुसुम सोलर पंप योजना, बीज डीबीटी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं पर देते हुए उन्होंने एग्री स्टॉक डिजिटल क्रॉप सर्वे में जनपद भदोही का प्रदेश में प्रथम स्थान है ।उन्होंने मृदा हेल्थ कार्ड योजना ,कृषक उत्पादक संगठन, सब मिशन आन,एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ,उत्तर प्रदेश श्री अन्य मिलेटस पुनरोदर्धार कार्यक्रम, जैविक

खेती की परियोजना, एग्रीकल्चर मेंकेनाइजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ़ क्रॉप रेजीडयू, प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालंबन योजना, भूमि संरक्षण अनुभाग योजना का तुलनात्मक प्रगति से अवगत कराया।

जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव ने उद्यान विभाग के अंतर्गत एकीकृत बागवानी विकास मिशन, अनुसूचित जाति/ जनजाति औद्यानिक विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यनिक विकास योजना नमामि गंगे, पौधशाला पीएमएफएमई सहित आदि योजनाओं के प्रगति पर बल दिया। जिलाधिकारी ने आलू में लगने वाले रोग से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करने का निर्देश दिया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि बेजवां स्थित हाईटेक नर्सरी में फूलगोभी एवं टमाटर का बीज डाला गया है। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक प्रमोद आदर्श ने ग्राम सभा के तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन की अद्यतन प्रगति, मत्स्य बीज वितरण, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना ,निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना ,प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना , मछुआ दुर्घटना बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड का माहवार लक्ष्य एवं पूर्ति हेतु कैंप लगाने, की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ डीपी सिंह द्वारा गो आश्रय स्थल व पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया गया ।उन्होंने जनपद के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम एक वृहद गो संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाने हेतु कम से कम एक हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने पर बल दिया। बृहद गौ संरक्षण केंद्र उदयकरनपुर के संचालन हेतु कल एसडीएम औराई के नेतृत्व में भूमि की पैमाइश कराकर बाउंड्री वॉल, जाली फेसं, खाई खुदवाकर संचालन शुरू किए जाने पर जिलाधिकारी ने जोर दिया। गो आश्रय स्थल में एफएफसी पूलिग से प्राप्त एवं व्यय धनराशि का विवरण नवंबर 2024 तक उपलब्ध कराने की सूचना से अवगत कराया गया। गो आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंशों के भरण पोषण हेतु समय से डिमांड अपलोड करना, मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को पूर्ण किए जाने हेतु इच्छुक पशुपालकों की सुपुर्दगी में गो आश्रय स्थलों से गोवंश दिया जाना, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत चिन्हित ग्रामीण परिवारों में कुपोषित परिवार को गो आश्रय से दूध देने वाली या गाभिन गाय उपलब्ध करना ,गो आश्रय से संबंधित नामित नोडल अधिकारी द्वारा पाक्षिक निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराना, शवों को समुचित निस्तारण ,समस्त गो आश्रय में सुरक्षित गोवंश के भरण पोषण में साइलेज के उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं के प्रगति से अवगत कराया गया।

कौलापुर में तिवारी फिलिंग किसान सेवा केंद्र का हुआ भव्य उद्घाटन

● -पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में जुटी तमाम हस्तियां

स्वतंत्र प्रभात

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के कौलापुर-सेमराध मार्ग पर धनापुर में मंगलवार को तिवारी फिलिंग किसान सेवा केंद्र का भव्य उद्घाटन हुआ। जहां पर पंडित रत्नेश जी महराज, शरद पाण्डेय, संदीप महराज समेत 11 विद्वान आचार्यों ने विधि विधान से पूजन कराया। मुख्य यजमान और पेट्रोल टंकी के डीलर राजकमल तिवारी ने पूजन किया। समाजसेवी कृष्ण मोहन तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद कृष्ण मोहन तिवारी ने कहा कि कौलापुर से लेकर सेमराध तक करीब डेढ़ दर्जन गावों के लोगो के लिए इस पेट्रोल पंप से काफ़ी सहूलियत होगी। कहा कि पेट्रोल और डीजल की शुद्धता और सही माप हमारी प्राथमिकता है। कहा कि यह पेट्रोल पंप से स्थानीय लोगों के वाहनों, एम्बुलेंस वाहन समेत लोगों को काफ़ी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर विधायक विपुल दूबे, ब्लॉक प्रमुख मनोज मिश्रा, अब्दुल लतीफ, विकास वर्मा, उमा शंकर यादव, अनूप श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन तिवारी, राजकमल तिवारी, सूर्य कमल तिवारी,विनय कुमार दूबे, श्यामधर मिश्रा, एडवोकेट कैलाश पति शुक्ला, राकेश अग्रहरि, अशोक शुक्ला, बड़कऊ मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, श्रीनिवास चतुर्वेदी, राकेश तिवारी, लवकुश तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मीरजापुर में की जायेगी

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 दिसम्बर 2024 को दीवानी न्यायालय परिसर में सुबह साढ़े 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । मीरजापुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महोदय मा. विनय आर्या के निर्देशन अनुसार पीएलबी राहुल गुप्ता ने विंध्याचल क्षेत्र पुरानी VIP, न्यू VIP , थाना गली बावली चौराहा रेहड़ा चूंगी क्षेत्र के आम जनमानस को डोर टू डोर समस्या के निस्तारण के लिए लोगो को जागरुक किया एवं पीएलबी राहुल गुप्ता के द्वारा आम जनमानस को बताया गया कि लोक अदालत में शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से संबंधित, बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली से संबंधित शमनीय दंड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद इत्यादी निस्तारण किए जाएंगे। यह जानकारी पीएलबी राहुल गुप्ता ने दिया।

सचिव व ग्राम प्रधान की उदासीनता से सार्वजनिक आयोजन स्थल बना ग्राम सचिवालय

● - ग्राम पंचायत सदस्य ने पिता के पट्टे की भूमि पर सचिवालय भवन का निर्माण होना बताया, सचिव के नही आने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के ऊंटी ग्राम पंचायत का सचिवालय भवन ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते सार्वजनिक आयोजन का स्थल बन चुका है। ग्राम पंचायत के सचिवालय में सरकारी कामकाज नही होने से ग्रामीण आए दिन अपने कार्यक्रम के लिए सचिवालय भवन का इस्तेमाल करते हैं। वहीं ऊंटी ग्राम पंचायत सदस्य बैरागी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने पिता के पट्टे की भूमि पर सचिवालय भवन का निर्माण करवाया है इसके बदले में दूसरे जगह भूमि देने के लिए कहा था लेकिन अभी तक भूमि नही दिया। आरोप लगाया कि सचिवालय भवन दो वर्ष पूर्व बना था लेकिन सचिव के नही आने से सचिवालय भवन में कोई सरकारी कामकाज नही होता है। सचिवालय भवन में सीसीटीवी कैमरा और कंप्यूटर उपकरण उपलब्ध नही है।सचिवालय भवन खाली होने से ग्रामीण तेरहवीं और शादी विवाह के आयोजन के लिए इसका उपयोग करते हैं। सचिवालय भवन सरकारी कार्य के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। ग्राम प्रधान मारकण्डेय प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत का सचिवालय भवन नवीन परती भूमि पर बनवाया गया है। पूर्व में ग्राम पंचायत सदस्य बैरागी के पिता को उक्त भूमि का पट्टा आवंटन किया गया था जिसे वर्ष 1973 में निरस्त कर दिया गया था। पंचायत सहायक(डाटा इंट्री ऑपरेटर) के इस्तीफा देने से पद खाली हो गया है जिसकी न ई नियुक्ति के लिए बीडीओ व एडीओ पंचायत को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने सचिवालय भवन में सचिव के बैठने की मांग किया है। इस संबंध में बीडीओ डॉ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

हिंदू रक्षा समिति के तत्वाधान में बंगला देश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर किया गया विशाल जनसभा

विशाल जुलूस निकाल कर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए दिया गया संदेश

मीरजापुर । भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में सनातन संस्कृति से जुड़े हिन्दु, बौद्ध, जैन, एवं सिख समाज पर किए जा रहे हमले, धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने के खिलाफ मिर्जापुर में 3 दिसंबर को हिन्दू रक्षा समिति के नेतृत्व में घंटाघर में विशाल जन सभा एवं विशाल जुलूस निकाल कर विरोध जताया। इस्कॉन संन्यासी चिन्मय कृष्णदास को मुक्त करने की मांग की गई। जुलूस निकाल कर अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करने का दिया गया संदेश। नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने कहा कि 1947 में बांग्लादेश 28 प्रतिशत हिंदू थे अब 7 प्रतिशत पर आ गए। भारत देश सहित कई अन्य राज्यों में अब हिंदुओ को घटने नहीं दिया जायेगा बल्कि उनको जगाया जाएगा। भारत सरकार बांग्लादेश से कायदे से बात करें। इस दौरान बड़ी संख्या विभिन्न हिंदू धर्म के लोग मौजूद रहे। जनसभा समाप्त कर महामहिम राष्ट्रपति को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी (रवि) का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। लालगंज क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय में कृषि सुचनातंत्र के सुंदरीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं सब मिशन आंन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी (रवी फसल) का आयोजन किया गया। इस कृषि निवेश मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि छानबे विधायक श्री मती रिकीं कोल तथा लालगंज खण्ड विकास अधिकारी बबिता सिंह तथा लालगंज ब्लॉक प्रमुख जयन्त कुमार ने दिप प्रज्वलीत करके किया। छानबे विधायक श्री मती रिंकी कोल का लालगंज खण्ड विकास अधिकारी बबिता सिंह तथा कृषि बैज्ञानिकों ने फूल गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। छानबे विधायक रिंकी कोल तथा लालगंज खण्ड विकास अधिकारी बबिता सिंह ने रवी फसल की बोआई तथा खाद के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी दिया। कार्यक्रम में कृषि बैज्ञानिकों ने भी रवी फसल बीमा, बोआई तथा खाद के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी दिया । बैज्ञानिकों ने पशुपालन के तरीके को किसानों को जानकारी दिया। बैज्ञानिकों ने नैनो यूरिया तथा नैनो डाई के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी दिया। बैज्ञानिकों ने कहाँ कि किसान अपने खेत की उपज बढाने के लिए अधिक मात्रा में युरिया तथा डाई खाद का प्रयोग कर रहा है जिससे किसानों के खेत की मिट्टी उसर हो जा रही है। किसानों को उचित मात्रा में ही खाद का करना चाहिए तथा आने वाले समय में नैनो यूरिया तथा नैनोडाई का प्रयोग करना चाहिए। इस कृषि निवेश मेला में लगभग पचास किसानों को निशुल्क नैनो यूरिया तथा नैनो डाई छानबे विधायक रिंकी कोल के करकमलों द्वारा किया गया। छानबे विधायक श्री मती रिंकी कोल के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकरती की स्टाल पर जाकर पौष्टिक आहार की जानकारी लिया तथा छोटे बच्चे का अन्न प्रशान का कार्य किया । इस कार्यक्रम में एडियो कृषि संजय कुमार पटेल, बीटीएम पवन सिंह, एडीओपीपी जसवंत सिंह, एटीएम अखिलेश सिंह पटेल, धरमेंद्र कुमार, एटीबी राजीव सिंह, चंदन कुमार गोदाम प्रभारी, टीएसी विमल यादव, टीपीयस अवनीश पटेल तथा कृषि बैज्ञानिकों में डाक्टर सुधीर श्रीवास्तव, डाक्टर यस यन सिंह, डाक्टर पंकज मिश्रा, डाक्टर जेपी सिंह, जिला कृषि अधिकारी अवधेश यादव,एडियो कापरेटीय संजय सिंह,आशीष सिंह इफको प्रभारी, आशीष श्रीवास्तव एरिया मैनेजर, अखिलेश कुमार बिंद अपना दल यस लालगंज सेक्टर प्रभारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में जीते पदक

चुनार, मीरजापुर । महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के तत्वाधान में जे0एन0एम0 कॉलेज वाराणसी द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक प्रतियोगिता सत्र 2024-2025 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार के खिलाड़ियों ने निम्नलिखित इवेंट में पदक प्राप्त किया। जिसमें सियाराम यादव 400 मीटर रेस स्वर्ण पदक, हरि ओम लंबी कूद कांस्य पदक,करन सोनकर त्रिकूद कांस्य पदक,अभय यादव 110 मीटर हर्डल रेस में कांस्य पदक,जितेंद्र यादव 400 मीटर रेस कांस्य पदक प्राप्त किया महाविद्यालय टीम का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ अरविन्द कुमार ने किया। विद्यार्थियों की सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने प्रभारी एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रो, कृषि रक्षा उपकरणों की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कराई गई ई-लाटरी

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन एवं कृषि निदेशालय, उ0प्र0 (अभि0अनु0) कृषि भवन, द्वारा दिए गए निर्देश रू 10000/- से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रो/कृषि रक्षा उपकरणों, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, रोटावेटर, थ्रेशिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लाभर्थियों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल/वेब साईट पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी0एल0ई0सी0) के समक्ष ई-लाटरी से आज दिनांक दिसम्बर 12.2024 को करायी गयी। चयनित कृषकों एवं प्रतीक्षा सूची के कृषकों के मोबाइल पर तत्काल एस0एम0एस0 सन्देश प्राप्त हुआ। समस्त योजनाओं में समस्त श्रेणी के कृषकों का ई-लाटरी कराये गए कृषि यंत्रों का विकास खंडवार विवरण विकास खंड सीखड़ में रोटावेटर के 02, पावर विडर के 01, जीरोट्रिल सीड ड्रील के 01 एवं पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर के 01, विकास खंड नारायणपुर में रोटावेटर 02, पावर विडर के 01, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी के 01, स्माल गोदाम के 01, पैडी/ मल्टीक्राप थ्रेसर के 01, विकास खंड जमालपुर में रोटावेटर के 02, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी हेतु 01, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस0एम0एस0 का 01, मानव रहित चेफकटर का02, पावर टिलर के 01, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर के 01, स्ट्रारीपर के 01 विकास खंड मझवा में रोटावेटर के 01, स्माल गोदाम 01, विकास खंड सिटी में रोटावेटर के 05, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी के 01, कल्टीवेटर के 01, स्माल गोदाम के 01, विकास खंड लालगंज में रोटावेटर के 01, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी के 01, स्माल गोदाम के 01, विकास खंड हलिया में रोटावेटर के 06, स्माल गोदाम के 01, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर 01, विकास खंड छानबे में रोटावेटर के 01, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी के 01, कल्टीवेटर के 01 विकास खंड राजगढ़ में रोटावेटर के 01 जीरोट्रिल सीड ड्रील के 01, मानव रहित चेफकटर के 01, पावर टिलर के 01, पैडीध् मल्टीक्राप थ्रेसर के 01 विकास खंड पहाड़ी में रोटावेटर के 02, सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी के 01, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर के 01 विकास खंड पटेहरा में रोटावेटर के 08, कल्टीवेटर 01, पावर टिलर के 02, स्माल गोदाम 01, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर 02 तथा विकास खंड कोन में रोटावेटर के 03 तथा पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर का 01 सफलता पूर्वक ई-लाटरी संपन्न हुआ, तथा ई-लाटरी में उपस्थित समस्त कृषक ई-लाटरी प्रक्रिया से संतुष्ट है।

कोषागार कार्यालय में 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस बैठक में समस्त कार्यालयाध्यक्ष/आहरण वितरण अधिकारी करें प्रतिभाग-डीएम



भदोही – जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष / आहरण वितरण अधिकारी को अवगत कराया गया कि 17 दिसंबर 2024 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त बिषयक उत्तर प्रदेश शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के कार्यालय ज्ञाप निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में कोषागार कार्यालय में दिनांक 17.12. 2024 को समय मध्याहन 12 बजे पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण / समाधान की कार्यवाही किया जाना है। उक्त के दृष्टिगत समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त महत्वपूर्ण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

बचपन डे केयर सेन्टर विन्ध्याचल, मीरजापुर में जागरूकता शिविर कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के संयुक्त सहयोग से उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में माननीय जनपद न्यायाधीश मीरजापुर श्री अरविन्द कुमार मिश्रा- ।। महोदय के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बचपन डे केयर सेन्टर पटेंगरा नाला, विन्ध्याचल में दिव्यांग एवं श्रवण बाधित विषय पर विधिक साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएलएसए सचिव विनय आर्या, एवं दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण पाण्डेय ने किया । डीएलएसए सचिव,अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित दिव्यांग एव श्रवण बाधित बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आप लोग पढ़ाई-लिखाई एवं खेल-कूद में रूचि रखे, क्योंकि आप लोगो से ही देश का भविष्य है। सचिव महादेय ने दिव्यांग कल्याण अधिकारी को भी निर्देशित किया की वह समय-समय पर मुहिम चलाकर उनके आवश्यकताओं का पूर्ति प्राथमिकता के आधार पर करें, तथा यदि कोई बच्चा किसी बिमारी से ग्रसित है तो उकसी जानकरी संबंध स्वास्थ्य केन्द्र को तत्काल देना सुनिश्चित करें। संचालक कृष्ण कुमार पाण्डेय ने दिव्यांगजन के माता-पिता को उनके देख-रेख से संबंधित विस्तार पूर्वक सलाह दिया, तथा बच्चो को उक्त कार्यक्रम में नृत्य व गायन का अवसर देकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में डी0एल0एस0एस0 कम्प्यूटर सहायक रंजीत कुमार, समन्वयक रामफेर शर्मा पी0एल0वी0 कृष्ण कुमार, जय प्रकाश सरोज, अमरेन्द्र सिंह व पुलस्त द्विवेदी आदि के सराहनी सहयोग दिव्यांग एवं श्रवण बाधित विषयक विधिक जागरूकता शिविर को सफल बनाया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

कौशाम्बी। जनपद में नगर निकाय उप चुनाव में नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी के वार्ड नम्बर 8 से दिनेश कुमार बाजपेयी को सभासद प्रत्याशी बनाया गया है भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन किया जिसमें मुख्य रूप से अझुवा चेयरमैन श्रीमती शान्ति देवी कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, भाजपा नेता पूर्व जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा करन सिंह, मण्डल महामंत्री प्रशान्त केसरवानी, सभासद मनोज कुमार त्रिपाठी, रामबाबू मोदनवाल, सुरेन्द्र द्विवेदी, देवेश चौधरी, मुन्ना गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने की गैर आकांक्षी विकास खण्डों तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड के प्रगति की विस्तृत समीक्षा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गैर आकांक्षी 03 विकास खण्ड-सिराथू, नेवादा एवं सरसवॉ तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 24 पैरामीटर के तहत विकास खण्डों में तैनात कर्मचारी ग्राम पंचायतों का नियमित रूप से भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराये जाने के लिए प्रतिदिन की रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। खण्ड विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे एवं हर 4 दिन में समीक्षा कर रिपोर्ट प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तरीय नामित अधिकारी/कर्मचारी आवन्टित ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण करायें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इण्डीकेटर्स में जनपद की रैंक की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों ने सरायअकिल व अझुआ ने भरे नामांकन कर चुनावी रणभूमि की तैयार

कौशाम्बी। जनपद के नगर पंचायत सरायअकिल और अझुआ में कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल कर दिए हैं। चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्थानीय नेतृत्व को मजबूती प्रदान करने का सन्देश दिया है।

सराय अकिल वार्ड नंबर 10 से मैदान में उतरे जितेंद्र कुमार चौरसिया

नगर पंचायत सराय अकिल में कांग्रेस के उम्मीदवार जितेन्द्र कुमार चौरसिया ने वार्ड नंबर 10 से नामांकन भरा है। चौरसिया ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपने वार्ड के विकास और जनसमस्याओं को सुलझाने का वादा किया। उन्होंने कहा, ÷जनता की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा।÷

अझुआ से विवेक कुमार ने वार्ड नम्बर 8 से भरा नामांकन

नगर पंचायत अझुआ में कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक कुमार ने वार्ड नम्बर 8 से अपना नामांकन दाखिल किया। विवेक ने चुनावी दौड़ में उतरते हुए स्पष्ट किया कि वह क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करने और पारदर्शिता के साथ प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

कांग्रेस के लिए अहम मोर्चा

नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी का यह कदम न केवल स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास है, बल्कि आगामी बड़े चुनावों के लिए आधारभूत रणनीति का हिस्सा भी है। पार्टी के स्थानीय नेताओं ने कहा कि यह चुनाव उनके लिए जनता के विश्वास को पुनः प्राप्त करने का एक बड़ा अवसर है।

चुनावी समीकरण और जनता की उम्मीदें

सराय अकिल और अझुआ के नागरिकों के लिए यह चुनाव केवल राजनीतिक बदलाव का अवसर नहीं है, बल्कि अपने इलाके के विकास की नई उम्मीद भी है। कांग्रेस के उम्मीदवारों ने अपनी रणनीतियों और वादों के जरिए जनता का ध्यान खींचने की पूरी कोशिश की है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चुनावी दंगल में जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

उद्योग के क्षेत्र में, इफ़को की उपस्थित ने किसानो की आशातीत मदद की। जीएसटी आयुक्त विजय कुमार।

● इफको के प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी के रोशडेल पायोनियर्स पुरस्कार पाने पर इफको परिवार को दी बधाई।

स्वतंत्र प्रभात
दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। आयुक्त (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर), प्रयागराज कमिश्नरेट, विजय कुमार सिंह,ने किसानो के प्रति इफ़को की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा है कि उद्योग के जिस क्षेत्र में, चाहे वह बीमा हो या कृषि रसायन या फिर एग्री फाइनेंस, इफ़को की उपस्थित ने किसानो की आशातीत मदद की है । उन्होंने यह भी बताया कि प्रयागराज रेंज में इफ़को सबसे बड़ी करदाता है और यह हर्ष का विषय हैं कि आज की तारीख़ में विभाग का इफ़को से कोई विवाद नहीं है।

आयुक्त (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर), विजय कुमार सिंह, का इफको फूलपुर संयंत्र में एक कार्यक्रम में आना हुआ था जहां उन्होंने इफको के प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी के रोशडेल पायोनियर्स पुरस्कार पाने पर इफको परिवार को बधाई दी। उन्होंने फूलपुर नैनो संयंत्र एवं कॉर्डेट का भी भ्रमण किया।

यहां पहुंचने पर उनका स्वागत इफको फूलपुर की ओर से संयुक्त महा प्रबन्धक वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने किया, एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद जीएसटी आयुक्त ने नैनो प्लांट तथा कार्डेट का भ्रमण भी किया जहां प्रधानाचार्य डॉ हरिश्चंद ने ड्रोन के प्रदर्शन को दिखाया और संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। नैनो प्लांट में उनका स्वागत अरुणकुमार ने किया।

अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर जनपद स्तरीय खेल कूद का आयोजन।

● दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है,। सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर जनपद स्तरीय खेल कूद / सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकार गौरव कुमार द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है, उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हर संभव सहायता को पहुंचना हम सब का कर्तव्य है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को सुगम शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जो सराहनीय है।जनपद के समस्त विकास खंडो से दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। 100 मीटर दौड़ मे रक्षित मिश्रा फूलपुर, अंकित सिंह कोराव ,आर्यन सोराव, श्रेजल जसरा ,कुर्सीदौड़ में ताहिर नगर क्षेत्र से गोलू शंकरगढ़ से, महक कौड़िहार से बैसाखी दौड़ मिस्ठी आर्य , चित्रकला में अर्पिता, थ्री लैग रेस में कलश, धागा मोती में देवराज, छूकर पहचानो में आरती, रस्सा कसी में रिंकू, फैंसी ड्रेस में आमना बानो द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गय।

सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी दीपक कुमार पांडेय, जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी, मनीष कनौजिया,स्थानीय पार्षद विश्वास रावत, योगेश चंद त्रिपाठी प्रधानाचार्य भारत स्काउट एवं गाइड इण्टर कॉलेज,विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक गण, स्काउट एवं गाइड के स्वयं सेवक, अभिभावक गण, समस्त स्पेशल एजुकेटर्स सहित अन्यान्न लोगों द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया गया। कार्यक्रम में समस्त विकास खंडो से एक-एक नोडल टीचर को दिव्यांग बच्चों हेतु सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय एवं शिक्षिका बबिता वर्मा ने किया।समस्त कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के देखरेख में संपन्न हुआ।

आक्रोशीत पटरी दुकानदारा ने नगर आयुक्त ज्ञापन सौपा

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। कटरा में कोई तोड़फोड़ के विरोध में रेडी पटरी दुकानदारों का एक प्रतिनिधि मंडल फुटपाथ व्यापारी एकता समिति प्रयागराज के मुख्य संरक्षक विजय गुप्ता के नेतृत्व सिविल लाइन नगर निगम मे नगर आयुक्त कार्यालय अपर नगर आयुक् अरविंद राय को कटरा में तोड़फोड़ के विरोध में ज्ञापन सौपा गया है इस अवसर में विजय गुप्ता ने कहा कि रेडी पटरी के दुकानदार किसी तरह रोजगार करके अपने परिवार को पालन पोषण करते और प्रधानमंत्री निधि लोन लेकर रोजगार कर रहे हैं नगर निगम कर्मचारी दुकान को पलट और तो छोड़ कर रहे हम लोगों को दुकान क्यों नहीं दी जा रही है।

महाकुंभ में करोड़ों लोग प्रयागराज आएंगे कितने लोग निर्धन होंगे ठेला से पटरी की दुकानदारों खरीदारी करें गरीबों को मकान दे रही है रोजगार दे रही है जो सैकड़ो दुकानों को पलट दिया यह उनका सामान उठा लेंगे।

प्रदेश महामंत्री प्रमिल केसरवानी एवं अहमद अली (पार्षद अशोकनगर) ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर निगम एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा आए दिन पटरी दुकानदारों की दुकान उजाड़ दिया जाता हैं या तो 1000 ,2000 का चालान कर दिया जाता है अगर अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न किया जाएगा तो वह पीएम स्वा निधि का लोन कहां से भरेगा नगर निगम के द्वारा वेंडिंग जोन की जमीन ने नाइट मार्केट रातों-रात बस दी जाती है गरीबों की बेंडिंग जोन बनने में सालों साल लग जा रहे हैं फुटपाथ व्यापारी एकता समिति महानगर अध्यक्ष विकास अग्रहरि एवं महामंत्री विमल गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक इनकी व्यवस्था नगर निगम द्वारा बसाने की प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से ना हो तब तक अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारो का चालान ना किया जाए सौंपने वालों दुकानदार सर्व अहमद अली(पार्षद) विमल गुप्ता विकास अग्रहरि लीलावती पांडे गणेश गुप्ता पंकज गुप्ता हेमंत दादा चंद्रेश दुबे विकास जायसवाल विकास अग्रहरि अनिल रावत संदीप जायसवाल शिवपति देवी आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे।

महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज द्वारा त्रिवेणी सभागार, रिजर्व पुलिस लाइन्स प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े पर्व महाकुम्भ-2025 में आने वाले आगन्तुकों/श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित सेवाएं दिये जाने तथा कुशल व्यवहार, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में होटल एसोशियन प्रयागराज के पदाधिकारियों तथा होटल व्यवसायियों/प्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

» महाकुम्भ के दौरान आगन्तुकों/श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु होटल पार्किंग/मल्टीलेवेल पार्किंग व आने-जाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में गहन विचार-विमर्श किया गया।

» महाकुम्भ के दौरान आगन्तुकों/श्रद्धालुओं को खाद्य सुरक्षा मानक के अनुसार खान-पान उपलब्ध किये जाने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। महाकुम्भ के दौरान होटलों/धर्मशाला/स्विशकाटेज के सीसीटीवी कैमरों की फीडिंग एवं स्टोरेज/फुटेज को सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

» होटलों/धर्मशाला/स्विशकाटेज के आगन्तुक रजिस्टर की प्रविष्ट को बिना किसी ओवरराइटिंग के साफ एवं स्पष्ट रुप से प्रविष्ट किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

» होटलों/धर्मशाला/स्विशकाटेज के अग्नि सुरक्षा मानक, आपातकालीन निकास, मेडिकल किट, इलेक्ट्रिक सेफ्टी को मानक के अनुरुप व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।

» होटलों/धर्मशाला/स्विशकाटेज में सुरक्षा के दृष्टिगत बैगेज स्कैनर/मेटल डिटेक्टर स्थापित किये जाने तथा पासवर्ड प्रोटेक्टेड वाई-फाई उपलब्ध कराये जाने एवं वाई-फाई लाग्स को सुरक्षित रखे जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

» किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/ अवैध गतिविधि के सम्बन्ध में होटल व्यवसायियों द्वारा तुरन्त सम्बन्धित स्थानीय पुलिस व एलआईयू से समन्वय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया ।

» विदेशी आगन्तुकों के फार्म-सी को अनिवार्य रुप से नियमानुसार प्रविष्ट किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

» साइबर फ्राड से बचाव हेतु होटल/धर्मशाला/स्विशकाटेज के विवरण/वेबसाइट से आम-जनमानस को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी जिससे आम जनमानस को साइबर फ्राड/गलत होटल बुकिंग से बचाया जा सके।

» होटलों/धर्मशाला/स्विशकाटेज में पुलिस तथा प्रशासन के आपातकालीन प्रमुख सीयूजी नम्बर को प्रदर्शित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

*उक्त गोष्ठी में पुलिस उपायुक्त कुम्भ/अपराध, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त यातायात, एडीएम नगर प्रयागराज, सहायक पुलिस आयुक्त अभिसूचना प्रयागराज उपस्थित रहे।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निषेध एक्ट के क्रियान्वयन के लिए सुप्रीम दिशा निर्देश जारी।

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। उच्चतम न्यायालय ने आज (3 दिसंबर) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH Act) के प्रभावी अनुपालन के लिए व्यापक निर्देश पारित किए।

न्यायालय ने विशेष रूप से निजी क्षेत्रों को शामिल करने के लिए POSH अधिनियम को "विकेन्द्रीकृत" करने पर जोर दिया, जिसके बारे में संघ ने भी कहा कि यह एक "लाल झंडा" है, क्योंकि वे POSH Act को लागू करने में "बहुत हिचकिचाहट÷ दिखा रहे हैं, विशेष रूप से यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन करने में।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने इस न्यायालय द्वारा 12 मई, 2023 और 22 अक्टूबर को पारित आदेशों के अतिरिक्त आगे के आदेश भी पारित किए , जब उसने पाया कि पॉश अधिनियम के कार्यान्वयन में " गंभीर खामियां " हैं।इसमें कहा गया है कि न्यायालय के आदेश की एक प्रति संबंधित राज्य के वकील द्वारा अनुपालन के लिए राज्य सचिवों के पास ले जाई जाएगी तथा उसके जवाब में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाएगी।

आज न्यायालय द्वारा निम्नलिखित निर्देश पारित किये गये-

जिला अधिकारियों, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

1. उपयुक्त सरकार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर को प्रत्येक जिले के लिए जिला अधिकारी के रूप में अधिसूचित करने की आवश्यकता, जिसमें जिले के डिप्टी कमिश्नर भी शामिल हों, ताकि वे POSH अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग या कार्यों का निर्वहन कर सकें।

2. प्रत्येक जिला अधिकारी को संबंधित जिले में एक समिति का गठन करना होगा, जिसे 'स्थानीय समिति' के रूप में जाना जाएगा, जो POSHअधिनियम की धारा 6 के तहत निर्धारित प्रतिष्ठानों से यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करेगी, जहां 10 से कम कर्मचारी होने के कारण या यदि शिकायत स्वयं नियोक्ता के खिलाफ है, तो आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन नहीं किया गया है।जहां भी स्थानीय समिति गठित नहीं की गई है, वहां जिला अधिकारी धारा 7(1) के अनुसार समिति गठित करेंगे। उक्त कार्य निर्धारित समय के भीतर किया जाएगा।

3. जिला अधिकारी को ग्रामीण या जनजातीय क्षेत्रों में प्रत्येक ब्लॉक/तालुका/तहसील में या शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका में एक नोडल अधिकारी नामित करना होगा, जो शिकायतें प्राप्त करेगा और प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर उन्हें स्थानीय समिति को भेजेगा।

4. राज्यों के मुख्य सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि मजिस्ट्रेट/जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर को राज्य के प्रत्येक जिले के लिए पदेन जिला अधिकारी नियुक्त किया जाए।

स्थानीय समिति-कार्यकाल एवं अन्य शर्तें

1. स्थानीय समिति का अधिकार क्षेत्र उस जिले के क्षेत्र तक विस्तृत होगा जहां इसका गठन किया गया है।

2. स्थानीय समिति आई.सी.सी. के अतिरिक्त होगी, विशेष रूप से जहां 10 से कम कर्मचारियों के कारण आई.सी.सी. का गठन नहीं किया गया हो।

3. यदि शिकायत नियोक्ता के विरुद्ध हो तो स्थानीय समिति शिकायतकर्ता की सहायता करेगी।

4. पीड़ित महिला द्वारा स्थानीय समिति को शिकायत करने के लिए, प्रत्येक ब्लॉक/तालुक/तहसील या नगर पालिका के लिए नोडल अधिकारियों के नाम और उनके पदनाम जिला अधिकारी की वेबसाइट पर अधिसूचित किए जाएंगे, जो जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर आदि के अलावा कोई नहीं होगा।

SHeBo& पोर्टल

1. जिन भी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य सरकारों या केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा SHeBo& पोर्टल स्थापित किया जाता है, उन्हें प्रत्येक जिले के नोडल अधिकारियों के नाम और पदनाम भी दर्शाने होंगे।

2. जिला अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि POSH अधिनियम की धारा 26 के अनुसार जिलों में संगठनों के भीतर ICC का गठन किया जाए, जहाँ नियोक्ता द्वारा ICC का गठन न करने पर दंड का प्रावधान है। उसे POSH एक्ट की धारा 20 के तहत कर्तव्यों का अनुपालन भी सुनिश्चित करना चाहिए।

3. मुख्य सचिव, उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेटों आदि को निर्देश देंगे कि वे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उन संगठनों की संख्या का भी सर्वेक्षण करें जिन्होंने पहले ही आईसीसी का गठन कर लिया है तथा रिकार्ड के लिए सूचना मांगें।

4. 22 अक्टूबर के आदेश के माध्यम से न्यायालय ने शीबॉक्स पोर्टल की स्थापना पर ध्यान दिया तथा उक्त पोर्टल पर जानकारी भरी जा रही है। अनुपालन के लिए प्रासंगिक जानकारी दर्शाने के लिए राज्य शीबॉक्स तक पहुँच सकते हैं।

5. जिला अधिकारी आईसीसी और स्थानीय समिति की स्थापना के लिए अधिनियम की धारा 4 और 6 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित विवरण अपलोड करेंगे।

6. प्रत्येक राज्य शिकायत दर्ज करने के लिए शीबॉक्स स्थापित करने पर विचार कर सकता है।

पीड़ित महिलाएं कानूनी सेवा संस्थानों से संपर्क कर सकती हैं

1. कानूनी सेवा क्लिनिक/पैरालीगल स्वयंसेवकों के माध्यम से

2. कानूनी हेल्पलाइन- 15100

3. विधिक सेवा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से, जिसका विवरण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4. अगर कोई पीड़ित महिला आईसीसी या स्थानीय समिति तक पहुंचने में असमर्थ है, तो वह हेल्पलाइन या अन्य तरीकों से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। आवश्यक मामलों में, संबंधित पुलिस स्टेशन से संपर्क करने के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी।

विश्व दिव्यांग दिवस के पर दिव्यांगजनों को उपकरणों का किया गया वितरण

● 452 लाभार्थियों को 820 उपकरणों का किया गया वितरण।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा संचालित एडिप योजनान्तर्गत मंगलवार को जिला पंचायत परिसर में वृहद स्तर पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव श्र राजमणि कोल व अन्य जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय-चाका ब्लाक की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एडिप योजनान्तर्गत जिला पंचायत परिसर में कुल 452 लाभार्थियों को 820 उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें 140 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 203 ट्राईसाइकिल, 36 फोल्डिंग व्हील चेयर, 240 बैसाखी, 97 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 01 रोलेटर, 03 ब्रेल केन, 01 स्मार्ट फोन, 14 सुगम्य केन, 58 श्रवण यंत्र (कान की मशीन), 19 फोल्डेबल वॉकर एवं 08 टीएलएम किट के माध्यम से चयनित लाभार्थियों को वितरित कर लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने कहा कि विकलांग से दिव्यांग शब्द को लाने वाल प्रधानमंत्री जी है, जिन्होंने आपको दिव्यांग शब्द से सम्बोधित कर आपका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए निरंतर कार्य कर रही है और उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग शब्द से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने दिव्यांग भाई-बहनों से कहा कि आप समाज के पूर्ण व्यक्तियों से ज्यादा साहसी है। आप अपने आपको कमजोर कदापि न समझे। डबल इंजन की सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आपके विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर मा0 विधायक करछना श्री पियूष रंजन निषाद ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी का जो सपना था, वह अब साकार हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा तहसील व ब्लाक स्तर पर शिविर का आयोजन करके दिव्यांग भाई-बहनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, एलिम्को के कनिष्ठ प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आभा श्रीवास्तव ने किया।

जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक

● बैठक में अधिशासी अधिकारी-चरवा एवं सराय अकिल के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गीद्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा कर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अधिकारी-चरवा एवं सराय अकिल के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने गांगा के किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण कार्य को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने एडीओ पंचायत एवं डीसी को आपसी समन्वय बनाकर अपने-अपने विकास खण्डों के मॉडल ग्रामों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉडल ग्रामों का मानक के अनुसार मॉनीटरिंग करेंगे एवं ग्रामवासियों से बात-चीत कर फोटो सहित अवगत करायेंगे। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 15315 व्यक्ति पात्र पायें गये, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 11885 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी एम0आई0एस0 के सापेक्ष 3430 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 7135 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 408596 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 394845 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है, अवशेष 13751 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने उदय साव की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

बरही- सोमवार रात करीब 9 बजे हजारीबाग के व्यस्त पुलिस लाइन क्षेत्र के पीछे एक भयावह घटना घटी। कटकमदाग प्रखंड के पूर्व मुखिया उदय साव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने इस निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे समाज के लिए एक कलंकपूर्ण घटना करार दिया। अरुण साहू ने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज का ताना-बाना कमजोर होता है। प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी और अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस नेता ने उदय साव के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में हम सब साव परिवार के साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करें।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में हुआ साइकिल का वितरण

साइकिल चलाने से होता हैं शारीरिक व मानसिक विकास - हरेंद्र गोप

बरही- बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिमा में स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कें रूप में बसरिया पंचायत कें मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप कें द्वारा किया गया। जहां विद्यालय के करीब 28 बच्चों के बीच साइकिल वितरित किया गया। बच्चे साइकिल पाकर काफी खुश नजर आए। अपने सम्बोधन में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने बच्चों से अपील किया की बच्चे नियमित रूप सें साफ सुथरा पोशाक पहनकर स्कूल आए और शिक्षा ग्रहण करे।मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, वार्ड सदस्य मिनेश शर्मा समेत समस्त विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल रहे।

दारू प्रखंड के बीडीओ और थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

दारू-रामनवमी, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक ने दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और दारू थाना प्रभारी सफीक खान को किया सम्मानित। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बतलाई की 1 वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। और यह काफी गर्व की बात है। इस महापर्व में हर एक अधिकारी और पदाधिकारी ने अपना सहयोग दिया। दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने बतलाया कि जब मुझे उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया जा रहा था। तो मुझे गर्व महसूस हो रहा था कि मैं अपने कामों को बेखूबी अच्छे से निभाया और आने वाले टाइम में भी अपने कामों के प्रति हम सजक होकर काम करेंगे। और दारू थाना प्रभारी ने बतलाया कि जब मुझे सम्मानित किया जा रहा था। तब मुझे खुशी महसूस हो रहा था और एक वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। यह भी एक गर्व की बात है।और आगे जितने भी दायित्व मुझे दिया जाएगा। उस कामों को में शांतिपूर्ण तरीके से करूंगा।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा

अलीगढ़। थाना रोरावर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा कारतूस सहित एक युवक गिरफ्तार कर न्यायालय मूं पेश कर जेल भेजा है। थाना रोरावर पुलिस टीम ने जीशान पुत्र रिहान नि0 गली नं0 10 फातिमा मस्जिद के पास मामूद नगर थाना रोरावर को मय एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गौशाला के पीछे खाली प्लाट की वाउन्ड्री के पास से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

रांची- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

हजारीबाग में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित, जरूरतमंदों को कपड़े वितरण और निशुल्क चिकित्सा शिविर

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई, समाज कल्याण प्रकोष्ठ एवं जिला महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आज हजारीबाग में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 9:00 बजे जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिंहा और कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद के नेतृत्व में वीसी आवास के पास स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिला कमेटी के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। इसके बाद, सुबह 10:00 बजे स्थानीय बाड़म बाजार स्थित दुर्गा प्रसाद ट्रस्ट हॉल में जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला शिल्प कला केंद्र एनजीओ के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महिला, पुरुष, वृद्ध और बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सामान्य और गर्म कपड़े वितरित किए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस पहल का लाभ उठाया और आयोजकों को आशीर्वाद दिया। शिविर में चार प्रमुख चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई जिनमें दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा, सामान्य चिकित्सा, ब्लड शुगर और बीपी जांच है। दिनभर चले इस शिविर में करीब 200 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। उन्हें मुफ्त दवाइयां और परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का समापन उत्तम भोजन के साथ हुआ। जिला कमेटी ने पूरे चिकित्सा दल और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

27वें स्थापना दिवस के अवसर पर सॉफ्टेक का तीन दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर

●10-10 पंचायत करके दो चरणों में आयोजित होंगे प्रशिक्षण, 8 दिसंबर से पंजीकरण प्रारंभ, 500 विद्यार्थियों का लक्ष्य - निदेशक

स्वतंत्र प्रभात

बरही - 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही प्रखंड के विभिन्न 20 पंचायतों में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर दो चरण में आयोजित किए जायेंगे। प्रथम चरण के तहत कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, बेंदगी, रसोईया धमना, पंचमाधव ऊर्फ बसरिया, करियातपुर, धनवार, दुलमहा और रानीचुआ पंचायत तथा दूसरे चरण में प्रखंड के शेष बचे अन्य दस पंचायतों में यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने बताया कि 1997 से उनका केंद्र विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बरही अनुमंडल में समय समय पर निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाकर कंप्यूटर क्रान्ति लाने का प्रयास करता रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी मिले है। आज प्रखंड के लगभग लोग इससे वाकिफ हो चुके है जिन्हे साक्षर होना अनिवार्य है। उनके केंद्र से अब तक हजारों विद्यार्थी देश व विदेश में अच्छे पद पर नियोजित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर साक्षर करने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत के 25 विद्यार्थियों को चयनियत किया जाना है। चयन पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत किए जायेंगे। इच्छुक विद्यार्थी हमारे केंद्र हजारीबाग रोड बरही स्थित यूनियन बैंक के ऊपरी तल्ला पर स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन या रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय स्थित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर अथवा कोनरा पंचायत मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र से पंजीकरण करवा सकते है। पंजीकरण 8 दिसंबर से प्रारंभ होंगे। सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को उनके ही पंचायत मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण के दौरान बेसिक कंप्यूटर संचालन के साथ पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जाति, आय, आवासीय, टिकट आरक्षण आदि सहित विभिन्न प्रकार के सरकारी व गैर सरकारी कार्य करने की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणोपरांत भारत सरकार द्वारा प्रमाणित सर्टिफिकेट भी दिए जायेंगे।

बंगाल सरकार द्वारा आलू वाहनों के रोकने से झारखंड में बड़े आलू की कीमत पर सदन में मुखर दिखे सांसद मनीष जायसवाल

●कहा आलू गरीबों के निवाला से जुड़ा है और इसके कीमत में संतुलन बनाने के लिए केंद्र सरकार यथाशीघ्र हस्तक्षेप करे

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड- बंगाल अंतरराज्यीय सीमा पर आलू की आपूर्ति रोके जाने के बाद झारखंड में आलू की कीमत पर तेजी से इजाफा हुआ है। इस मामले को मंगलवार को देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के पटल पर वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पुरजोर तरीके से उठाया। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर इस संबंध में मुखरता से झारखंड की जनता की आवाज़ बनकर बात रखते हुए कहा की पश्चिम बंगाल सरकार की नीतियों के कारण झारखंड में आलू की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है और यह झारखंड के लिए वर्तमान समय में उत्पन्न अत्यंत गंभीर मुद्दा बन गया है। इस और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कहा कि आलू गरीबों का निवाला है और इसका पौष्टिक संतुलन में बड़ा रोल है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की सरकार ने बॉर्डर पर एक राज्य से दूसरे राज्य में जो खदान जाते हैं उससे संबंधित कानून का धत्ता बताते हुए हजारों आलू लदे ट्रक को रोक दिया और जबरन वापस करने का निर्णय लिया। सांसद मनीष जायसवाल ने पुणे यह दोहराया कि आलू गरीबों के निवाला से जुड़ा सब्जी है और झारखंड में गरीब लोग आलू की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि होने से बेहद परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आलू का उत्पादन काम हुआ है तो इसके कीमत में संतुलन बना रहे इसके लिए केंद्र सरकार को इस जनहित के मुद्दे पर यथाशीघ्र हस्तक्षेप करना जरूरी है।

बरही विधायक मनोज यादव ने उदय साव की हत्या पर जताया गहरा शोक, पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात

बरही- सोमवार रात करीब 9 बजे हजारीबाग के पुलिस लाइन क्षेत्र के पीछे एक सनसनीखेज वारदात में कटकमदाग प्रखंड के पूर्व मुखिया उदय साव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस निर्मम हत्या ने पूरे जिले में आक्रोश और भय का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव सोमवार रात आरोग्यम अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने उदय साव की हत्या पर गहरा खेद व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए शर्मनाक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था की विफलता है, बल्कि समाज की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। ऐसी घटनाएं समाज के ताने-बाने को कमजोर करती हैं और लोगों में असुरक्षा की भावना को बढ़ावा देती हैं। विधायक मनोज यादव ने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस को सतर्क होकर काम करना होगा ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि समाज में एक मजबूत संदेश जाए। मनोज यादव ने पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी से ही जनता का प्रशासन पर विश्वास बहाल हो सकता है। उन्होंने इस घटना को एक चेतावनी के रूप में लेने की अपील की और पुलिस प्रशासन से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। मनोज यादव ने उदय साव के शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत दुखद घटना है और इस कठिन समय में पूरा क्षेत्र साव परिवार के साथ है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस कठिन समय से उबरने का साहस मिले।

वर्षों से प्रवाहित नाला में आवागमन की सुविधा हेतु पुल निर्माण की स्वीकृति अब तक नहीं मिलने से लोगों में बढ़ रहा है रोष

●ग्रामीणों ने आवागमन में सुविधा के लिए जिला प्रशासन से की गाडा में पुल निर्माण की मांग

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड- वर्षों से प्रवाहित लागडुम पंचायत के चिरुडीह टोला स्थित जोरिया जिसे टोला बासी गाडा कहते हैं, इस नाला पर पुल एवम ध्वस्त कच्ची रोड पर पीसीसी पथ के निर्माण नहीं किये जाने से इनदिनों लोगों में गहरा रोष देखा जा रहा है। उक्त गाडा पर पुल के संदर्भ में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से लागडुम साप्ताहिक हाट आये ग्रामीणों ने भी अपनी नाराज़गी जताते हुए स्पष्ट कहा कि एक लम्बे समय से नाला पर सड़क पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने से आवागमन में कठिनाई विशेष वर्षा के मौसम में होती है। लोगों ने कहा कि उक्त पुल के अलावे इस टोला से छोटा बरमसिया ग्राम के निकट ध्वस्त आरइओ सड़क तक पक्की या पीसीसी पथ का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे कई ग्रामीण इलाकों के लोगों विशेष रुप से छात्र-छात्राओं, महिलाओं को आवागमन में सभी मौसम में सुविधा हो सके। लोगों का मानना है कि उक्त नाला पर पुल व अच्छी सड़क के निर्माण होने से रोड टोला, छोटा बरमसिया, काटालदीघि, माड़ ग्राम, साल पानी, चांदना सहित अनेक गांवों के लोगों को विशेष सुविधा जाने-आने में अवश्य होगी। लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त नाला में पुल तथा कच्ची पथ को पीसीसी कराने की स्वीकृति देने की मांग की है ताकि टोला के लोगों के सिवाय अन्य ग्राम के लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

कटकमदाग प्रमुख पति उदय साव की गोली मारकर हत्या, पुलिस कर रही है अपराधियों की खोज

स्वतंत्र प्रभात

कटकमदाग - हजारीबाग के कटकमदाग प्रमुख पति एवं पूर्व मुखिया उदय साव को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी, यह घटना बीते रात करीब 9:30 बजे लोहसिंगना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलघटी में पुलिस क्लब के समीप घटित हुआ, जहां पर अपराधी आए और उदय साव के माथे पर पांच से अधिक गोलियां दाग कर फरार हो गए, वहां के लोगों ने तत्काल उन्हें आरोग्यं अस्पताल में भर्ती कराया परंतु सर में गोली लगने की वजह से उदय साव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। उदय साव के दो पुत्र अक्षत (9साल) एवं हर्षित (7साल)है, जो डीपीएस स्कूल में पढ़ाई करते हैं, इनके पिता का नाम नेमन साव एवं भाई संतोष साव है।

क्या कहते हैं मृतक के परिजन

परिजनों से बात करने पर पता चला कि उदय साव शाम को निकले एवम कुछ लोगो से मिले फिर एसडीओ से मिले, परिजनों के अनुसार जब उदय साव एसडीओ के पास थे ,तो उन्हें उसी समय बार-बार किसी का फोन आने लगा और जब उदय साव बाहर गए तो अपराधियों ने यह घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण कहते हैं कि उदय साव बहुत ही नेकदिल इंसान थे, जनसरोकारों से संबंधित सभी मुद्दों को वह उठाते रहे और हमेशा गरीबों के लिए खड़े रहते थे।, उनके जाने से यह अपूरणीय क्षति से हम सब बहुत आहत हैं।

वहीं एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि यह घटना रात 9:30 बजे की है। एसपी ने कहा कि एसडीओ आवास के सामने एक गली में उदय साव को गोली मारी गई हैं, इस गली में एक लड़की रहती हैं उसी से वह मिलने आए थे। एसपी ने कहा कि यह घटना जमीन से जुड़ा है, अनुसंधान कर रहे हैं पूरे मामले का खुलासा जल्द ही कर देंगे। अंतिम संस्कार में प्रखंड के सैकड़ो लोग शामिल हुए एवं प्रशासन से मांग किया की अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, अंतिम संस्कार में मुखाग्नि मृतक उदय साव के बड़े पुत्र अक्षत ने दिया।

बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट -बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा समिति चित्रकूट द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियो द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में मंगलवार को चित्रकूट के हिन्दुओं के विशाल जनसैलाब ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सौंपा। इस दौरान संतो ने आह्वान किया कि बांग्लादेश के अंदर जिस प्रकार से हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं हिंदू देवालयों पर लक्षित हमले हो रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है तथा वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा उसकी अन्य एजेंसियां इसे रोकने के स्थान पर केवल मूकदर्शक बन करके बैठी हुई हैं। विवशतावश बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभर रहा है। अभी तुरन्त के घटनाक्रम में बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक व अमानवीय है तथा हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है हम प्रारंभ से ही यह मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी, जैसी रोक लगनी चाहिए थी वैसी रोक नहीं लगाई है ।

भारत सरकार का प्रतिउत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानीपूर्वक और न्यूनतम रहा है। एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है, परंतु एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व सारे पड़ोसी देश व भारत सरकार सिर्फ देखते रहें और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी स्वीकार नहीं है। ससम्मान यह भी निवेदन करना है कि भारत सरकार की अग्रणी भूमिका में विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को अपने संज्ञान में लेते हुए बांग्लादेश सरकार के ऊपर दबाव बनायें कि हिंदुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार एवं देवालयों को लक्षित करके निशाना बनाए जाने की घटनाओं को तत्काल रोकें और तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की जाए और किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी, हिंदू संत, धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण से गिरफ्तार करने की उत्पीडनात्मक कार्यवाही बंद हो। इस मौके पर महंत दिव्य जीवन दास, मदन गोपालदास, महंत रामहृदय दास, डॉ रामनारायण त्रिपाठी, वरुण दास महराज, प्रदीपदास, श्यामसुंदर मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, महेंद्र, लोकेंद्र, दीपेन्द्र, अतुल प्रताप, विजय किशोर, रामा, श्यामा, ज्योति सिंह, राजेन्द्र त्रिवेदी, जगदीश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति संयोजक आशीष सिंह ने किया।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व दिव्यांग समारोह

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट - जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने विश्व दिव्यांग दिवस समारोह में कहा कि पूरे विश्व में सबसे पहले उन्होंने दिव्यांग छात्रों के लिए एशिया की प्रथम विश्वविद्यालय की स्थापना 26 जुलाई 2006 में की थी। उन्होंने दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए यह संकल्प लिया था। कहा कि सभी दिव्यांग जन उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में के विभिन क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाएं। इस विश्वविधालय के राज्य विश्वविद्यालय होने पर सभी विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक गतिविधियां जल्द ही मिलेगी। उन्होंने कुलपति को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में जिन आधुनिक पाठयक्रमों का संचालन नहीं हो रहा है, उन समस्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएं। साथ ही इसके अंतर्गत आने वाले छात्रों को अच्छी शिक्षा और संस्कार भी दिए जाएं। कार्यक्रम में कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह, रीवा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजकुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन डॉ गोपाल मिश्र ने किया। इस अवसर विश्वविद्यालय के समस्त कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, प्राध्यापक, कर्मचारी सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे। इसके बाद कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयोजित आनंद मेले का भी उद्घाटन किया।

वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र पाण्डेय के निधन से पत्रकारों में शोक

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट- जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पांडेय का मंगलवार को निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। उन्होंने सुबह अपने घर में अंतिम सांस ली। मित्रों और परिचितों में पांडेजी के नाम से मशहूर राजेंद्र पांडेय के निधन से जिले में पत्रकार जगत में शोक छा गया। निर्भीक पत्रकार की छवि रखने वाले राजेंद्र पांडेय ने कई अहम अखबारों में काम किया। वर्तमान समय में भी वह एक हिंदी दैनिक के ब्यूरो चीफ थे। उन्होंने कई उन मुद्दों पर अपनी कलम चलाई, जिन पर लिखने से लोग गुरेज करते रहे। वह कई महीने से गले के कैंसर से पीड़ित थे और हाल ही में उनका फेटिंस अस्पताल में आपरेशन भी हुआ था। हालांकि आपरेशन के बाद से उनकी हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती चली गई। वह अपने पीछे पत्नी, तीन बेटों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। पांडेजी की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। उनके निधन पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी सहित पूरे जिले के पत्रकारों ने शोक जताया है।

मोदी जी की मैहर मैसी की फिल्म पर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी की पूरी कैबिनेट को 'द साबरमती रिपोर्ट 'फिल्म देखते हुए अखबारों में छपी तस्वीर ने दिल खुश कर दिया। हमें गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री अकेले नहीं बल्कि पूरी कैबिनेट के साथ बैठकर कोई फिल्म भी देखते हैं। मोदी जी की दिनचर्या बेहद व्यस्त रहती है । वे 24 में से 18 घंटे काम करते हैं, ऐसे में यदि वे कोई फिल्म देखने के लिए वक्त निकालते हैं तो ये हैरानी का नहीं बल्कि गौरव का विषय है। विपक्षी खामखां मोदी जी के फिल्म देखने को लेकर हलाकान हो रहे हैं। मै इस बात के लिए अपने देश के देशी प्रधानमंत्री जी का हमेशा कायल रहा हूँ कि वे जो भी करते हैं खुल्लम -खुल्ला करते हैं। छिपाते नहीं हैं। उनके मन में मेल बिलकुल नहीं है । वे निर्मल चित्त नेता हैं, नायक हैं। उन्होंने यदि विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट देखी तो उसे छिपाया नहीं, बल्कि इसकी इत्तला बाकायदा अपने एक्स खाते पर भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगी एनडीए सांसदों के साथ द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखी. उन्होंने फिल्म बनाने वालों की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म की तारीफ में लिखा, "मैं द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म के निर्माताओं की सराहना करता हूं और इस प्रयास के लिए उन्हें बधाई देता हूं." प्रधानमंत्री जी के फिल्म देखने के शौक को लेकर कांग्रेसियों के पेट में दर्द हो रहा है । दर्द होना स्वाभाविक है ,क्योंकि कांग्रेस के नेता कभी फिल्म देखने जाते ही नहीं। कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को तो भारत जोड़ो यात्रायें करने से ही फुरसत नहीं मिलती, और अगर मिल भी जाये तो वे धूं-धूंकर जल रहे मणिपुर के राहत शिविरों की तरफ दौड़ लगाते हैं। मणिपुर को लेकर संसद में हंगामा करते हैं और करते हैं। वे क्या जानें की फ़िल्में देखना सेहत के लिए कितना लाभप्रद होता है ? राहुल बाबा को मोदी जी से इस मामले में प्रेरणा लेना चाहिए। जस उम्र में लोग माला जपने लगते हैं, उस उम्र में मोदी जी फ़िल्में देख रहे हैं।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को पता नहीं क्यों मोदी जी को फिल्म देखकर ऐसा लगता है कि -'रोम जल रहा है और नीरो बंशी बजा रहा है। वे सरकार पर हमला करते हुए कहते हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी मणिपुर और जीडीपी पर ध्यान नहीं दे रहे, फिल्म देख रहे है। पंडित प्रमोद तिवारी जी को शायद ये मालूम नहीं है कि न तो मणिपुर रोम है और न मोदी जी नीरो । तिवारी जी को शायद ये भी नहीं पता कि मोदी जी बंशी नहीं बल्कि डंका वादक है। वे डंका बजाते हैं। वैसे भी फिल्म देखना हर नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है। प्रधानमंत्री को भी ये अधिकार हासिल है । मणिपुर जाना न जन्मसिद्ध अधिकार है और न ड्यूटी। अब किसी को मणिपुर नहीं जाना तो नहीं जाना । किसी को फिल्म देखना है तो देखना है । पसंद अपनी -अपनी, ख्याल अपना-अपना। 'द साबरमती रिपोर्ट 'देखकर देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह साहब भी गदगद नजर आये । वे इतने गदगद मणिपुर हिंसा की किसी रिपोर्ट को देखकर गदगद नजर नहीं आये। गृह मंत्री अमित शाह ने भी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट 'की सराहना की और इसे गोधरा के सच को उजागर करने वाला बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "इस फिल्म ने देशवासियों को गोधरा कांड के असल सच से परिचित कराया और बताया कि कैसे एक पूरा इकोसिस्टम इसे छिपाने में लगा था ? आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और एनडीए सांसदों के साथ इस फिल्म का आयोजन किया गया है, और मैं पूरी फिल्म टीम को इस प्रशंसनीय प्रयास के लिए बधाई देता हूं। सब जानते हैं कि देश की संसद में विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है, ऐसे में रिलेक्स होने के लिए फिल्म देखना जरूरी है। विपक्ष को भी कोई न कोई फिल्म जरूर देखना चाहिए। विपक्ष यदि मणिपुर में जारी हिंसा का सच और उसके पीछे जारी ईकोसिस्टम को उजागर करना चाहता है तो उसे भी कोई एकता कपूर खोजना चाहिए,किसी विक्रम मैसी की तलाश करना चाहिए ताकि वो भी कोई 'द मणिपुर रिपोर्ट 'नाम से फिल्म बना सके। ऐसी फिल्म को कांग्रेस शासित राज्यों में करमुक्त भी किया जाना चाहिए ,लेकिन दुर्भाग्य कि कांग्रेस को कुछ करना आता ही नहीं है सिवाय गाल बजाने के। अब गाल बजाकर तो आप माननीय मोदी जी का, डॉ भागवत जी का, माननीय नड्डा जी का ,माननीय अमित शाह जी का मुकाबला कर नहीं सकते। ये सभी दिग्गज गाल बजाने में भी कांग्रेस की टीम से मीलों आगे हैं। दअरसल कांग्रेस को कुछ करना आता ही नहीं है । कांग्रेस न गड़े मुर्दे उखड़वा पाती है और न किसी पूजाघर का सर्वे करने के लिए अदलात की शरण ले पाती है। आजकल तो कांग्रेस दंगे करना भी भूल गयी है, ये पुण्य कार्य भी भाजपा को ही कराना पड़ रहा है।

कांग्रेस केवल ख्वाब देखती है, देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने का । कांग्रेस को न तो डॉ भागवत की तरह देश में घटती प्रजनन डॉ की चिंता है और न समाज के वजूद को समाप्त होने की चिंता। यदि होती तो कोई कांग्रेसी डॉ भागवत की तरह देश की जनता से तीन बच्चे पैदा करने की मार्मिक अपील न करती योगी आदित्यनाथ की तरह बटोगे तो कटोगे का नारा न देती केवल संविधान की लाल किताबिया लेकर घूमने से थोड़े ही संविधान और लोकतंत्र बचता है। संविधान बचाने के लिए, लोकतंत्र बचाने के लिए फिल्म देखना पड़ती है। पता नहीं इन कांग्रेसियों को अक्ल कब आएगी ? वे कब फिल्म देखेंगे ? मुझे पक्का यकीन है कि जब तक कांग्रेसी अपने नेता राहुलगांधी के साथ बैठकर किसी लाइब्रेरी हाल में कोई फिल्म नहीं देखेंगे, तब तक उन्हें कामयाबी नहीं मिलने वाली । कांग्रेसियों को यदि 'द साबरमती रिपोर्ट 'अच्छीनहीं लगती तो कांग्रेसी इसी विषय पर बनी बीबीसी की फिल्म मंगाकर देख सकते हैं,हालाँकि देश में इस फिल्म का प्रदर्शन सरकार ने होने नहीं दिया था। इस फिल्म में भी गोधरा कांड का सच दिखाया गया था।

मेरा तो सुझाव है कि संसद में जब -जब हंगामा होता है और सदन की कार्रवाई स्थगित की जाती है तब-तब खाली समय में सांसदों को कोई न कोई फिल्म दिखाई जाना चाहिए। फिल्म देखना स्वास्थ्य कि लिए बहुत फायदेमंद क्रिया है। कसरत करने से भी ज्यादा । योग-ध्यान से भी ज्यादा फायदेमंद है । मै तो एक जमाने में दिन में फिल्मों के तीन शो देखता था। इसी का नतीजा है कि मै आज भी स्वस्थ्य और प्रसन्न हूँ। अब देश को ऐसी किसी तस्वीर की अपेक्षा नहीं करना चाहिए की जिसमें मोदी जी अपनी पूरी कैबिनेट कि साथ इम्फाल के राजभवन में मणिपुर को बचाने कि लिए बैठक करते नजर आएंगे । उन्हें पहले फिल्म देखने से तो फुरसत मिले ?

राकेश अचल

जायज है मोहन भागवत की चिंता

भारत की डैमोग्राफी को बचाने की जरूरत!

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर) पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है. भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की.भागवत ने कहा, "आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है. वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है. इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं. जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए." उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है. संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश के बहुमय समाज को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिस का हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और पहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 मैं जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। आपको बता दें कि भारत की एकता व अखंडता तथा सनातन धर्म को बनाए रखना है तो हिन्दू परिवारों को 2 या 3 बच्चों को अवश्य जन्म देना होगा। विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आप को संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाईया मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां का मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत पर राजनीतिक श्रेष्ठता' स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है। भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देशका मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से अलग कर उस के प्रति नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है। इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना। हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात् जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है। आप को बता दें कि देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1त्न से नीचे नहीं होनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने ये बात भी कह दी कि इसके लिए जरूरी है कि 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें. यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे. मोहन भागवत ने रविवार को नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोलते हुए कहा, कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है. हालांकि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए सालों से 'बच्चे 2 ही अच्छे' का नारा सरकार की तरफ से लगाया जाता रहा है. ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक 'आदर्श हिंदू परिवार' को कितने बच्चे पैदा करने चाहिए?

जानिए सनातन धर्म में इसके बारे में क्या कहा गया है। मोहन भागवत से पहले प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जबलपुर में एक कथा के दौरान कहा कि 'हिंदुओं को 5-5 बच्चे पैदा करने चाहिए.' वहीं कुछ धर्म गुरु महलिाओं को कम से कम 4-4 बच्चे पैदा करने की बात कह चुके हैं. ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस सवाल के जवाब में कहा, 'हमारे यहां 'बहु पुत्रवति भव' ये आशीर्वाद हमेशा से दयिा जाता है. 'बहु' का मतलब होता है बहुवचन. आपकी हिंदी में एक वचन और बहुवचन होते हैं. यानी 2 भी हो तो वो बहुवचन हो जाता है. लेकिन संस्कृति में एक वचन, द्ववचिन और बहुचन होते हैं. यानी तीन होने पर ही उसे बहुचन कहा जाता है. इसका अर्थ है कि तीन तो होने ही चाहिए. बहु पुत्रवति में 'बहु' शब्द इसी बात को दर्शाता है.'शंकराचार्य सोशल मीडिया पर डाले गए अपने इस वीडियो में आगे कहते हैं, 'हमारे यहां पहले नियोजन (प्लानिंग) नहीं किया जाता था. ये माना जाता था कि सहज में जब गर्भ धारण हो जाए तो संतान को जन्म लेने का अधिकार देना चाहिए. अब ऐसी परिस्थिति हो रही है कि गर्भधारण तो हो रहा है, लेकिन उसकी भ्रूण हत्या की जा रही है. शास्त्रों में भ्रूण हत्या को मनुष्य की हत्या के समान ही माना गया है. सबसे पहले तो सनातनी दंपत्ति को भ्रूण हत्या नहीं करनी चाहिए.' वह आगे कहते हैं, 'अगर धार्मिक दृष्टिकोण से देखें तो जितने भी पुत्र या पुत्रियां हों, वह सब स्वागत के योग्य होते हैं.' हालांकि, मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि मोहन भागवत पिछले कुछ समय से जब कुछ बोलते है तो वह बीजेपी को असहज कर देता है.पिछली बार भी जब मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना तब भी बीजेपी वाले जो केवल मंदिर मस्जिद की राजनीति करते हैं उनके पास कोई जवाब नहीं था.बीजेपी पूरे देश जनसंख्या को लेकर केवल राजनीति करने का काम कर रही है, सपा समझती है कि अब मोहन भागवत के बयान के बाद अब बीजेपी के पास जवाब नहीं होगा. सपा की विचारधारा भले आरएसएस से न मिलती हो लेकिन अगर कुछ उन्होंने सही कहा है तो सही को सही कहना गलत नहीं है. कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी मोहन भागवत के बयान पर सवाल उठाए. कांग्रेस ने मोहन भागवत से सवाल करते हुए कहा कि, जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं, फसल की ज़मीन कम हो रही हैं. मोहन भागवत चाहते हैं कि 2 से ज्यादा बच्चे हों. देश में वैसे ही बेरोज़गारी है. जो आज युवा हैं उनको तौ नौकरियां मिल नहीं पा रही, फसल की जमीने कम होती जा रही है जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है. चीन ने जहां आबादी कम कही है, तो वो आज महाशक्तिशाली बना है. मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं. मेरा तो उनको सुझाव है कि मोहन भागवत हैं, पीएम मोदी हैं, यूपी के सीएम योगी हैं तो सबसे पहले ये शुरुआत करें अगर इन्हे जनसंख्या की इतनी चिंता है तो, इनसे शुरुआत होनी चाहिए. महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के जनसंख्या बढ़ाने संबंधी बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. पाटिल ने कहा कि पहले अजित पवार ने राज्य विधानसभा में एक बिल पेश किया था, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया था कि अगर किसी व्यक्ति के दो से ज्यादा बच्चे हैं, तो वह स्थानीय निकाय चुनाव में भाग नहीं ले सकेगा.जयंत पाटिल ने उम्मीद जताई कि अब नई सरकार इस कानून में बदलाव करने की दिशा में कदम उठाएगी और ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी, जिनके ज्यादा बच्चे हों. असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा, मोहन भगवत ने कहा कम से कम तीन बच्चे पैदा करिये। मोहन भागवत साहब आप लोग कब शादी कर रहें हैं पहले वो बताइये। मोदीजी ने कहा था की आपका मंगलसूत्र छीन कर उन महिलाओं को दिया जायेगा जो ज्यादा बच्चे पैदा करती हैं। उनका इशारा मुस्लिम महिलाओं की तरफ था। अब मोहन भगवत को कहना पड़ रहा है की बच्चे ज्यादा पैदा करो। भागवत के बयान के बाद जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे पर देशभर में बहस तेज हो गई है. विपक्ष ने इस पर राजनीति करने का आरोप लगाया है, जबकि संघ प्रमुख ने इसे समाज के अस्तित्व से जोड़ते हुए जनसंख्या नीति पर ध्यान केंद्रित किया हैं भागवत के बयान पर जो लोग तिलमिला रहे हैं उनकी मानसिकता किसी से छिपी नही है जरूरत उनके बयान को गंभीरता से लेने की है।

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक रवि कुमार अवस्थी द्वारा सुशीला स्टेडी बेल एकेडमी 117-मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर परगना खैराबाद तहसील व जनपद -सीतापुर से प्रकाशित तथा महावीर आफसेट 28, हीवेट रोड लखनऊ से मुद्रित।
सम्पादक
रवि कुमार अवस्थी
समाचार पत्र में छपे समस्त समाचार संवाददाताओं के अपने श्रोत एवं संकलन हैं, जिनसे सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
नोटः-उपरोक्त सभी पद अवैतनिक एवं स्वयंसेवी हैं तथा समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादो का न्याय क्षेत्र सीतापुर होगा।
R.N.I NO. UPHIN/2012/43078
मो0 नं0 -8299813093,
E-Mail :-
news@swatantraprabhat .com
इस समाचार-पत्र से जुड़ा हुआ कोई भी व्यक्ति (किसी भी पद पर कार्यरत) यदि अवैध कार्यों में लिप्त पाया जायेगा या सम्पादक की आज्ञा का पालन नहीं करेगा तो उस का कार्ड तथा पद तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा।

संपादकीय

नन्हे बच्चों का कुपोषण देश का अभिशाप

इस दिशा में गंभीर कब होंगे हम।

**बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैद्य देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है। सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर, टी, आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंद्य इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा। पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34त्न कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है।

ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वैश्विक भूख सूचकांक(ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे है। इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है, दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1,80 लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।**

संजीव ठाकुर

जीडीपी और आरबीआई

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा कुछ दिन पहले जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों ने न केवल सरकार की चिंता बढ़ा दी है बल्कि अर्थशास्त्री भी परेशान हो गए हैं। यह अनुमान किसी को भी नहीं था कि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रह जाएगी जो सात तिमाहियों में सबसे कम दर है। यह जुलाई से सितम्बर तक के आंकड़े हैं जबकि अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही थी। देश में गिरती खपत चिंता का विषय तो है। लंबी चली बारिश के कारण खुदाई रुकने से खनन और उत्खनन उद्योग की गतिविधियां ठप्प पड़ने और विनिर्माण की वृद्धि दर में गिरावट ने जीडीपी को निचले स्तर पर ला दिया है। मैन्युफैक्चरिंग का कुल सकल मूल्य वर्धित उत्पादन में 17 फीसदी हिस्सा है। आर्थिक विकास की गति का पहिया थमते ही सभी की नजरें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पर लग गई हैं। आर्थिक जानकारों के मुताबिक दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ सुस्त पड़ने के कई कारण हैं। इसमें बढ़ती महंगाई और ऊंचा इंटरेस्ट रेट अहम है। इसके साथ वेतन में भी उल्लेखनीय इजाफा नहीं हुआ जिससे खपत को बढ़ावा नहीं मिला। कई केंद्रीय मंत्रियों ने आरबीआई से ब्याज दरों में कटौती करने की अपील की है। इससे कर्ज लेना सस्ता होगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। जुलाई- सितंबर तिमाही में कंपनियों के नतीजे भी बेहद निराशाजनक रहे। इससे शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट आई। इससे विदेशी निवेशक भी भारत से तेजी से पैसा निकाल रहे हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आरबीआई से सीधे-सीधे ब्याज दरें घटाने की मांग कर चुके हैं। महंगाई को काबू करने के चक्कर में आरबीआई ब्याज दरें नहीं घटाता है तो इसका नाकारात्मक असर पड़ना तय है। ब्याज दरें घटाई जाएंगी तो उससे एमएसएमई इकाइयों को फायदा हो सकता है। इससे देश में व्यापारिक गतिविधियां और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने रुख को भले ही 'न्यूट्रल' कर लिया है लेकिन अब तक उसने रेपो रेट घटाने का कोई संकेत नहीं दिया है। यूरोपियन सेंट्रल बैंक और अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड ब्याज दरों में कटौती कर चुके हैं लेकिन आरबीआई इन दोनों के नक्शे कदम पर नहीं चला। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने लगातार अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इस बात पर जोर दिया कि पॉलिसी रेट में बदलाव दूसरों को देखकर करना जरूरी नहीं है। साथ ही दास ये भी स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके लिए महंगाई को 'तय सीमा के भीतर लाना' पहली प्राथमिकता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ब्याज दरें ऊंची रखकर भी आरबीआई बेलगाम होती महंगाई पर काबू नहीं पा सका है। अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई जब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दर 6.21 फीसदी रही। यह दर आरबीआई की तय सीमा से ज्यादा है।

अब सवाल यह है कि आरबीआई सरकार, अर्थशास्त्री और आम जनता की आवाज सुनेगा। अनुमान से कम वृद्धि दर ने नीति प्रबंधकों के लिए जटिलता बढ़ा दी है और कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आरबीआई की 6 सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4 से 6 दिसम्बर को होने वाली है ले?किन विशेषज्ञों का अनुमान है कि समिति प्रमुख ब्याज दर को नहीं बदलने वाली क्योंकि उसके पास विकल्प बहुत कम हैं। आरबीआई ने फरवरी 2023 से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। आम बजट पेश करने से पहले यह जीडीपी के आखिरी आंकड़े हैं। अगले आंकड़े जनवरी 2025 में आएंगे।

अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती 2030 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के सामने बड़ी चुनौती है। एक तरफ बेरोजगारी अहम मुद्दा है तो दूसरी तरफ देश के शहरी मध्यम वर्ग घटती क्रय शक्ति से जूझ रहा है। देखना होगा कि आरबीआई अपनी जिद पर कायम रहता है या कुछ कदम उठाता है। राजकोषीय बाधाओं को देखते हुए पूंजीगत खर्च में निरंतर इजाफा करना मुश्किल है। बिना सोचे-समझे की गई कोई भी प्रतिक्रिया हालात को कठिन बना सकते हैं। सुस्ती से निपटने के लिए सरकार को नीतिगत दरों में कमी के उपाय भी सोचने होंगे। पूंजीगत व्यय बढ़ाने के लिए राजस्व प्राप्तियों को भी ध्यान में रखना होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

6 सूत्री मांगों को लेकर ठेले-खोमचे वालों ने तहसील में दिया धरना

-एसडीएम ने कहा होगा समाधान

रूद्रपुर, देवरिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान से रोजी-रोटी का संकट झेल रहे ठेले वालों ने मंगलवार को तहसील परिसर में जमकर धरना दिया। धरने का नेतृत्व करते हुए नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी मन्मथ त्रिपाठी ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। धरना स्थल पर पहुंची एसडीम श्रुति शर्मा और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। बैठक में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है उसी के अनुसार कार्यवाही होगी। नगर पंचायत ने ठेले वालों के लिए बथुआ रिवर फ्रंट पर स्थान चिन्हित किया है। वे वही अपना ठेला लगाएं। उनका स्थाई समाधान बाद में किया जाएगा। फुटकर व्यापारियों ने 6 सूत्री मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। जिसमें फुटकर व्यापारियों को उचित स्थान देने, उनका उत्पीड़न न करने, नगर में लाल पीली पट्टी बनाने, लगन के दौरान व्यापारियों को परेशान न करने तथा नाला ना बने स्थान पर तोड़फोड़ न करने की मांग रखी। एसडीएम श्रुति शर्मा ने नगर पंचायत के ईओ नितेश गौरव को निर्देश दिया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान बिना किसी पक्षपात के चलाएं। जिससे किसी व्यक्ति विशेष का उत्पीड़न ना हो।

कुलपति ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं का औचक निरीक्षण

पहली पाली की परीक्षा की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग देखी गई

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने मंगलवार को महाविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा की सुचिता को बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। पहली पाली में संपन्न हुई परीक्षा का सीसीटीवी भी देखा।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने जौनपुर जनपद के गुलाबी देवी महाविद्यालय, अब्दुल अज़ीज़ अंसारी महाविद्यालय एवं फरीदुलहक़ महाविद्यालय का परीक्षा के दौरान निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा दिया गए निर्देशों की स्थिति जानी और सीसीटीवी को भी चेक किया। अब्दुल अजीज महाविद्यालय के रसायन विभाग के लैब का भी निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह भी शामिल रहे।विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा गाजीपुर, जौनपुर एवं प्रयागराज जनपद के 380 केंद्रों पर संपन्न हो रही है जिसमें गाजीपुर जनपद में 214, जौनपुर जनपद में 165 एवं प्रयागराज जनपद में एक केंद्र समय से सेमेस्टर परीक्षाओं के संपन्न होने के लिए बनाए गए। समय से परीक्षा संपन्न कराने एवं परीक्षाफल घोषित करने के लिए 3 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन पाली में परीक्षा कराई जा रही है। पहली पाली सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक दूसरी पाली 11:00 से 1:00 तक और तीसरी पाली 2:00 बजे से 4:00 तक आयोजित की गई है ।

उपमुख्यमंत्री ने शिवानी त्रिवेदी को किया सम्मानित

जौनपुर / लखनऊ। सूबे की राजधानी लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में शिवानी त्रिवेदी को बेस्ट एजुकेशनिस्ट अवार्ड मिलने पर शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई और बधाई दी। लखनऊ में आयोजित अवार्ड सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ की बेटी शिवानी त्रिवेदी इन दिनों लगातार अवार्ड से सम्मानित हो रहे हैं। इसी क्रम में एक बार फिर बच्चों को अच्छे शिक्षा देने में शिवानी त्रिवेदी को गुत्स और ग्लोरी अवॉर्ड कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हाथों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

छात्रा की मौत पर कॉलेज में अवकाश

तेजीबाजार (जौनपुर)- इंटर की छात्रा की मौत पर कॉलेज में शोकसभा कर घोषित किया अवकाश।स्थानीय जय हिन्द इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा दीक्षा यादव पुत्री महेंद्र यादव को आज तड़के सीना व पेट में दर्द की शिकायत के बाद स्वजन इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । घटना से आहत जय हिन्द इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष मौर्य के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित कर विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया।

एल पी एम के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय पोषण माह की तत्वाधान में लिया शपथ

स्वतंत्र प्रभात

गोला बाजार गोरखपुर । गोला तहसील मुख्यालय के बगल में स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा शपथ दिलाई गई ।उन्हें पोषण के प्रति जागरूक किया गया विद्यालय के शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने कुपोषण मुक्त तथा स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। जिसका उद्देश्य पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना जंक फूड की बढ़ती प्रवृत्ति को समाप्त करना है ।विद्यालय में अनेक प्रकार की गतिविधियां जैसे निबंध लेखन चित्रांकन स्लोगन लेखन की अतिरिक्त जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 तक सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो पोषण पर आधारित था।

विज्ञान शिक्षकों द्वारा विशेष कक्ष आयोजित कर पोषण के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया और उन्होंने बताया कि पोषण के जानकारी के अभाव में एनीमिया वर्णांधता जैसे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को झेलना पड़ता है। किशोरावस्था के विकास में बाधक सिद्ध होता है ।हम सभी अपने साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे हैं ।अपने भोजन में पोषण तत्वों को शामिल करें। यह जागरूकता पूरे माह चलती रहेगी। सप्ताह में एक दिन पोषण संबंधी विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा ।जिसका उद्देश्य बच्चों द्वारा परिवार एवं समाज में पोषण के प्रति जागरूकता का संचार करना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एकता वर्मा एवं रेवरन डी के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है स्वस्थ रहने के लिए जंक फूड से दूरी बहुत जरूरी है इस अवसर पर विद्यालय के मनीष यादव अनूप सिंह अजीत कुमार दुबे वरुण निषाद हरेंद्र तिवारी सुशील शुक्ला शिव शंकर पंडित समेला अख्तर राशिद खान एवं एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हैं।

ढाढा चीनी मिल अधिग्रहित जमीन का दे रहा भुगतान

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। स्थानीय तहसील परिसर में न्यू इंडिया शुगर मिल के हेतू अधिग्रहित भूमि के अवशेष किसानों के बकाए प्रतिकर/मुआवजा हेतू जिला प्रशासन द्वारा अवशेष किसानों के भुगतान हेतू प्रशासन द्वारा सुविधा केंद्र स्थापित कराया गया है।

मंगलवार को प्रभारी एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि ढाढा चिनी मिल के लिए बर्ष 2009 मे लोक हितों को देखते हुए राज्य सरकार ने 19.804 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया था, जहां 5.38 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कराया गया था तथा अवशेष 14.48 हेक्टेयर भूमि को जिला प्रशासन द्वारा बीते रविवार को कब्जे की कार्रवाई की गयी जहां अवशेष किसानों को मुआवजा/प्रतिकर देने के लिए किसान हित को देखते हुए प्रशासन द्वारा वर्तमान नियमावली के अनुसार उक्त भूमि नगर क्षेत्र में होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा दोगुना भुगतान कराया जा रहा है। प्रभारी एसडीएम मोहम्मद जफर ने प्रभावित किसानों से अपील किया है कि तहसील परिसर में बने सुविधा केंद्र पर पहुंच अपने आवश्यक प्रपत्र आधार कार्ड, बैंक पासबुक नोटरी प्रस्तुत कर मुआवजा प्राप्त कर लें।इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, प्रभारी कानूनगो संजीवन मिश्र रामेंद्र तिवारी, किशोरी लाल, अमित कुमार सहित अन्य राजस्व टीम सुविधा केंद्र पर तैनात रहे।

फैसिओलियासिस घातक बीमारी पर धर्मेंद्र कुमार ने किया शोध

-पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पीएचडी मे हुआ साक्षात्कार

रोग से बचाव के लिए कई तर्क पर दी जानकारियां

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में फैसिओलियासिस घातक बीमारी पर धर्मेंद्र कुमार यादव का शोध कार्य पूरा हुआ और विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन में इस विषय पर बाह्य विशेषज्ञ ने मौखिकी साक्षात्कार किया। जिसमें उन्होंने रोग के रोकथाम के लिए कई तर्क देते हुए जानकारी दी। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संम्बध्द संत गणिनाथ राजकीय डिग्री कॉलेज गोहना मऊ से जीवविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार के निर्देशन में धर्मेंद्र कुमार यादव ने शोध किया। इन्होंने फैसिओलियासिस घातक बीमारी व रोकथाम पर अपना शोध कार्य पूरा किया। धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक जंगली पशुओं में ज्यादातर पाया जाता है लेकिन मनुष्यों में भी अपना पांव पसार चुका है। दोनों प्रजातियों में यह दूषित पानी या कच्चे भोजन या अधपके वनस्पति से लार्वा अंतरग्रहण के बाद मनुष्य में संक्रमित करती है। इसके रोकथाम पर शोधकार्य जंगल की वनस्पतियों से लेकर जंगली पशुओं घरेलू पशुओं और मनुष्यों व चिकित्सालय से भी शोधकार्य को पूरा किया । धर्मेंद्र कुमार ने शोध कार्य में टिनोस्पोरा कार्डीफोलिया (गिलोय) पौधे के पत्ते तथा पिथेसलॉबियम डल्स (जंगल जलेबी) की पत्ती से रोकथाम के कारगर उपाय बताए गए हैं। धर्मेंद्र कुमार की मौखिकी परीक्षा बाह्य परीक्षक पटना विश्वविद्यालय पटना के डॉक्टर डीके पॉल ने शोध प्रबंध को देखते हुए साक्षात्कार किया और शोध प्रबंध की सराहना की। धर्मेंद्र कुमार का दो अंतरराष्ट्रीय शोध पेपर भी प्रकाशित हो चुका है। यह मूल रूप से मड़ियांहू के सिंगारपुर गांव के रहने वाले हैं। धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि शोधकार्य मे वनस्पतियों के गुणवत्ता पर बहुत कुछ जानकारी हुई जो आगे लोगों के काम आएगी।

पूर्व एमएलसी ने किया गंगा मैरिज ग्रीन्स हाल का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर- गोरखपुर के खजनी तहसील के सरया तिवारी हरदीडीह चौराहा खजनी-बांसगांव रोड पर पूर्व एमएलसी सन्नी यादव व हाजी इम्तियाज अली सिद्धिकी ने देव गंगा मैरिज ग्रीन्स मैरिज हाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी ने कहा कि यह मैरिज हाल क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जो उनके विशेष अवसरों को और भी यादगार बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मैरिज हाल का निर्माण क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मैरिज हाल न केवल विवाह समारोहों के लिए उपयुक्त होगा, बल्कि अन्य सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी उपयुक्त होगा। इस अवसर पर मैरिज हाल के प्रोपराइटर सर्वेश राम त्रिपाठी ने पूर्व एमएलसी सहित आए हुए सभी आगंतुक लोगों को धन्यवाद दिया। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस नए मैरिज हाल के उद्घाटन पर अपनी बधाई दी। खजनी क्षेत्र में स्थित देव गंगा मैरिज ग्रीन्स का भव्य उद्घाटन और पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व एमएलसी सन्तोष यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सहायक कमांडेंट CRPF और समाजवादी पार्टी युवा जन के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी शामिल हुए। इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उद्घघाटन के दौरान पूर्व एमएलसी सन्तोष यादव उर्फ सन्नी ने कहा सेवानिवृत जज स्व गंगा शरण त्रिपाठी जी के सपना उनके पुत्र सर्वेश त्रिपाठी पूरा कर रहे है, समाजिक ब्यवस्था में आगे आकर समाज हित मे बच्चो को शिक्षा देने के लिए ज्ञान स्थली स्कूल के बाद अब गंगा मैरेज ग्रीन्स को लेकर आगे आये है, सर्व प्रथम उद्घाटन के दिन एक गरीब परिवार के बिटिया का विवाह अपने सहयोग कर मानवता का मिशाल पेश किया है, उसी कड़ी में पूर्व सहायक कमांडेंट व राष्ट्रीय प्रवक्ता (राष्ट्रीय सचिव) समाजवादी पार्टी युवा जन सर्वेश त्रिपाठी ने कहा पिता का सपना था समाज हित मे आगे आकर स्कूल व गंगा मैरेज ग्रीन्स का उद्घाटन किया गया है ,जिससे छोटे बड़े परिवार के बेटियों का विवाह समारोह होगा, समाज हित मे बिना किसी मोल भाव के साथ जन हित म3 सहयोगी बनूँगा ।

सेंट थॉमस चौराहे पर ट्रक और स्कार्पियो में जोरदार टक्कर, बाल बाल बचे लोग

स्वतंत्र प्रभात

शाहगंज, जौनपुर -नगर के सबसे व्यस्ततम मार्गो में से एक बलिया लखनऊ राज्य मार्ग सेंट थॉमस चौराहा जो कि तहसील मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित है उस पर सुबह ग्यारह बजे स्कार्पियो और द्रक में जोरदार टक्कर हो गयी जिससे स्कार्पियो का आगें का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होगा, मगर इस दुर्घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ। टक्कर के पश्चात् चौराहे पर भीषण जाम लगने से लोगों को काफी परेशानियों का सामने करना पड़ा। इस चौराहे पर लगभग प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है और लोगों को जानमाल की क्षति भी हो जाती है, जिससे भीषण जाम लग जाता है। आपको अवगत कराते चले कि इसी चौराहे से प्रतिदिन छः विद्यालय के बच्चे गुजरते हैं मगर इस चौराहे पर सुरक्षा के लिए कोई भी पुख्ता प्रबंध नहीं है। स्थानीय लोगों ने बहुत बार इस बाबत अपनी आवाज उठाई कि इस चौराहे पर गति अवरोधक का निर्माण करा दिया जाए और विद्यालय के समय दो कास्टेबल की ड्यूटी इस चौराहे पर लगा दी जाए जिससे तेज गति से गुजरती गाड़ियों की गति को कुछ हद तक नियंत्रित किया जाए। मगर स्थानीय लोगों की आवाज नक्कार खाने में तूती की आवाज साबित हो रही है। समय रहते यदि शासन प्रशासन अपनी चिर निद्रा त्याग कर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं करता है तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि किसी दिन बहुत ही बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

गोरखपुर में दिनदहाड़े हत्या- गरीब को गोली मार कर झोपड़ी जलाई, जांच जारी

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर- गोरखपुर के गिडा क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दिनदहाड़े एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई और उसके घर में आग लगा दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पुलिस घायल को इलाज में भेजा जहां इलाज के दौरान मौत हो गई । मामले को लेकर स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है ,फिरहाल माहौल गर्म है । मामला गोरखपुर जनपद के अमटौरा ग्राम सभा गांव का है जहां आज दोपहर बाद दो पक्षो में विवाद हुआ जिसमें शिवधनी निषाद पुत्र को दबंगो ने गोली मार कर हत्या कर दी, उसके बाद गरीब की झोपड़ी जला दी गई, अमटौरा गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है , आरोप है सोमवार की रात साइकिल खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था, जिसको लेकर अमटौरा निवासी टिकलू सिंह पुत्र पटेश्वरी सिंह ने रामधनी निषाद पुत्र रामकरन निषाद को गोली मार कर हत्या कर दी गई है उसके बाद गरीब की झोपड़ी जला दी गई, गांव में तनाव बना हुआ है । स्तानीय पुलिस जांच मव जुटी हुई है । मौके पर देर शाम एसपी साउथ एसएसपी गौरव ग्रोबर गांव में पहुँचे, मौके पर फोरेंसिक टीम लगाई गई, पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी को लेकर दबिश में निकल चुकी है, मौके की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

जौनपुर को महानगर बनाने में जुटे - कृपाशंकर सिंह

-कृपाशंकर सिंह ने जनपद की समस्याओं को लेकर सीएम से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। जनपद को महानगर बनाने की कवायद में जुटे महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री एंव गत लोकसभा चुनाव में जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी रहे कृपाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को लखनऊ में मुलाकात करके विकास के विभिन्न मुद्दों पर वार्ता करके मुख्यमंत्री की सहमति प्राप्त की। कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर की समस्याओं पर मुख्यमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हे जौनपुर के विकास का पहिया नहीं रूकने का भरोसा दिया। पूर्व प्रत्याशी ने मुख्यमंत्री के समक्ष महाकुंभ के अवसर पर मुंगराबादशाहपुर में लगने वाले जाम से निजात के लिये अतिरिक्त बसों के ठहराव तथा रेलवे क्रासिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाने की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी। कृपाशंकर सिंह द्वारा जौनपुर के विभिन्न क्षेत्रों की एक दर्जन से अधिक सड़कों के चौडीकरण की मांग को भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी। पूर्व गृहराज्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वाले भक्तों की सहुलियत के लिये महाकुंभ स्थल से महज दो किमी पर ही बस स्टैंड बनाने का मुद्दा भी रखा, जिसपर मुख्यमंत्री ने भक्तों की समस्या को दूर करने का आश्वासन देते हुए इस मांग को भी वीकृति दे दी।

मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- नगर क्षेत्र के शिया इन्टर कालेज के मैदान में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर समेकित शिक्षा द्वारा कार्यक्रम का अयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र ने मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर किया साथ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल, लेखाधिकारी राजीव पाण्डेय गहना कोठी से विनीत सेठ ने दीप प्रज्ज्वलित किया इसके बाद जिला बेसिक अधिकारी ने डीएम दिनेश चन्द्र को बूंके साल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया समेकित शिक्षा समन्वयक शशिधर उपाध्याय द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल, लेखा अधिकारी राजीव पाण्डेय विनित सेठ, एबीएसए उदयभान कुशवाहा, सौरभ कनौजिया, विशाल उपाध्याय , अरुण मौर्या दुर्गेश पटेल को बुंके साल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया डीएम साहब ने गुब्बारा हवा में छोड़ा ट्रैक पर मसाल लेकर खड़े दिव्यांग छात्र आशीष गौंड ने मैदान में दौड़ लगाई केला दौड़ में वासिफ प्रथम विक्की द्वितीय, विराट तृतीय 50 मीटर बालिका दौड़ में परी सरोज प्रथम तान्या द्वितीय,100 मीटर दौड़ में नितेश प्रथम, शिवा शर्मा द्वितीय, गोली चम्मच दौड़ में विक्की प्रथम , समर द्वितीय आयुष तृतीय सुलेख में स्वतंत्र प्रथम, महिमा द्वितीय, आकांक्षा तृतीय आदि गेम कराए गए मौके पर सभी विकास खण्डों से विशेष शिक्षक ज्योति सिंह, विवेक सिंह, संजय मिश्रा प्रमोद कुमार माली, मनोज गुप्ता, शक्ति सिंह विजय सिंह सुनीता कुशवाहा आनन्द तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया।

कारोबारी से पचास लाख रुपये रंगदारी की मांग, जान से मारने की धमकी

-पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी। होटल संचालक व बांध कारोबारी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत

स्वतंत्र प्रभात

शाहगंज, जौनपुर। नगर के नई आबादी मुहल्ला निवासी रस्सी, बांध के व्यवसाई रवि जायसवाल के मैनेजर के नंबर पर अंजान मोबाइल नंबर से काल करके पचास लाख रुपए रंगदारी की मांग की गई है। रुपया न देने पर जान से मारने की धमकी से व्यापारी भयभीत है। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।नगर के नई आबादी सुल्तानपुर मार्ग निवासी रवि जायसवाल रस्सी कारोबार करते हैं। उनका एक होटल नगर के अयोध्या मार्ग नवल प्लाजा के नाम से संचालित है। होटल में मैनेजर के पद पर सोनू यादव निवासी कौड़िया कार्यरत हैं। मैनेजर के मोबाइल पर गत गुरुवार को रात करीब नौ बजे अनजान नंबर से काल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मैनेजर को धमकी देते हुए कहा कि अपने मालिक रवि जायसवाल से कह दो कि पचास लाख रुपए दो दिन के भीतर शाहगंज रेलवे स्टेशन पर जहां मैं कहूंगा वहां लाकर दे देना नहीं तो गोली मारकर खत्म कर देंगे। पीड़ित व्यवसाई रवि जायसवाल ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को देते अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते मामले की छानबीन शुरु कर दी है। फिलहाल रंगदारी मांगने के इस मामले को लेकर व्यापारी व परिजन भयभीत हैं।

सोते समय युवक पर प्राण घातक हमला, बीएचयू में चल रहा उपचार

स्वतंत्र प्रभात

खुटहन जौनपुर- पिलकिछा गांव के खोभरियां मजरे में रविवार की रात घर के बरामदे को कोने में बने कमरे में सो रहे युवक पर अज्ञात हमलावरों ने गड़ासी से जानलेवा हमला कर दिया। शोरगुल सुन स्वजनों के ललकारने पर हमलावर बाउंड्रीवॉल फांद कर भाग गए। सिर में गंभीर चोटें आने से बेहोश युवक का उपचार बीएचयू में चल रहा है। चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। गांव निवासी सुनील कुमार यादव पिलकिछा बाजार के तिराहे पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाते है। रविवार की शाम वह नित्य की तरह दुकान बंद करने के बाद घर आकर भोजन के बाद बरामदे में बने कमरे में सोने चले गए। आधी रात को वह कमरे का दरवाजा पीटते हुए शोर मचाने लगे। शोरगुल सुन स्वजन घर के मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल का ताला खोल बाहर आये तो सुनील के सिर से खून की धारा बहते देख भयभीत हो गए। घायल सुनील अज्ञात हमलावरों द्वारा गड़ासी से सिर पर वार किए जाने की बात कहते हुए बेहोश हो गया। इसकी सूचना गांव निवासी व ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव को दी गई। वह भी मौके पर पहुंच आनन फानन में घायल को अपनी गाड़ी में लाद सीएससी पहुंच गए। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू ले जाने की सलाह दिया। ग्रामीणों ने बारीकी के साथ आस पास तलाश किया। लेकिन हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। बगल विद्युत खंभे से घायल के घर तक गया विद्युत केबल कटा हुआ मिला। कयास लगाए जा रहे हैं कि घटना को अंजाम देने से पूर्व हमलावरों ने पहले बिजली का कनेक्शन काटा होगा।उसके बाद हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से लकड़ी का बेंट लगी हुई गड़ासी बरामद किया है। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी घटना के संदर्भ में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

संक्षिप्त ख़बरें

महिला का शव छत के कुंडी से लटकता हुआ मिला

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के रामनगर उर्फ मदरहना निवासी दीनदयाल की पत्नी रंजनी (25) की लाश सोमवार की रात में मकान के एक कमरे के छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटकती हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका किसी बात को लेकर उसने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। इस संबंध में चौकी प्रभारी बीरेंद्र कुमार पासवान का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला पूरी तरह साफ हो सकेगा।

हाईमास्ट लाइट खराब, अंधेरे में डूबा चौराहा

सिद्धार्थनगर। बजहा बाजार चौराहे पर लगा दो हाईमास्ट लाइट कई महीनों से खराब हो गया है। जिससे पूरा चौराहा अंधेरे में डूबा रहता है।कुछ छोटे दुकानदार इसी की रोशनी में अपनी दुकान कर जीवकोपार्जन करते है। ग्रामीण अब्दुल कलाम आजाद, विजय चौरसिया, मास्टर वारिश अली, रियाज अहमद, मो मुस्तकीम, किशोर आदि ने विभाग से खराब हाईमास्ट को ठीक कराने की मांग की है।

देश रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार के द्वारा माल्यार्पण कर, की गयी पुष्पांजली अर्पित

भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती के शुभ अवसर पर नगर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच की द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अलख निरंजन यादव, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण गोपालगंज -सह-विशेष कार्य पदाधिकारी अब्दुल राशिद, उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी विशाल सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से नीरज कुमार राय, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण,जिला नाजिर भृगुनाथ प्रसाद, अन्य समाहरणालय कर्मी और नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

गोपालगंज, कुचायकोट,थावे तथा माझा प्रखंड का पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण तथा भय मुक्त वातावरण में हुआ सम्पन्न

गोपालगंज (बिहार)- बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार पटना द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार गोपालगंज जिले में पांचवें चरण में गोपालगंज, कुचायकोट, थावे एवं माझा प्रखंडों की प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियां (पैक्स) निर्वाचन आज दिनांक 03 दिसंबर 2024 के संबंधित प्रखंडों में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि पांचवें चरण में गोपालगंज प्रखंड के रामपुर टेंगराही, बरईपट्टी,बिशुनपुर पूर्वी, जादोपुर शुक्ल, जादोपुर दुखहरन, तिरबिरवां, एकडेरवां, कौन्हवा, बसडीला, मानिकपुर, जागीरी टोला और ख्वाजेपुर कुल 12पैक्स के लिए 48 मतदान केंद्रों पर 28898 मतदाताओं में कुल 51.23त्नने अपने मतदान का प्रयोग किया वहीं प्रखंड कुचायकोट में संगवाड़ीह, पुरखास, सेमरा, अहिरौली दुबौली, सोनहुला गोखुल, उचकागांव, ढोढ़वलिया, मठिया हरदो, सलेहपुर, टोला सिपाया, रामपुर खरेया, मतेया खास, माटिहनियां काला ,दुर्ग मटिहनियां, सिरिसिया, मटिहानिया तिवारी, बनतैल, खजुरी और रामपुर माधो कुल 19 पैक्स के लिए कुल 76 मतदान केंद्र बनाए गए थे। यहां कुल 45746 मतदाताओं में51.3% ने अपने मतों का प्रयोग किया वहीं थावे प्रखंड के इंदरवा एबादुल्लाह, बरारी जगदीश, वृंदावन, जगमलवा, एकडेरवा, धतिवाना और फुलुगुनी कुल 7 पैक्स के लिए 28 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए थे जहां 17749 मतदाताओं में 50.25% कुल 8918 ने अपने मतो का प्रयोग किया वहीं माझा प्रखंड में पैठान पट्टी, सिपाहाखास, मांझा पश्चिमी, जगरनाथा, मधुसरया, गौसियां, निमुईयां, भैंसही, पुरैना, कोईनी, कर्णपुरा ,शेखपरसा, सफापुर और बथुआ कुल14 पैक्स के लिए 48 मतदान केंद्रों पर 30064 मतदाताओं में 56त्नने अपने मतों का प्रयोग किया।

प्रशासन लेखपालों का उत्पीड़न कर रहा है, बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन- रणधीर यादव

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले में आठ लेखपालों के निलंबन और जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता की बर्खास्तगी से नाराज जिले के लेखपालों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को भी धरना दिया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले धरनारत लेखपाल बर्खास्त और निलंबित लेखपालों के बहाली के साथ 9 सूत्रीय मांग को पूरा करने की मांग पर अड़े हुए हैं। इस मामले में सक्षम अधिकारियों से उनकी वार्ता भी हुई। लेकिन लिखित आश्वासन न मिलने की वजह से इनका धरना अनावरत जारी है। कलेक्ट्रेट परिसर में धरना की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर यादव ने किया। धरने को संबोधित करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर यादव ने कहा कि लेखपाल संघ सभी मांग व समस्याओं का शासनादेश के अनुसार अनुपालन चाहता है।

उन्होंने धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगातार ज्ञापन के माध्यम से उच्च अधिकारियों को अपनी समस्याओं से लेखपाल संघ अवगत कराते चला आ रहा है। उच्च अधिकारियों से केवल आश्वासन ही मिलता रहा। कहा कि झूठे व बेबुनियाद के आधार पर लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है। इससे क्षुब्ध होकर लेखपाल संघ कलेक्ट्रेट परिसर में बहाली के लिए अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता और 8 लेखपाल साथियों को बहाल नहीं किया जाता है, तब तक कार्य बहिष्कार कर धरना जारी रहेगा। कार्यवाही का डर दिखाकर लेखपालों की आवाज को दबाया जा रहा है। मेडिकल लीव पर होने के बावजूद भी जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता को बर्खास्त किया गया है।

इन सब बातों को लेकर लेखपालों में आक्रोश है। प्रशासन लेखपालों का उत्पीड़न कर रहा है। 9 सूत्रीय मांगों पर पुनर्विचार कर

निलंबन की कार्यवाही वापस नहीं लिया गया है तो आन्दोलन और तेज हो जायेगा। रणधीर यादव ने बताया कि इसको लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सर्वोच्च समिति की बैठक एक दिसंबर को लखनऊ में आयोजित की गई थी।

सिद्धार्थनगर जिले में विभिन्न लेखपाल साथियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में सर्वोच्च समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में चार सदस्यीय टीम मंडल की सिद्धार्थनगर में बैठक करके लेखपाल साथियों के विरुद्ध अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं उत्पीड़त्मक कार्रवाई के संबंध में बैठक करके आगे की रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्वी जोन धनंजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में तथा संगठन मंत्री पूर्वी जोन की उपस्थिति में 4 दिसंबर को होनी है। जिसमें लेखपाल साथियों के साथ किए गए उत्पीड़न के संबंध में आंदोलन की वृहद रूपरेखा तैयार की जाएगी। धरने पर शैलेश कुमार भारती,प्रभात सैनी,सुधीर कुमार भारद्वाज, बबीता सिंह, महेंद्र कुमार साहनी, सुनील सिंह, विपुल तिवारी आदि मौजूद रहे।

नारी सशक्तिकरण को नीतीश कुमार ने जमीन पर उतारने का काम किया है- प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार)- जदयू के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल ने कहाँ है की नारी सशक्तिकरण को लेकर महापुरुषों के विचारों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमीन पर उतरा है उन्होंने ने कहाँ की राजद के लिए महिला संवाद भले ही फिजूलखर्ची दिख रही हो प्रन्तु सच तो यह है की राजद के दामन पर भ्रष्टाचार के गहरे दाग जो लगे है राजद को सत्ता मे रहते हुए वो कभी मिट नहीं सकती है चाहे राजद के लोग जितनी सफाई दे राजद ने सत्ता रहते हुए सरकारी खजाने पर डाका डालने का जो काम किया था।

आज वही लोग फिजूलखर्ची का ज्ञान देते नहीं थक रहे है जद(यू0) प्रदेश महासचिव श्री पटेल ने कहाँ की बिहार मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 वर्षो के शासन के कार्यकाल मे महिलाओ को सम्मान के साथ न्याय और गरिमा, दिलाने के लिए जिस वैचारिक शुद्धता और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है, वैसा कोई दुसरा उदाहरण पुरे देश मे नीतीश कुमार को छोड़ कर दूसरे नेता का नहीं है। लालू -राबड़ी की सरकार मे कभी आधी आबादी के हितो की चिंता ही नहीं की गई जबकि महात्मा गाँधी, जेपी, लोहिया, कर्पूरी ठाकुर और डॉश अम्बेडकर जैसे पुरोधा आधी आबादी को जो सम्मान और अधिकार मिलने की बात करते थे उसे हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देने और उनके सपनो को साकार करने का काम किया है और कर रहे है।

गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिलना चाहिए- पंडित सुभाष चन्द्र दीक्षित

स्वतंत्र प्रभात

बुद्धि विहार सेक्टर- मुरादाबाद- गौ माता को पशु की श्रेणी से हटवाने तथा गौ माता की हत्या रोकने तथा गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने दिलवाने के लिए विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा मीटिंग रखी गई मीटिंग तीन सूत्री मांगो को लेकर की गई

(1)- गौ माता को पशु की श्रेणी से हटवाना

(2)- गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलवाना

(3)- गौ माता की हत्या बन्द करवाने, के लिए ब्राह्मणों के साथ में एक बैठक की गई उस बैठक में संचालन करता विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ संघ संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने कहा की गौ माता की हत्या बंद हो गौ माता को राज्य माता का दर्जा प्राप्त हो इस मुद्दे पर सभी पदाधिकारी ने अपना अपना मत रखा प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा प्रदेश महामंत्री डालचंद शर्मा जिला अध्यक्ष रामसेवक शर्मा जिला महामंत्री भुवन जोशी राकेश कुमार शर्मा डालचंद शर्मा प्रदेश महामंत्री चेतन शर्मा जिला उपाध्यक्ष निर्दोष शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल शर्मा महानगर अध्यक्ष अलका शर्मा राहुल शांडिल्य महानगर अध्यक्षआदि लोगों ने अपना अपना विचार प्रकट किया की गौ माता की हत्या बंद हो गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए इस कार्य को लेकर के विशेष चर्चा की गई और विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के सौजन्य से गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलवाने के लिए बाध्य रहेगा मुझे वा मेरे संघ को किसी हद तक जाना पड़े लेकिन पीछे नहीं हटूंगा और समस्त सनातनी भाई बहनों का मुझे सहयोग चाहिए।

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के सभी पदाधिकारीयों तथा सदस्यों ने सरकार से मांग की हैं कि गौ माता का हत्या तुरंत बन्द कराया जाना चाहिए तथा गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाना चाहिए तथा गौ माता को पशु की श्रेणी से उपर करना चाहिए।

मृतका की मां ने तहरीर देकर बेटी के साथ दुष्कर्म होने व हत्या की जतायी आशंका

पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र नेशनल हाइवे शोहरतगढ़ -बढ़नी मार्ग के अग्रवाल पेट्रोल पम्प के निकट सड़क किनारे झाड़ी में तीन दिन पहले एक दिसम्बर को कस्बा शोहरतगढ़ के मोहल्ला सुभाष नगर के रानी (15 वर्ष) पुत्री महेश गुप्ता की लाश मिली थी। मंगलवार को मृतका रानी की मां ने शोहरतगढ़ थाना पर पुलिस को तहरीर देकर बेटी की अपहरण कर दुष्कर्म कर हत्या की आशंका जतायी है। पीड़िता शीला ने संदिग्ध मामले में घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर मंगलवार को थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मृतका रानी 28 नवम्बर को कस्बा के मारवाड़ी धर्मशाला से शादी कार्यक्रम में जाने के बाद घर वापस नहीं लौटी थी। बाद में उसकी लाश एक दिसम्बर को मिली थी। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी का कहना है कि मृतका की मां की तरफ से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुतबुल्ला को नम आंखों से किया गया सुपुर्द-ए-खाक, शोक सभा का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले के दुधवनिया बुजुर्ग के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार व लेखक डॉ कुतबुल्ला को सोमवार की देर रात हजारों की तादात में इकट्ठा हुए लोगों ने नम आंखों से गावं के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर उनके मग़फ़िरत की दुआ की। लखनऊ में इलाज के दौरान तिहत्तर वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुतुबुल्लाह के निधन से पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय क्षति हुयी है। मौलान अब्दुल कय्यूम रहमानी फाउंडेशन ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। वे वरिष्ठ पत्रकार,लेखक थे। वह कई अखबारों में ईमानदारी से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सोमवार सुबह 9 बजे लखनऊ में अंतिम सांस लेकर दुनिया से रुखसत हो गये। ग्रामीण परिवेश में 23 मार्च 1951 में जन्मे डॉ कुतुबुल्लाह ने काफ़ी लोगों को पत्रकारिता में लाकर सच्ची , बेबाक व स्वच्छ पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया।

वे खुद लखनऊ यूनिवर्सिटी से पीएचडी और कानून की डिग्री हासिल करने के बाद 1974 से ही पत्रकारिता से जुड़ गए थे। पिता मौलाना मोहबतुल्लाह भी पत्रकार व बड़े अच्छे लेखक थे। पटना, कोलकाता, गोरखपुर, लखनऊ आदि जैसे बड़े शहरों में रहकर वे पत्रकारिता से विभिन्न प्रसिद्ध अखबारों से जुड़े रहे। उर्दू, अरबी, अंग्रेजी भाषा का उन्हें विशेष ज्ञान हासिल रहा। उन्होंने कई किताबें लिखकर वे अमर हो गये। जिंदगी के आखिरी दिनों तक पत्रकारिता से जुड़े रहे। सभी को पत्रकारिता के एक रोशन सितारा के खोने का गम हैं। देश के पहले शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम आजाद के विचारों से काफ़ी प्रेरित रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुतुबुल्लाह का नमाज़ जनाज़ा मदरसा सिराजुल उलूम झण्डा नगर नेपाल के मौलाना खुर्शीद सलफ़ी ने पढ़ाया। मौलाना अब्दुल कय्यूम रहमानी फाउंडेशन के बदरे आलम, पूर्व वाईस चान्सलर लखनऊ प्रोफेसर रूप रेखा वर्मा, आनन्द वर्धन सिंह, राकेश पाठक, वरिष्ठ लेखक प्रोफेसर राम पुनियानी , सिद्धार्थ कलहंस, सुरेन्द्र सिंह चौधरी, अनिल जैन, सगीर खाकसार, मौलाना अब्दुल रशीद सलफ़ी, मोहम्मद इब्राहीम, अकील अहमद उर्फ मुन्नू, अजय कुमार गुप्ता, सरताज आलम ,अब्दुल कुद्दूस, मुस्तन शेरुल्लाह, सलमान हिंदी, परमात्मा प्रसाद उपाध्याय आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया। बढ़नी बाज़ार के गेस्टहाऊस परिसर में पत्रकार अजय प्रताप गुप्त, श्रीवास्तव, चंदालाल, नंदलाल आजाद, शंभूनाथ त्रिपाठी, राजन उपाध्याय, पवन पाठक, पवन यादव, मनोहर लाल,विंध्याचल शुक्ला, अर्जुन यादव, अब्दुल कुद्दश, आजाद फैजी, मुस्तन शेरुल्लाह, सलमान हिंदी, ओजेर खान, राम पाठक, डॉ. दिनेश पांडेय, रवि शुक्ल, रमेश शुक्ल, शैलेंद्र पांडेय, पवन यादव, विकास सिंह, राकेश राज, सुग्रीव यादव, रामानन्द पाण्डेय आदि ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने निगोही शाहजहांपुर मार्ग पर शव रखकर लगाया जाम

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर /जनपद में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर की गई हत्या को लेकर परिजन आक्रोशित हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने शाहजहांपुर निगोही मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर हालांकि पुलिस प्रशासन ने सदर बाजार थाने में दो महिलाओं सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियों में से कई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.वही हत्याकांड से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को भय मुक्त और गुंडो को प्रदेश से बाहर या जेल में भेजने की बात कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ यूपी के शाहजहांपुर जनपद में दिनदहाड़े युवक के हुएं मर्डर से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं.बताया जा रहा है जिस समय युवक का मर्डर किया गया उस समय पास पड़ोस के लोग भाग कर मौके पर आ गए और मर्डर करने वालों को दौड़ाने लगे और युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के समय से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है. आप समझ सकते हैं कि युवक को मारने वाले कितने दबंग और पुलिस से बेखौफ थे जिन्हें किसी कानून और सरकार से कोई डर नहीं लगा.दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड से शाहजहांपुर की पुलिस भी सवालों के घेरे में आ गई है जहां पूर्व में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने क्राइम पर कंट्रोल करने के लिए रात दिन एक कर दिया था,यहां तक एक अपराधी का एनकाउंटर भी हुआ तो वहीं दूसरी तरफ अशोक कुमार मीणा के ट्रांसफर होने के बाद जनपद के हालात वद से बदतर नज़र आ रहे हैं.क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता चला जा रहा है फिर चाहे वह चोरी हो छिनैती हो डकैती हो या रेप,हत्याकांड के मामले हों रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं.इसके पीछे कहीं ना कहीं पुलिसिया तंत्र की नाकामी नजर आ रही है जहां एक तरफ अशोक कुमार मीणा के जमाने में सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक ऑनलाइन जनसुनवाई हुआ करती थी तो आज फरियादियों का पुलिस अधीक्षक से मिलना भी दुश्वार है,जिन्हें घंटों पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर इंतजार करके वापस जाना पड़ता है.वहीं मृतक के परिजनों ने कुछ दबंगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. आज पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने शाहजहांपुर निगोही मार्ग पर मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. इस दौरान एकत्रित भीड़ ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर हंगामा काटा.हालांकि उपरोक्त मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित हुआ जनसुनवाई दिवस

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 07 समस्यायें / शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 02 समस्या का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के

आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता निर्माण एस0के0 अम्बेडकर, लेखा अधिकारी सी0पी0 मौर्य, सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) नरेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

सिद्ध बाबा मंदिर पर अखण्ड रामायण का हुआ पाठ

पिरौना। मंगलवार को वेतवा नदी किनारे सिद्ध बाबा महाराज के मंदिर पर अखण्ड रामायण का पाठ हुआ। यहां पर कई वर्षो से रामायण के अलावा अन्य कार्यक्रम होते रहते है जिसमे क्षेत्रवासियों का सहयोग रहता है यह स्थान हाजीपुर मौजा के पास स्थित है इसमें मुन्ना राजा, पप्पू बाबा, सरमन लल्ला, जसमन्त कुशवाहा, विद्यादित्य, कैलाश वरमज़ भज्जू यादव, हरिशंकर अग्रवाल, राजू फौजी, मंगली व आलोक श्रीवास्तव के साथ समस्त ग्रामवासियों के सहयोग प्राप्त होता हैं।

रुस्तम वर्मा अध्यक्ष, राज सक्सेना बने महामंत्री

खुटार शाहजहांपुर। हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ की एक बैठक खुटार नगर के मां पंथवारी मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री/शाहजहांपुर जिले के प्रभारी कमल दीक्षित ने संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्र की अनुमति से खुटार नगर कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें रुस्तम वर्मा को नगर अध्यक्ष, राज सक्सेना को नगर महामंत्री, हर्ष गुप्ता, आशीष कश्यप, शिवम रस्तोगी को नगर उपाध्यक्ष, वैभव सिंह को नगर कोषाध्यक्ष, शोभित मिश्रा को संगठन मंत्री, प्रखर मिश्रा को मंत्री और लव भदोरिया को सह मंत्री, शशिकांत सूर्यवंशी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रभारी कमल दीक्षित ने गांव रौतापुर निवासी प्रशांत बाजपेई और गांव सीतापुर निवासी ऋषभ पटेल को ब्लॉक कार्यकारिणी में ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सभी मनोनीत पदाधिकारी का संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, विधि सलाहकार निर्भय मिश्र, सह कोषाध्यक्ष शोभित तिवारी, सह मंत्री राजू गुप्ता, ब्लॉक संरक्षक विनोद सिंह ने माला पहनकर उनका स्वागत किया और नए दायित्व की बधाई दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी राज शुक्ला छोटे, आकाश गुप्ता, सुमित सिंह भदोरिया, अवनीश शुक्ला, पवन कुमार, आकाश कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com

कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तिकरण दिवस

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहाँपुर/ दिनांक 03 सिम्बर 2024 अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया, भावलखेड़ा में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा बैंड की धुन पर परेड के साथ जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीएसए दिव्या गुप्ता ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा बैज लगा कर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण के साथ ही मसाल जला कर तथा गुब्बारे उड़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया के दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत मां शारदे पर सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति की। साथ ही अटसलीया कल्चरल प्रोग्राम में छात्राओं ने ''न अबला हूं न मै बेचारी हूं, मैं आज के युग की नारी हूं'' कविता का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्रओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी जिसमें *''लेमन रेस''* ' प्रतियोगिता तथा *''म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता''* को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर शुरू किया। प्रतियोगित में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने मेडल तथा फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया व विजेता बच्चों को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता, पूर्व एएओं पीपी सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिका व अधिक संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।